हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 28.10.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 97 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## केंद्र सरकार झारखंड के धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की मनाएगी 150वीं जयंती : प्रधानमंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 115वें एपिसोड में देश के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से झारखंड का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे जीवन का सबसे खास पल वह था जब मैं भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थान उलीहातू गया था। मोदी ने 15 नवंबर, 2023 के अपने झारखंड के दौरे को याद करते हुए कहा कि उनके जीवन में इस यात्रा का विशेष प्रभाव पड़ा। वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने जो कि भगवान बिरसा मुंडा के गांव गए थे। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह गौरव की बात थी कि उलिहातू की मिट्टी को सिर से लगाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि उस क्षण मैंने न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम की शक्ति महसूस हुई, बल्कि झारखंड की धरती की शक्ति से जुड़ने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री ने इस दौरान सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की 31 अक्टूबर और बिरसा मुंडा की 15 नवंबर से 150वीं जयंती शुरू होगी। प्रधानमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि उनकी सरकार इन दोनों की जयंती को मनाएगी। प्रधानमंत्री ने उनके साहस और दूरदर्शिता का जिक्र किया। साथ ही कहा कि इन दोनों महापुरुषों के सामने अलग-अलग चुनौतियां थीं लेकिन उनका विजन एक ही था, देश की एकता।



### मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को सोहराई पेंटिंग भेंट की



**रांची :** राज्य के हजारीबाग जिले की खास सोहराई पेंटिंग को वैश्विक पहचान मिल गई है। हाल ही में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस के राष्ट्रपति पुतिन को सोहराई पेंटिंग भेंट की थी। हजारीबाग क्षेत्र की स्थानीय कलात्मक परंपराओं की एक सुंदर अभिव्यक्ति सोहराई पेंटिंग को ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) आइटम के रूप में मान्यता हासिल है। सोहराई पेंटिंग प्राकृतिक रंगों और सरल उपकरणों के उपयोग के लिए जानी जाती है। इसके कलाकार जटिल डिजाइन बनाने के लिए अक्सर टहनियों व धान की बालियों से बने ब्रश या उंगलियों का उपयोग करते हैं। वे अपनी सरल लेकिन भावपूर्ण, कहानी कहने की कला के लिए जाने जाते हैं। पशु-पक्षियों एवं प्रकृति का चित्रण जनजातीय संस्कृति में कृषि जीवन शैली और वन्य जीवों के प्रति श्रद्धा का प्रतिबिंब है। सोहराई पेंटिंग पारंपरिक रूप से महिलाओं द्वारा बनाई जाती हैं। खासकर त्योहारों और फसल के मौसम के दौरान। यह कला फसल के प्रति कृतज्ञता का एक रूप है और माना जाता है कि यह आने वाले वर्ष के लिए सौभाग्य लाती है। सोहराई पेंटिंग अक्सर प्रकृति से प्रेरणा लेती हैं, जो यहां पत्तियों, पौधों और जानवरों के उपयोग से स्पष्ट है। मोर को आसपास के तत्वों के साथ मेल-जोल करते हुए चित्रित किया गया है और इसकी मुद्रा एक सुंदर नृत्य को दर्शाती है, जो इस चित्र को सजीव बनाती है। यह प्रचुरता, सुंदरता और समृद्धि का प्रतीक है, जो फसल संबंधी विषयों के अनुरूप है। लताओं एवं पत्तियों जैसे आसपास के प्राकृतिक तत्व उर्वरता एवं धरती के बीच के संबंध को और मजबूत करते हैं।

## एक नजर

### झुग्गियां उजाड़ रही है भाजपा : सिसोदिया

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आआपा) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने रविवार को गांधीनगर की झुग्गी-बस्तियों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पंद्रह दिन में सैंकड़ों झुग्गियों को तोड़ने के लिए भिजवाए गए नोटिस और उससे प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने भरोसा दिया कि किसी भी हालत में अरविंद केजरीवाल और आआपा इन झुग्गियों को टूटने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि ये लोग 80-90 साल से यहां रह रहे हैं, किसी के घर में शादी है, किसी महिला का पति नहीं है, अब ये कहां जाएंगे। भाजपा वालों में इंसानियत नहीं बची है। इन्होंने केजरीवाल को जेल में डाला था ताकि वो गरीबों के लिए ना लड़ पाएं, लेकिन वो बाहर आ गए हैं और गरीबों की लड़ाई लड़ेंगे। केजरीवाल के रहते एक भी झुग्गी नहीं टूटेगी। सिसोदिया ने कहा कि यहां लोगों ने अपनी दो-तीन पीढ़ियां बिताई हैं। कई बच्चे कह रहे हैं आपके स्कूलों में पढ़ते हैं, अब हम कैसे पढ़ेंगे। भाजपा ने इन झुग्गीवालों को 15 दिन में यह इलाका खाली करने का नोटिस दिलवाया है। भाजपा यह नहीं सोचती कि ये गरीब लोग 80-90 साल से यहां रह रहे हैं। अंत में उन्होंने कहा कि हम पूरी शिद्दत से इसके खिलाफ लड़ेंगे और इन झुग्गियों को टूटने नहीं देंगे, यह केजरीवाल का वादा है।

### भारत की प्रगति में महाराष्ट्र की बड़ी हिस्सेदारी : विदेश मंत्री

**मुंबई :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत की प्रगति में महाराष्ट्र की बड़ी हिस्सेदारी है। वैश्विक उद्योग जगत के साथ-साथ विश्व के नेताओं का भारत पर विश्वास बढ़ने से अपने यहां विदेशी निवेश बढ़ रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर रविवार को मुंबई में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में विकसित महाराष्ट्र के संकल्प को पूरा करने के लिए समर्पित और तेजी से काम चल रहा है। महाराष्ट्र का विकास तेजी से होना ही चाहिए। आजादी के बाद उद्योग, तकनीक, हवाई अड्डे, रेलवे परिवहन, खुफिया जानकारी, भौगोलिक सुविधाओं में महाराष्ट्र हमेशा अग्रणी रहा है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में किए गए कार्यों को महाराष्ट्र की डबल इंजन सरकार आम लोगों तक पहुंचा रही है।

### मुंबई के बांद्रा स्टेशन पर मची भगदड़ हादसे में 9 जख्मी

**मुंबई :** मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां बांद्रा रेलवे स्टेशन पर टर्मिनल 9 के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर भारी भीड़ होने के कारण भगदड़ मच गई। इस दौरान कई लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स से मिली जानकारी के मुताबिक, त्योहार के दौरान घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ थी। रात करीब 2 बजे जब बांद्रा रेलवे स्टेशन पर बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन आई, तो लोगों के बीच उसमें चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की शुरू हो गई। यह देख वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण हालात बेकाबू हो गए और भगदड़ मच गई। इस हादसे में कुचलाने से 9 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## हेमंत के प्रस्तावक को अगवा करने का प्रयास बरहेट चुनाव प्रभावित करने की साजिश : सुप्रियो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने रविवार को प्रेस वार्ता कर चुनाव में लगे अधिकारियों पर बड़ा आरोप लगाया है। कहा है कि मुख्यमंत्री के बरहेट से प्रस्तावक मंडल मुर्मू को अगवा करने की कोशिश की गयी। इस बाबत सुप्रियो ने जेएमएम की ओर से मुख्य चुनाव अधिकारी के रवि कुमार, संजय आनंद लाटकर (आईपीएस) और अमोल वेनुकांत होमकर पर आरोप लगाये हैं। तीनों पदाधिकारियों को चुनाव कार्य से अलग करने की मांग की है। सुप्रियो ने झारखंड राज्य में पदस्थापित भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के उच्च पदस्थ अधिकारियों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। कहा है कि इन अफसरों ने चुनावी प्रक्रिया मे हस्तक्षेप करते हुए एक विशेष राजनीतिक दल (भाजपा) के पक्ष में आचार संहिता का उल्लंघन का किया। सुप्रियो ने बताया कि इस बाबत मुख्य निर्वाचन आयुक्त, निर्वाचन आयोग को जेएमएम की ओर से पत्र लिखकर शिकायत की गयी है। सुप्रियो ने बताया कि आज दिनांक 27 अक्टूबर 2024 को अपराह्न लगभग 1 बजे गिरिडीह पुलिस द्वारा वाहन जांच के क्रम मे एक वाहन को रोका गया। इसमें कई व्यक्तियों के साथ मंडल मुर्मू जो साहेबगंज जिले के 03 बरहेट (अ.ज.जा) के प्रत्याशी हेमंत सोरेन के प्रस्तावक भी हैं, को रोका गया। उनसे उनके गंतव्य के बारे मे पूछा गया। वाहन में सवार यात्रियों द्वारा कोई उत्तर ना दिए जाने के कारण वाहन को गिरिडीह पुलिस ने रोक लिया। कहा कि राज्य मुख्य चुनाव अधिकारी रवि कुमार (आईएएस), संजय आनंद लाटकर (आईपीएस) और अमोल वेनुकांत होमकर के द्वारा अपने पद का दुरुपयोग किया गया। गिरिडीह जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पर अनावश्यक दबाव बनाया गया। इस खबर के फैलने के बाद गिरिडीह पुलिस के संरक्षण में सभी यात्रियों को आनन-फानन में मुक्त कर दिया गया। सुप्रियो ने आगे कहा कि ये एक अति चिंतनीय एवं गंभीर है। संपूर्ण तथ्यों की निष्पक्ष एवं गहनता से जांच कर इन पदाधिकारीयों के कार्यों की समीक्षा होनी चाहिये। कहा कि तत्काल प्रभाव से उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया से अलग कर देना चाहिये। सुप्रियो ने कहा कि वर्तमान में हेमंत सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री भी हैं और हमारी पार्टी के स्टार प्रचारक भी हैं। कहा, सोरेन के नामांकन को प्रभावित करने के लिए उनके प्रस्तावक मंडल मुर्मू को जिस प्रकार प्रभावित किया गया। यह एक अपराधिक साजिश के साथ साथ आदर्श आचार संहिता का भी उल्लंघन है। सुप्रियो ने इस संबंध में चुनाव आयुक्त से आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।




## पंजाब पुलिस ने पांच सौ करोड़ की हेरोइन के साथ दो को किया गिरफ्तार


एजेंसी

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने सीमा पार से जुड़े ड्रग तस्करों का पदार्फाश करते हुए दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 105 किलो हेरोइन समेत भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार सुबह अपने सोशल मीडिया अकांउट एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने अमृतसर के बाबा बकाला कस्बे से दो ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से करीब 105 किलो हेरोइन, 31.93 किलो कैफीन, 17 किलो डीएमआर, 5 विदेशी पिस्तौल और 1 देसी पिस्तौल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नवजोत सिंह और लवप्रीत कुमार के रूप में हुई है। आरोपितों का सरगना नवप्रीत सिंह उर्फ भुल्लर विदेश से यह नेटवर्क को चला रहा था। डीजीपी ने बताया कि उक्त सभी खेप सीमा पार पाकिस्तान से आई थी। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 500 करोड़ रुपए से ज्यादा है। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने बताया कि अमृतसर स्टेट स्पेशल ऑपरेशन यूनिट में उक्त एफआईआर दर्ज की गई है। बीते दिनों पुलिस द्वारा एक खेप पकड़ी गई थी, उक्त आरोपितों की पूछताछ में इस रिकवरी की इनपुट मिली थी। पुलिस पिछले काफी समय से उक्त एरिया में ट्रैप और रेकी कर रही थी। नशे की यह खेप जलमार्ग के जरिए पंजाब तक पहुंचायी गयी है। इस खेप के साथ टायरों की बड़ी रबर ट्यूब भी बरामद की गई है, जिससे संकेत मिलता है कि जलमार्गों के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती है।

## फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी देनेवालों की हवाई यात्रा पर लगेगी रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार उड़ानों को बम से उड़ाने की झूठी धमकी देने वालों के खिलाफ कदम उठा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने यह बयान शाखापत्तनम-विजयवाड़ा के बीच दो नई उड़ानों का उद्घाटन करने के बाद दिया। नायडू ने मीडियाकर्मियों से कहा कि इन झूठी धमकियों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, कानून प्रवर्तन संगठनों और खुफिया ब्यूरो की मदद ली जा रही है। साथ ही केंद्र सरकार नागरिक उड्डयन के दो कानूनों में संशोधन करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस तरह हरकतें कर रहे हैं, उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी और उन पर जुमार्ना भी लगाया जाएगा। हम ऐसे व्यक्तियों को उड़ान भरने से रोकने के लिए योजना बना रहे हैं। हम इसके बारे में जल्द घोषणा करेंगे। विमानन मंत्री ने बताया कि तेरह दिन के भीतर शनिवार तक तीन सौ से अधिक भारतीय उड़ानों को झूठ बम की धमकियो का सामना करना पड़ा है। अधिकांश धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन झूठी धमकियों की गंभीरता से जांच की जा रही है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की ओर से सहयोग की जरूरत है।



## अमित शाह ने ममता सरकार पर लगाया राज्य-प्रायोजित घुसपैठ का आरोप, महिला सुरक्षा पर साधा निशाना

एजेंसी

**कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार पर राज्य-प्रायोजित घुसपैठ और भ्रष्टाचारियों में संलिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में महिलाओं पर हुए हमलों और आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना राज्य में महिलाओं की सुरक्षा की खस्ता हालत को दर्शाती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने यह आरोप आज पश्चिम बंगाल में भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं के साथ हो रही घटनाएं और बढ़ते अपराध राज्य की कानून व्यवस्था की बदतर स्थिति को बताती हैं। शाह ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरूआत करते हुए राज्य से एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने कहा कि 2026 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सरकार का चुनाव करना और दो-तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में आना ही राज्य में भ्रष्टाचार और घुसपैठ की समस्याओं का समाधान कर सकता है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे राज्य में अपनी ताकत को कम न समझें। उन्होंने कहा, ममता दीदी को यह नहीं सोचना चाहिए कि हम पश्चिम बंगाल में कुछ सीटें पाने के बाद खाली बैठे हैं। दरअसल भाजपा का लक्ष्य पश्चिम बंगाल से 30 से अधिक लोकसभा सीटें जीतने का था, लेकिन उसे 12 सीटें ही मिल पाईं, जो 2019 से छह सीटें कम थीं। पश्चिम बंगाल में कुल 42 लोकसभा सीटें हैं। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए शाह ने संदेशखाली और आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हाल की घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये घटनाएं बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के अभाव को प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा, हमारी माताएं और बहनें बंगाल में सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया। अमित शाह का यह दौरा लोकसभा चुनावों और आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद पश्चिम बंगाल का पहला दौरा था।



## तीन आपराधिक कानूनों में बदलाव औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने वाली महत्वपूर्ण घटना : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**जयपुर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि दंड विधान से न्याय विधान की यात्रा औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति का मार्ग है। लंबे समय की मांग के बाद अंग्रेजों द्वारा बनाए गए तीन आपराधिक कानूनों को निरस्त किया गया है जोकि नए वकीलों के लिए एक वरदान हैं। उन्होंने इस परिवर्तन को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने वाली एक महत्वपूर्ण घटना बताया। भारतीय न्याय संहिता सहित तीन कानूनों के पारित होते समय राज्यसभा के सभापति के रूप में स्वयं की उपस्थिति के अनुभवों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक बहुत शक्तिशाली समिति ने इन कानूनों के प्रत्येक प्रावधान पर विचार किया। उन्होंने सरकार ने इस बदलाव में गहराई से जांच की है तथा तकनीक की मदद से प्रत्येक प्रावधान की पृष्ठभूमि को बारीकी से देखा गया है। उपराष्ट्रपति धनखड़ रविवार को जयपुर में एआईआर पुस्तकालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योगपति एवं कॉर्पोरेट समूहों को अन्य संस्थानों को प्रदान की जाने वाली सहायता की तर्ज पर न्यायपालिका के कार्यान्वयन में भी सहायता प्रदान करनी चाहिए। कॉर्पोरेट्स के पास सीएसआर फंड है और उनको लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए। न्यायपालिका हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। इसमें सबार्डिनेट (अधीनस्थ) शब्द की कोई जगह नहीं है। कोई भी न्यायालय सबोर्डिनेट नहीं, इसमें बदलाव होना चाहिए। उन्होंने न्यायपालिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जब मजिस्ट्रेट या जिला जज फैसला लिखता है तो उनके मन में एक शंका रहती है कि मेरे फैसले पर क्या टिप्पणी होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी को इनके प्रति सहानुभूति रखनी चाहिए। देश में जिला न्यायालयों, वहां कार्यरत वकीलों एवं आम आदमी की न्याय प्राप्ति पर उन्होंने कहा कि यदि हमें न्याय प्राप्ति को सस्ता और सुलभ बनाना है तो हमें लोगों को गुणवत्तापूर्ण न्याय देना होगा। आइए, हम अपने जिला न्यायालयों, हमारे मजिस्ट्रेट, हमारे जिला न्यायाधीशों, हमारे युवा वकीलों पर प्रमुखता से ध्यान केंद्रित करें, जिला न्यायालय में वकील बहुत ही चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं।



## इरफान ने अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर मेरा अपमान किया है : सीता सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जामताड़ा :** जामताड़ा में बीजेपी प्रत्याशी सीता सोरेन ने प्रेस वार्ता कर कहा कि विधायक इरफान अंसारी मेरे बारे में कई अनाप-शनाप टिप्पणी कर रहे हैं। कभी कह रहे हैं कि हम ओडिशा से आए हैं और झारखंड में क्या कर रहे हैं। उनको तो यह भी बताना चाहिए कि उनके केंद्र में नेतृत्व करने वाली कांग्रेस की आला कमान सोनिया गांधी कहां से आई हैं। उन्होंने आरोप लगया कि नॉमिनेशन के ठीक बाद इरफान अंसारी ने अभद्र टिप्पणी करके सारी हदों को पार कर दिया है। उन्होंने टिप्पणी कर हमारी भावनाओं को ठेस पहुंचायी। इससे हमारे सभी आदिवासी महिला वर्गों में रोष है। वो महिलाओं को हमेशा अपमानित करते रहते हैं। यह सब मुझे जानकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्राप्त हुई है। उन्होंने आगे कहा कि इरफान अंसारी ने अमर्यादित भाषा से मेरा अपमान किया है। उनको नहीं पता कि मैं किसी घर से ताल्लुक रखती हूं, मैं किनकी पत्नी हूं मैं किनकी पुत्रवधू हूं। हमारे ससुर जी शिबू सोरेन ने जामताड़ा की धरती से ही आंदोलन की शुरूआत की थी। हमारे पति ने भी यहीं से आंदोलन शुरू किया था। उसके बाद झारखंड राज्य बिहार से अलग होकर नया राज्य बना। उनके इस बयान के बाद हम उन्हें माफ नहीं करने वाले हैं।

# विधानसभा में परिवर्तन की लहर जनता में उत्साह का माहौल : मनोज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पदमा :** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रत्याशी और पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। 27 अक्टूबर को लगातार हो रही झमाझम बारिश के बीच, श्री यादव ने पदमा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने महकोल, बिहारी, तिलिर, करमा, और सूजी सहित अन्य गांवों में जाकर लोगों से मुलाकात की और अपने पक्ष में समर्थन मांगा। बारिश की परवाह किए बिना यादव ने कई ग्रामीणों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया, उनके सवालों का जवाब दिया और आगामी चुनावों में भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया।



**यादव की प्रतिबद्धता और जनता से जुड़ाव पर जोर**

लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने कहा, भले ही पिछला चुनाव मैंने हारा था, लेकिन मैं अपने लोगों से कभी दूर नहीं हुआ। मैंने हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहने की कोशिश की है और अपनी सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ी है। मुझे कभी एहसास नहीं हुआ कि मैं चुनाव हारा हूँ, क्योंकि जनता के बीच मैं हमेशा रहा हूँ। श्री यादव ने यह भी कहा कि बरही के लोगों में अब भाजपा के प्रति जबरदस्त उत्साह है और इस बार उन्होंने दृढ़ निश्चय कर लिया है कि बरही विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का कमल खिलाना है। उनकी मानें तो बरही में बदलाव की लहर है और जनता ने परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं।

**भाजपा का विजन और विकास का वादा**

मनोज यादव ने अपने संबोधन में भाजपा के विकासोन्मुखी दृष्टिकोण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर इस बार जनता भाजपा को मौका देती है, तो क्षेत्र में विकास की एक नई लहर शुरू होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा के नेतृत्व में बरही का समग्र विकास होगा और सभी वर्गों का उत्थान सुनिश्चित किया जाएगा। मनोज यादव ने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो हर नागरिक के सुख-दुख में साथ खड़ी रहती है और क्षेत्र के हर व्यक्ति की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहती है।

**युवाओं के लिए रोजगार और विकास का मुद्दा प्रमुख**

मनोज यादव ने अपने भाषण में युवाओं के भविष्य और रोजगार के मुद्दे पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता पाना नहीं, बल्कि क्षेत्र के युवाओं को एक उज्जवल भविष्य देना है। उनका वादा है कि वे स्थानीय युवाओं के लिए सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएंगे।

## एक नजर

### यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के छात्रों ने धूमधाम से मनायी फेयरवेल और फ्रेशर्स पार्टी

**हजारीबाग** : विधि महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन एवं स्वागत समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम लॉ कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों द्वारा डॉल्फि नोस रिसोर्ट में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने एक-दूसरे के साथ बिताए पलों को याद किया और जीवन में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्या रश्मि प्रधान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन आपके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। आप सभी ने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ पढ़ाई की है और अब समय आ गया है कि आप अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करें। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए, एक अच्छे वकील और जिम्मेदार नागरिक बनें। लक्ष्मी सिंह ने अपने संबोधन कहा यह एक भावुक पल जिसमे हम छात्रों को विदा कर रहे है साथ ही खुशी भी है की हम नए छात्रों को वेलकम कर रहे है ।

### बरही विधानसभा के लोग मत के रूप में दें अपना आशीर्वाद : साबी देवी

**बरही** : बरही प्रखंड के केदारुत के कजरा, खैरौन एवं गोरियाकर्मा में कांग्रेस पार्टी की ओर से बरही विधानसभा सीट के प्रत्याशी अरुण साहू के समर्थन में प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में माता साबी देवी ने गांव में जाकर ग्रामीणों से मिलकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उनका उद्देश्य था कि क्षेत्र के लोग कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू को समर्थन देकर एक मजबूत और विकसित बरही का निर्माण करें। माता साबी देवी ने ग्रामीणों को कांग्रेस की विचारधारा और अरुण साहू के विकास के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अरुण साहू की जीत से बरही क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है, साथ ही कांग्रेस के कार्यकताओं का भी सहयोग प्राप्त होगा, जो क्षेत्र की समस्याओं को हल करने में सहायक होगा। इस प्रचार अभियान के दौरान माता साबी देवी ने लोगों को यह भी बताया कि कांग्रेस पार्टी गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि अरुण साहू जीतते हैं, तो क्षेत्र के लोगों के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास, तथा सड़कों और जल संसाधनों को बेहतर बनाने जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। मौके पर उनके समर्थक व ग्रामीण मौजूद थे।

### अंतर जिला बैंड प्रतियोगिता में चार विद्यालय हुए शामिल

**बरही** : शनिवार को डायट हजारीबाग में खेलो झारखंड अंतर्गत जिला स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विष्णुगढ़, चरही, इचाक और पदमा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन और जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में केजीबीबी की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक बैंड की धुन बजाकर अपनी गुणवत्ता दिखाने का प्रयास किया। इस रोमांचक प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पदमा की छात्राओं ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विष्णुगढ़ की छात्राओं से मात्र एक प्वाइंट की बढ़त लेते हुए विजेता बनी। वही केजीबीवी विष्णुगढ़ को उपविजेता घोषित किया गया। विजेता टीम को डीईओ और डीएसई ने संयुक्त रूप से विद्यालय के वार्डेन के साथ ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## लोहे के पाइप से पीटकर महिला की हत्या



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के ओरपरता गांव में शनिवार देर रात को एक महिला की उसके पति द्वारा लोहे के पाइप से पीटकर हत्या कर दी गई। यह घटना शनिवार रात की है, जब हेमा यादव पति अमित कुमार यादव, पिता रामचन्द्र यादव निवासी ओरपरता थाना बरही की बुरी तरह मारपीट कर हत्या कर दी गई। रविवार को हजारीबाग सदर अस्पताल में मृतका का पोस्टमार्टम कराया गया और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता जागेश्वर यादव केदारूत निवासी ने रविवार को बरही थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उनकी बेटी हेमा यादव को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि हेमा का विवाह 2009 में अमित कुमार यादव से हुआ था और शादी के बाद हेमा के दो बेटे हुए। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी अक्सर उनसे अपनी प्रताड़ना की बात साझा करती थी और परिवार में इसे लेकर समझौते भी हुए थे। लेकिन अचानक 27 अक्टूबर की रात, हेमा पर ससुराल पक्ष के सदस्यों द्वारा हमला किया गया और लोहे के पाइप से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी गई ।शिकायत में हेमा के पति अमित कुमार यादव (37 वर्ष), उनके परिवार के अन्य सदस्यों महेश यादव (45 वर्ष), अशोक यादव (40 वर्ष), अनिल यादव (30 वर्ष), रामचन्द्र यादव (64 वर्ष), मीना देवी (40 वर्ष), निशु यादव (36 वर्ष) और चिन्ता देवी (60 वर्ष) पर हत्या का आरोप लगाया गया है। सभी आरोपी ओरपरता गांव के निवासी हैं। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि इन सभी ने मिलकर उनकी बेटी की हत्या की है।

## कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में किया जनसंपर्क

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : बड़कागांव विधानसभा महागठबंधन प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने अपने दिनचर्या में पूजा करने के पश्चात जनसंपर्क अभियान प्रारंभ किया। महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने आशीर्वाद यात्रा के दौरान बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी प्रखण्ड के गर्री कलां से डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की उसके बाद देवरीया खुर्द, कलां, पांडेपुरा खुर्द कलां, बारियातु , गुरगुटीया, कंडाबेर , होते बेलतु पहरा जमीरा पगार पचड़ा, सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया जहां क्षेत्र के लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी का अभिवादन किया और एक स्वर में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। वही आशीर्वाद यात्रा के दौरान लोगों का आशीर्वाद लेते हुए अंबा प्रसाद ने कहा कि मैं क्षेत्र के लोगों के सुख दुःख का साथी रहा हूँ और यह निरंतर रहेगा आपका प्यार और आशीर्वाद हर पल मुझे राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है आगे उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में 13 नवम्बर को हाथ के निशान के पक्ष में मतदान कर मुझे अपना बहुमूल्य आशीर्वाद दें। आशीर्वाद यात्रा के दौरान लोगों का अपार समर्थन मिल रहा हैं। वही संबोधित करते हुए अंबा प्रसाद ने कहा राज्य में फिर से इंडिया महा गठबन्धन की सरकार बनाने जा रही है आशीर्वाद यात्रा के दौरान बारियातु के हरदयाल साव ने कहा कि वर्तमान में हेमंत सोरेन की सरकार है और घर की बेटी अंबा हैं। उसे विधायक ही नही मंत्री बनना हैं। तो हम सब को मिल कर अंबा को जितना होगा। बिजली माफी, केसीसी ऋण माफी, मंईया योजना से कई गरीब के घर चल रहा हैं। एक मुश्त हो कर दूसरी बार अंबा के पक्ष में आने वाला 13 नवम्बर को जात ने पात देख कर हाथ के बटन मे दबा कर अंबा को हाथ को मजबूत करना हैं। इस दौरान इंडिया महागठबंधन के जेएमएम कांग्रेस दल के सैकेडों पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे।



## इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह के नेतृत्व में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग विधानसभा सीट से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने आज सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। सैकड़ों कार्यकताओं और समर्थकों के साथ उन्होंने हथियारी मोड़, मोरांगी, डेमोटांड, हुपाद, कल्लू चौक, बकसपुरा, बभनबै, सलईया, भेलवारा, चपवा, सिंदूर चौक, करकरी, प्रेम नगर, सियारी रोड, ढोटवा मोहल्ला, बजरंग बली मंदिर, दुर्गा मंडप, बेलघाट शिव मंदिर, अम्बेडकर चौक और नगवा गांव सहित कई अन्य स्थानों का दौरा किया। इस अभियान के दौरान मुन्ना सिंह ने स्थानीय निवासियों से जनसंवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं और जरूरतों को नजदीक से समझा। अभियान में हर आयु वर्ग के लोग, विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं, बड़ी संख्या में जुड़ते गए। मुन्ना सिंह ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ पार्टी के लिए नहीं, बल्कि हजारीबाग की जनता के विकास और बेहतरी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन देकर क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दें। इस जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान हजारीबाग कांग्रेस के महासचिव विनोद कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा की प्रदेश महासचिव रेणु देवी, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कमल राज, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, राजद जिलाध्यक्ष चरका यादव, कांग्रेस सदर प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, सदर प्रखंड उप प्रमुख रविकांत सिंह, पौंता पंचायत के मुखिया लाल धारी राम, बैहरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव, हरहद पंचायत के पूर्व मुखिया इद्रिश, बबलू मेहता, उषा देवी, मंजू देवी, और मोहम्मद बदरुद्दीन सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## भाजपा प्रत्याशी ने आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से सदर पश्चिमी मंडल में किया दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग सदर विधानसभा के सदर पश्चिमी मंडल के मासीपीढी, मुकुन्दगंज, हरहद, दोनो रेशाम, हुपाद, गणेशीटाँड, सुंदरपूर, बभनबै, बोचों, बभनी, सलैया,भेलवारा, डेमोटाँड, तुम्बा, मोरांगी, हत्यारी सहित दर्जनों गाँवों मे अशीर्वाद यात्रा के माध्यम से हजारीबाग सदर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने 13 नवंबर को कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा सरकार बनानें की अपील किया। उन्होनें कहा कि इंडी गठबधंन सरकार से त्रस्त प्रदेश की जनता भी सुशासन की स्थापन के लिए भाजपा सरकार बनानें के लिए संकल्पित दिखाई दी। सदर पश्चिमी मंडल के मेरे सभी परिवारजनों को उनके अपार स्नेह और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करता हूं। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित सिन्हा ने कहा कि इस बार जनता पूरा मन बना चूकी है कि पूरें प्रदेश मे कमल खिलेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता टौनी जैन नें भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद कों जितानें का अपील किया। इस आशीर्वाद यात्रा में पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, विजय साहु, छोटेलाल साहु, शंभु प्रसाद , पूर्व मुखिया चौधरी साव, कृष्णा कुमार, अनमोल साव,पूर्व जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, लाखपति साव, मंटू कुमार, पिन्टु साहु, पूर्व मुखिया, प्रयाग राम, मुखिया सिहं सहित सैकेडो संख्या मे लोग उपस्थित थे।



## दर्जनों युवाओं ने ग्रहण की समाजवादी पार्टी की सदस्यता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** विधायक उमाशंकर अकेला का समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से समर्थकों में खुशी की लहर है। विधायक उमाशंकर अकेला को पुनः जीत दिलाने के मिशन पर जुट गए हैं। अधिक से अधिक लोगों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने का प्रयास हो रहा है। इसी क्रम में रविवार को दनुवा के मोनू अख्तर के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मो० तौकीर, मो० आकिब, मो० आमिर, मो० ताबिश, मो० जबार , मो० जशिम, मो० आलम, निशार, सेराज, अरबाज, असनैन, मुन्ना, इदरीश खान, पप्पू खान, बबलू, शमीम , नाशिम सहित अन्य शामिल हैं। सभी विधायक पुत्र सह जिप सदस्य रविशंकर अकेला ने सपा का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। सपा में शामिल होते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के बरही में मजबूती के लिए हम सभी काम करेंगे और विधानसभा चुनाव में पुनः उमाशंकर अकेला को जीत दिलाएंगे। मोनू अख्तर ने कहा कि विधायक अकेला का पांच वर्षो का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। विधायक अकेला ने क्षेत्र में विकास की एक बड़ी लकीर खींची है। इसी से प्रभावित होकर कांग्रेस छोड़ समाजवादी पार्टी में जुड़ा हूँ।



## संक्षिप्त खबरें

### नेता नहीं बेटा बनकर जनता की करूंगा सेवा : अरुण साहू



**चौपारण** : बरही विधानसभा में चुनावी सरगर्मी बढ़ती जा रही है। प्रत्याशीयों से लेकर कार्यकताओं तक अपने पार्टी के जीत दिलाने में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने प्रखण्ड के दर्जनों गांवों में भ्रमण कर लोगों से समर्थन मांगा। शनिवार को कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू प्रखण्ड के पाण्डेयबारा, जगदीशपुर, इंगुनिया, बनऊ, बेला, रुपिन, मध्यगोपाली, चयकला, कसियाडीह, बारा, झापा और अमरौल सहित अन्य गांवों का दौरा किया। इस दौरान लोगों से मिलकर कांग्रेस पार्टी में वोट देने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि बरही कांग्रेस पार्टी ने जिस विश्वास के साथ बरही की जनता की सेवा के लिए मुझे उम्मदीवार बनाकर भेजा है, उसे टूटने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी स्व तिलेश्वर साहू बिना किसी पद, लोभ लालच के यहां के जनता का सेवा कर रहे थे पर कुछ लोगों को उनका यहां विकास करना रास नहीं आया और उनकी हत्या करवा दी। उनके अधूरे कामों को पूरा करने का एक मौका हमें दें। मैं विश्वास दिलाता हूं कि नेता नहीं आपका बेटा बनकर आपकी हर सुख दु:ख में मदद करूंगा।

### रौशन लाल चौधरी ने चेपाकला में किया जनसंपर्क, मांगा समर्थन



**बड़कागांव** : चेपाकला पंचायत के ग्राम जुगरा में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के जनसंपर्क अभियान के दौरान पूर्व पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी के द्वारा भारतीय संविधान देकर सम्मानित किया गया । साथ ही साथ इनकी विजयी के लिए कामना किया गया। समर्थकों ने कहा कि इस बार परिवर्तन की लहर है, रोशन लाल चौधरी निश्चित ही बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से विजय पताका फहराएंगे और झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। मौके पर मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, इंद्र भूषण,भाजपा नेता पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम, लखन साव,तुलेश्वर महतो, अमरजीत रविदास, प्रदीप राम, चिरंजीव शेखर, जानकी रविदास,मुकेश साव, करण शेखर,राजेश तूरी,एवम सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

### विधानसभा चुनाव को लेकर बरही पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**बरही** : आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए बरही पुलिस ने सुरक्षा का कड़ा बंदोबस्त किया है। इसी क्रम में बरही पुलिस ने बुधवार को थाना परिसर से क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य चुनाव से पहले क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और जनता में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना है। बरही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने मुख्य सड़कों और बाजारों में पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य चुनावी माहौल में कानून व्यवस्था को लेकर जनता को आश्वस्त करना और असामाजिक तत्वों पर लगाम कसना है ।फ्लैग मार्च में पुलिस बल के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों के जवान भी शामिल थे, जिससे सुरक्षा का माहौल और मजबूत हुआ। पुलिस ने क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने और चुनाव के दौरान हर स्थिति पर कड़ी नजर रखने का आशवासन दिया है। मौके पर एसआई नागेंद्र पांडेय समेत अन्य पुलिस के पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

### एसपी ने बूथों का किया निरीक्षण, मतदान को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक



**बड़कागांव** : विधानसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार ने बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत के विभिन्न बूथों का दौरा कर निरीक्षण किया ।एसपी अरविंद कुमार ने मुख्य रूप से बड़कागांव प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुदी बूथ संख्या 156 एवं 157 का निरीक्षण किया। तत्पश्चात मतदान की जागरूकता को लेकर कांडतरी पंचायत अंतर्गत के महुदी टोला सतबहिया में बिरहोर मतदाताओं से मिलकर उन्हें जागरूक किया और कहा कि वोट आपका जन्म सिद्ध अधिकार है आप सभी किसी के कहने या लोभ लालच में आकर मतदान नहीं करें ।आप सभी लोग स्वेच्छा से जिसे चाहे उसे मतदान करें ।इस दरमियान उन्होंने बिरहोर परिवार के बीच बिस्किट , टॉफी मुरही सहित कई खाने की सामग्री का वितरण किया। जिसे पाकर ग्रामीण महिला पुरुष व बच्चे काफी खुश थे। मौके पर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार , पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार , थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल, पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद , पंसस रंजीत कुमार चौबे , शमशेर आलम , वार्ड सदस्य अनिल बिरहोर, सुरेंद्र कुमार, मोहित कुमार , राजकुमार राणा, अफतर हुसैन सहित दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

# सीता सोरेन का अपमान झामुमो सरकार की महिला विरोधी मानसिकता का परिचायक : शिवराज सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी के सीता सोरेन पर विवादित बयान को लेकर भाजपा आक्रामक है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि झारखंड में बहन सीता सोरेन का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन भाजपा की सम्मानित नेता हैं और उनका अपमान झामुमो सरकार की महिला-विरोधी रवैये को उजागर करता है। गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सीता सोरेन स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी, शिबू सोरेन की बहू और हेमंत सोरेन की भाभी हैं लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन हैं, उसी सरकार का एक मंत्री उनकी भाभी का अपमान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में भाभी को मां का दर्जा दिया गया है। रामायण का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब सीता का अपमान हुआ था तब लंका जली थी और रावण का अंत हुआ था लेकिन झारखंड में हर दिन सीता का अपमान हो रहा है। चौहान ने कहा कि यदि हेमंत सोरेन में जरा भी शर्म है, तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए लेकिन हेमंत सोरेन चुप बैठे हैं। यदि वह भाभी मां के सम्मान की रक्षा नहीं कर सकते तो झारखंड की मां, बहन और बेटियों की रक्षा कैसे करेंगे? ऐसे व्यक्ति को पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है। शिवराज ने मन की बात कार्यक्रम को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइबर क्राइम के खिलाफ तथ्य खा, ताकि जनता साइबर क्राइम से बच सके। कई बार भोले-भाले लोग ठगे जाते हैं।

## हार देखकर अधिकारियों पर बेबुनियाद आरोप लगा रहा झामुमो : प्रतुल शाहदेव

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अपनी निश्चित हार को देखकर झामुमो इतनी बदहवास हो गई कि वह अब बहानों की श्रृंखला बना रही है। प्रतुल ने कहा कि आदतन हर बात के लिए जांच एजेंसियों को विपक्ष आरोप लगाता है लेकिन वो यह भूल जाती हैं कि ईडी ने एनडीए के शासनकाल में अब तक 1,30,000 करोड़ से ज्यादा की अवैध संपत्ति और राशि को जब्त किया है। प्रतुल ने कहा कि राज्य के मुख्य निवार्ची पदाधिकारी पर आरोप लगाना घटिया राजनीतिक मानसिकता का परिचायक है। अभी चुनाव प्रचार पूरे तरीके से प्रारंभ भी नहीं हुआ और झामुमो के आरोपों की झड़ी शुरू हो गई। झारखंड मुक्ति मोर्चा यह सब दबाव के राजनीति के तहत कर रही है लेकिन चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम करने के लिए जाना जाता है। प्रतुल ने कहा कि विडंबना देखिए कि इन्हीं की सरकार में ऊंचे पदों पर बैठे ईमानदार पदाधिकारी पर आरोप लगाकर अपनी विकृत सोच को दिखा रहे हैं।

# समाज को बांट कर चुनावी आतंकवाद कर रही भाजपा : कांग्रेस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि भाजपा ने झारखंड में ₹चुनावी आतंकवाद₹ की शुरूआत कर दी है और इसी के सहारे चुनावी वैतरणी पार करना चाहती है। बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलट वार करते शांति ने रविवार को कहा कि जब-जब देश के किसी राज्य में चुनाव होता है। भाजपा इसी ₹चुनावी आतंकवाद₹ का प्रयोग रक्षात्मक हथियार के रूप में करती है। इसमें धर्म, छल, प्रपंच, घुसपैठ, नफरती भाषण, धनबल, झूठा प्रोपेगेंडा, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग का बारूदी मसाला भरा हुआ रहता है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर चुनाव में इस शस्त्र का प्रयोग समाज को विभक्त कर दो धुरी में बांटने का प्रयास करती है ताकि इसका फायदा उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि विगत कई माह से भाजपा महागठबंधन सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के खिलाफ मुद्दों को योजनाबद्ध तरीके से फैलाने में लगी थी लेकिन इसमें फेल होने पर सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से अपने एजेंडे को खाद पानी देकर उसे फैलाने की कोशिश भाजपा नेता कर रहे हैं। भाजपा ने अपने इस एजेंडे के लिए संथाल परगना क्षेत्र को मुफीद जगह माना है,यही कारण है कि चुनाव में जीत हासिल करने के लिए संथाल परगना को भाजपा ने विशेष रूप से लक्ष्य बनाया है और वहां के मतदाताओं के बीच सामुदायिक विभेद पैदा करने की मुहिम चला रही है।आदिवासी मुस्लिम के बीच घुसपैठ के मुद्दे पर जब हिमंता बिस्वा सरमा और बाबूलाल मरांडी को मुंह की खानी पड़ी तो अब महिला सम्मान के नाम पर महिलाओं को बरगलाने की जा रही है। भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे जब एक चुनी हुई महिला जनप्रतिनिधि के संबंध में नगरवधू जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं तब बाबूलाल मरांडी के मुंह से महिला सम्मान के लिए कोई आवाज नहीं निकलती। पूरे देश में भाजपा शासित राज्य में महिला अत्याचारों के आंकड़ों से स्पष्ट है कि महिला आत्मसम्मान भाजपा के लिए सिर्फ चुनावी मुद्दे हैं। महागठबंधन सरकार के एजेंडे में महिला सम्मान की रक्षा और आर्थिक सुदृढ़ीकरण प्राथमिकता है। मईंया सम्मान योजना से हतप्रभ भाजपा महिलाओं को अपने पाले में करने के लिए कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी को मोहरा बना रही है।

# राज्य के मरीजों को अब हाइटेक सुविधा मिलेगी, 132 करोड़ रुपये आवंटित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राज्य के मरीजों को अब हाईटेक सुविधा मिलेगी। इसके तहत राज्य के हॉस्पिटल में लेटेस्ट एमआरआई और सिटी स्कैन मशीन लगाई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 132 करोड़ रुपये आवंटित कर दिए गए हैं। एक थ्री टेसला एमआरआई मशीन की लागत 17 करोड़ रुपये होगी जबकि 256 स्लाइस वाले एक सिटी स्कैन वाली मशीन की कीमत पांच करोड़ रुपये होगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वर्तमान समय के चिकित्सा प्रणाली में एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन की उपयोगिता अहम हो गई है। मशीनों की खरीद टेंडर के जरीए की जाएगी। संस्थान के प्राचार्य, अधीक्षक, सिविल सर्जन द्वारा क्रय किए गए मशीन उपकरण, उपस्कर आदि के संचालन, सुरक्षा एवं रख-रखाव की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इन अस्पतालों में लगेगी सिटी स्टैन और एमआरआई मशीन सदर अस्पताल, रांची। एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर। शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, धनबाद। शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय, हजारीबाग। फूलो-झानो चिकित्सा महाविद्यालय, दुमका। मेदिनी राय चिकित्सा महाविद्यालय।

# राज्यपाल से कुलपति सहित अन्य लोगों ने की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल और कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से रविवार को राजभवन में रांची डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य सहित अन्य ने भेंट की। साथ ही राज्यपाल को कुलपति ने विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। दूसरी ओर, राज्यपाल से रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने भेंट की तथा राज्यपाल को विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया। राज्यपाल से पंकज कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सद्गुरु अपना घर ट्रस्ट के एक शिष्टमंडल ने शिष्टाचार भेंट की और संस्था की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही राज्यपाल से राजभवन में रांची आईसीएआई इंस्टीट्यूट चैप्टर के एक शिष्टमंडल ने भेंट की तथा संस्था की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इसके अलावा राज्यपाल से रांची झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) डी.के. सिंह ने भेंट की तथा राज्यपाल को विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

# इरफान अंसारी को तत्काल मंत्रिमंडल से हटाएं हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को कहा कि अपने 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई बातें बताई हैं। इस क्रम में दो महापुरुषों का जिक्र किया है। इनमें एक सरदार वल्लभभाई पटेल और दूसरे भगवान बिरसा मुंडा हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उस दिन दिवाली भी है। इस बार सरदार पटेल की जयंती को और धूमधाम से मानना है। मरांडी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है। उनकी भी 150वीं जयंती प्रारंभ हो रही है। उसको भी पूरा देश में धूमधाम से मानना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में आज की जो जरूरत भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनाने की है, ताकि झारखंड को हम सब बचा सकें। इसलिए झारखंड की तमाम जनता से अपील करते है कि झारखंड को बचाने के लिए वे भारतीय जनता पार्टी को वोट करें। मरांडी ने कहा कि यह तो बिल्कुल स्पष्ट हो चुका है कि हेमंत सोरेन लाचार और विवश हैं। वोट की खातिर वे किसी भी हद तक गिर सकते हैं। पार्टी भले अलग हो लेकिन सीता सोरेन उनकी भाभी हैं। उनके आंदोलनकारी भाई दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। झारखंड की एक महिला भी हैं। सीता सोरेन के बारे में जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी जिस घटिया शब्द का उपयोग करते हैं उसे हम प्रयोग नहीं कर सकते। यदि हेमंत सोरेन के दिल में थोड़ा सा भी स्वाभिमान है, तो इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से हटा देना चाहिए, जो एक महिला के बारे में, आंदोलनकारी की पत्नी और शिबू सोरेन की बहू और उनकी भाभी के बारे में इतने घटिया शब्द का प्रयोग करते हैं। इसके बाद भी हेमंत सोरेन चुप हैं और उनको मंत्रिमंडल से भी नहीं हटा रहे तो सोच सकते हैं कि उनसे झारखंड की मां बहनों की रक्षा कैसे हो सकती है। झारखंड की जनता झारखंड की मां बहन इसको अच्छी तरह से देख रही है। हेमंत सोरेन को अब तो कम से कम जाग जाना चाहिए।

# लड़ के नहीं लिया है झारखंड, भाजपा ने सहमति से इस राज्य को बनाया है : रविंद्र राय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस किया इस दौरान उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद पहली मुलाकात है। आप सबक सहयोग मुझे पहले भी मिलता रहा है। भाजपा इस राज्य को निर्माण करने वाली पार्टी है। पूरे ताकत के साथ इस चुनाव में उतरी है। मैं अक्सर कहता रहता हूं कि झारखंड को भाजपा ने बनाया है और भाजपा ही इसको बचाएगा। भाजपा की ही एक राजनीतिक भूख के वजह से झारखंड का जन्म हुआ। कुछ लोग जो राजनीतिक क्षेत्र में है वो कहते हैं कि झारखंड लड़कर लिया है। जब तक झारखंड के लिए लड़ते रहे तब तक झारखंड बना नहीं। झारखंड बनाने के लिए जब सहमति हुई तब झारखंड में लड़ाई समाप्त थी। तब आदिवासी, गैर आदिवासी, अगड़ा-पिछड़ा दलित की जो सीमाएं बनाकर अलग राज्य के नाम पर जो तफरका पैदा करने की कोशिश थी खासकर जेएमएम और कांग्रेस ने। उस सीमा की रेखा को मिटाकर जब राज्य में एक आम सहमति का निर्माण किया गया जो काम भाजपा ने किया उसके बाद ये राज्य का निर्माण हुआ। इसलिए मैं आज बहुत जिम्मेदारी के साथ वैसे लोगों के उन दावों को खंडन करता हूं जो कहते हैं लड़के लिया झारखंड। भाजपा ने सहमति से बनाया झारखंड। उनके ऐसे कहने पर आज भी बिखराव और सामाजिक विभाजन की दुर्गंध निकलती है। उन्होंने कहा कि आज जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि झारखंड में सामाजिक विभाजन के साथ किसी का अपमान नहीं किया जा सकता। यहां पर समाज के सभी वर्ग, जाति, समूह के अधिकार के रक्षा की बात करती है। और सबके सम्मान के रक्षा के बात करती है। हम वादा करते हैं कि इस राज्य में आदिवासी भाईयों का, गैर आदिवासी भाईयों का, दलितों का, पिछड़ों का सभी के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा होगी। सबके हितों की रक्षा होगी। झारखंड में बेमनुष्यता की भावना 2000 के पहले भी जेएमएम कांग्रेस करता था। ये लालखँड तक की बात करते थे। खेत खलिहान तक लूटते थे। उससे मुक्त कराकर के हमने अटल जी के शासनकाल में राज्य बनाया। आज मैं चुनाव के माहौल मैं इस बात का संदेश झारखंड की जनता को देना चाहता हूं कि हमने झारखंड बनाया है तो हमारी विशेष जिम्मेदारी झारखंड की जनता के प्रति है इसका हमको एहसास है। इस प्रकार की राजनीतिक विभाजन का जो काम हो रहा है उससे इस राज्य को बचाने की जरूरत है। एक तरफ फिर से संप्रादायिकता को बढ़ाने का काम कांग्रेस कर रही है। जातिवाद को फैलाने का काम राजद कर रहा है। आदिवासी गैर आदिवासी की भावना को भड़काने का काम जेएमएम कर रह है। झारखंड को झारखंड वासियों के लिए सुरक्षित रखने का काम करना चाहिए। मैं उनसे भी कहना चाहता हूं कि आप लोकतंत्र के त्योहार में आये हो तो संविधान के तहत सबकी हितों की रक्षा की बात करे। मोदी जी के उस दृष्टिकोण के परिपेक्ष्य में यह बात रख रहा हूं जिसमें उन्होंने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास।

## एक नजर

### रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का समय बदला

**रांची :** रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस रविवार को अपने तय समय पर रांची स्टेशन से नहीं खुलेगी। इसका समय बदल दिया गया है। यह ट्रेन अपने तय समय से कम से कम एक घंटे विलंब से खुलेगी। राजधानी एक्सप्रेस का रविवार को खुलने का समय शाम पांच बजकर 15 मिनट है लेकिन यह ट्रेन रविवार छह बजकर 15 मिनट पर रांची स्टेशन से रवाना होगी। दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी ने यह जानकारी दी है। हालांकि, सीपीआरओ ने यह नहीं बताया कि ट्रेन को री-शेड्यूल क्यों किया गया है। 12453 रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन रविवार को रांची से आमतौर पर शाम को 5:15 बजे खुलती है और 17 घंटे 55 मिनट की यात्रा के बाद दिल्ली पहुंचा देती है। राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन रांची से खुलने के बाद लोहरदगा, डालटेनगंज, गढ़वा रोड, रेणुकूट, चोपन, सोनभद्र, प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रुकते हुए नई दिल्ली तक जाती है। ट्रेन सोमवार को सुबह 11:10 बजे दिल्ली पहुंचा देती है। इस दौरान ट्रेन 1246 किलोमीटर की दूरी तय करती है। यह ट्रेन रांची से सिर्फ रविवार को चलती है।

### रांची में धुर्वा डैम से मिला युवती का शव

**रांची :** शहर के धुर्वा डैम से नगड़ी थाना पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया है। स्थानीय लोगों ने रविवार की सुबह डैम में शव को देखा। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर स्थानीय गोताखोर के सहयोग से युवती का शव पानी से बाहर निकलवाया। युवती के पॉकेट से आधार कार्ड बरामद हुआ है, जिसमें उसका नाम रेशमा परवीन लिखा हुआ है। वह जींस और टी शर्ट पहने हुए थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### रांची के होटल अर्श में दो जुआरी गिरफ्तार

**रांची :** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के कचहरी चौक स्थित होटल अर्श में जुआ खेलने की सूचना पर शनिवार देर रात पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने एक बिल्डर रमेश शर्मा और जुआ खेलाने वाला मनोज पंडित को गिरफ्तार किया। साथ ही मौके से ताश के पत्ते, शराब और 1.70 लाख रुपये, गाना बजाने वाला बॉक्स भी बरामद किये गए हैं। जुआ खेलने वाले लोगों ने होटल अर्श के तीसरे फ्लोर पर कमरे में लगे सीसीटीवी को टिश्यू पेपर से ढंक दिया था। इसके बाद जुआ का संचालन हो रहा था। इसी क्रम में कोतवाली डीएसपी प्रकाश को इसकी सूचना मिली और वह मौके पर छापेमारी के लिए पहुंच गये। हालांकिए पुलिस को देखते ही कुछ लोग मौके से फरार हो गये। दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### टुंडी से सुदेश महतो हो सकते हैं उम्मीदवार

**रांची :** आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो दो सीटों से चुनाव लड़ने के मूड में है। चर्चा है कि वो 29 अक्टूबर को टुंडी विधानसभा सीट के लिए भी नामांकन दाखिल करेंगे। सूत्रों से ऐसी जानकारी मिल रही है कि उन्होंने टुंडी विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के लिए नामांकन पत्र खरीदा गया है। मालूम हो कि सिल्ली विधानसभा सीट से सुदेश महतो ने पहले ही नामांकन दाखिल कर लिया है। बता दें कि एनडीए में 68-10-2-1 फामूर्ले पर बात बनी है। इस फॉमूर्ले के तहत झारखंड की 81 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात हुई थी। साथ ही एनडीए की ओर से यह भी भरोसा दिलाया गया था एक-दो सीटों की अदला-बदली बाद में हो सकती है। सुदेश महतो के टुंडी से चुनाव लड़ने की स्थिति में बीजेपी 67 और आजसू पार्टी के खाते में 11 सीटें जा सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से मिला दीपशिखा संस्थान का शिष्टमंडल



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रविवार को राजभवन में रांची दीपशिखा, बाल विकास एवं मानसिक स्वास्थ्य संस्थान (पुरश्री की एक इकाई) के एक शिष्टमंडल ने प्रियंका जालान के नेतृत्व में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्यपाल को दीपशिखा की ओर से मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। राज्यपाल ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के हित में समर्पित रूप से कार्य करना अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज के सभी वर्गों से निरंतर प्रोत्साहन और सहयोग की आवश्यकता है, ताकि वे जीवन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकें।

### विस चुनाव में आवश्यक ड्यूटी में लगे विभागों के कर्मियों को मिलेगी पोस्टल बैलेट की सुविधा




**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव में आवश्यक ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा मिलेगी। निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी किया है और मतदान के लिए चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों को डाकपत्र के माध्यम से मतदान कराने का निर्देश भी सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को दिया है। इनमें रेलवे परिवहन में लगे कर्मियों, वैसे मीडियाकर्मी जिन्हें चुनाव आयोग की ओर से मतदान कवरेज के लिए पास निर्गत किया गया हो, बिजली विभाग, बीएसएनएल, पोस्ट एंड टेलीग्राम, दूरदर्शन, आकाशवानी, स्टेट मिल्क एंड यूनियन मिल्क कॉपरेटिव सोसाइटी, स्वास्थ्य विभाग, एविएशन, अगिनशमन सेवा, ट्रैफिक पुलिस, एम्बुलेंस, जेल, एयरपोर्ट प्राधिकरण, पीआईबी से जुड़े अधिकारी व कर्मी डाकपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे।

### बाबूलाल मरांडी सहित कई प्रत्याशी 28 को करेंगे नामांकन



**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार विधानसभा सीट से सोमवार को नामांकन करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी मौजूद रहेंगी। देवघर से नारायण दास और गिरिडीह से निर्भय कुमार शाहाबादी नामांकन करेंगे। इसमें भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहेंगे। नाला से माधव चंद्र महतो और जामताड़ा से सीता सोरेन नामांकन करेंगे। मनोहरपुर से नवनीत हेंब्रम, शिकारीपाड़ा से परितोष सोरेन, दुमका से सुनील सोरेन, जामा से सुरेश मुर्मू, जरमुंडी से देवेंद्र कुंवर नामांकन करेंगे। इस अवसर पर चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा मौजूद रहेंगे। मधुपुर से गंगा नारायण सिंह और सारठ से रणधीर कुमार सिंह नामांकन करेंगे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और सांसद निशिकांत दुबे मौजूद रहेंगे। पोड़ैयाहाट से देवेंद्र नाथ सिंह और महागामा से अशोक कुमार भगत नामांकन करेंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मौजूद रहेंगे। निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता, झरिया से रागिनी सिंह और बाघमारा से शत्रुघ्न महतो नामांकन करेंगे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और सांसद ढुल्लू महतो मौजूद रहेंगे। खिजड़ी से रामकुमार पाहन नामांकन करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद रहेंगे।

### विस चुनाव को लेकर एसएसपी ने अर्धसैनिक बल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक




**रांची :** विधानसभा चुनाव को लेकर एसएसपी चंदन सिन्हा ने अर्धसैनिक बल के पदाधिकारियों के साथ रविवार को एसएसपी कार्यालय में बैठक की। बैठक में विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण और सुरक्षित समापन के लिए चर्चा की गयी। साथ ही कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। उल्लेखनीय है कि विधानसभ चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह सक्रिय है। जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) की ओर छोटे-बड़े वाहनों की जांच की जा रही है। पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। झारखंड विधानसभा चुनाव इस बार दो चरणों में होंगे। पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। पहले चरण में 13 जिलों की 30 सीटों पर मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में 16 जिलों की 36 सीटों पर वोट डाले जायेंगे। चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे।

### श्रीश्याम मंदिर में तीन दिवसीय दीपावली महापर्व अनुष्ठान की तैयारी जोरों पर

**रांची :** श्रीश्याम मित्र मण्डल, रांची द्वारा संचालित हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में तीन दिवसीय दीपावली महापर्व अनुष्ठान की व्यापक तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंदिर परिसर की सम्पूर्ण सफाई - धुलाई का काम पूरा हो चुका है। सम्पूर्ण मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में रंग -बिरंगी लाईट की लड़ियां लगायी जा रही है रोप लाईट भी लगायी जा रही है। सम्पूर्ण परिसर लाईट रोशनी से जगमग -जगमग करेगा। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि दीपावली महापर्व अनुष्ठान का मुख्य समारोह 31 अक्टूबर गुरुवार को अमावस्या काल में सायं 6 बजे से प्रारंभ होगा जो देर रात तक चलेगा। 31 अक्टूबर गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे मंदिर के कपाट बंद कर दिये जाएंगे जो सायं 5.30 बजे खुलेंगे। सायं 6 बजे से देर रात तक निरन्तर दीपोत्सव मनाया जाएगा। खाटूनरेश सहित सभी देवी-देवताओं को नवीन पौशाक पहनाकर, विभिन्न प्रकार के फूलों से दिव्य पावन श्रृंगार किया जाएगा। इसके पूर्व दीपावली महास्नान कराके खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार भी किया जाएगा। श्री नारसरिया ने बताया कि कोलकाता -बेगलोर से फूल भारी मात्रा में मंगाए गए हैं। जिसकी मोटी -मोटी फूल मालाओं से श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर में निर्मित होने वाले 1100 शुद्ध घृत के लड्डूओं का भोग लगाया जाएगा। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा निर्देश में लड्डू का प्रसाद निर्मित किया जाएगा। मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा की देखरेख में गर्भगृहो की विशेष पूजा - वन्दना अर्चना का कार्य सम्पादित होगा।

एक नजर

### सही नीति और नीयत से हर संघर्ष में विजय संभव : राजेंद्र सिंह

**बोकारो** : इस्पात संयंत्र में एच.एस.सी.एल के नाम पर वर्षो से चली आ रही मजदूरो के शोषण पर अब पूरी तरह से पूर्ण विराम लग गया। सेल/ बोकारो इस्पात के ट्रैफिक विभाग के मजदूरों को आखिरकार मिला मिनिमम वेज। मामले की जानकारी देते हुए संघ के महामन्त्री सह सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि हांलाकि क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ के प्रयास और मजदूरों की एका के कारण कुछ दिनों पहले हीं युनियन और प्रबंधन के समझौता हो चुका था कि अब एच.एस.सी.एल. में कार्यरत ठेका मजदूरों के पेमेंट की जवाबदेही सेल/बोकारो इस्पात संयंत्र की होगी और इस माह के पेमेंट के साथ उक्त समझौते पर मुहर भी लग गई।मजदूरो के हक और अधिकार की प्राप्ति हीं किसी भी जीवन्त संगठन का लक्ष्य होना चाहिए। ट्रैफिक विभाग के मजदूरो ने भी कठिन संघर्ष किया बहुत सारी मुश्किलों के बावजूद इन्होने अपनी एका बनाये रखा।हम सभी मजदूरो को कोटि-कोटि धन्यावाद देते हैं जिन्होने एकता के बदौलत अनहोनी को भी होनी मे बदल डाला। मिनिमम वेज के भुगतान और अपनी जीत के बाद मजदूर भी काफी जोश और उत्साह मे दिखे। अन्य संगठन के मजदूर भी पुराने युनियन को छोड़कर संघ की सदस्यता ग्रहण की।संघ के प्रधान कार्यालय जनवृत 9 में सभी ठेका मजदूरों ने संघ के महामन्त्री एवं पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। लड्डुओं एवं बफीयी से एक दूसरे का मांह मिठा कराया।

### भटके हुए बालक को टीटीई ने सुरक्षित बोकारो आरपीएफ को सौंपा

**बोकारो** : दक्षिण पूर्व रेलवे के बोकारो स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12801 से एक बालक, जिसका नाम प्रिंस राज है, गलती से यात्रा करते हुए बोकारो पहुँच गया। उक्त बालक के पिता का नाम रामबली कुमार और पता ग्राम - सादिकपुर, तहसील - नालंदा, बिहार₹ है। बालक के साथ हुई इस घटना का संज्ञान लेकर टीटीई संजय कुमार, जो बोकारो में कार्यरत हैं, ने तत्परता से कार्य करते हुए बालक को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट बोकारो को सौंप दिया। यह सराहनीय कार्य श्री संजय कुमार के द्वारा दशार्ता है कि रेलवे कर्मचारी यात्रियों की सुरक्षा के प्रति सजग और प्रतिबद्ध हैं। इस मामले में, बालक के संरक्षक के कल तक आकर उसकी अभिरक्षा लेने की संभावना है।

### हैदराबाद में सम्मानित होंगे ब्लड मैन सलूजा

**बोकारो** : यंग इंडियन ब्लड डोनर्स क्लब , हैदराबाद , तेलंगाना द्वारा एक राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मान समारोह में झारखंड से ह्यूमैनिटी सेवियर्स के संस्थापक अध्यक्ष श्री हरबंश सिंह सलूजा को यंग इंडियन सेवा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में देश के सभी राज्यों के रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। झारखंड की सामाजिक संस्था ,मैनिटी सेवियर्स ,बोकारो के संस्थापक अध्यक्ष श्री हरबंश सिंह सलूजा को उनके द्वारा किए जा रहे निस्वार्थ रक्त सेवा हेतु इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए चयनित किया गया है।
विश्व रिकार्ड धारक श्री हरबंश सिंह सलूजा ने कहा कि हमारी संस्था पिछले 16 वर्षो से रक्तदान के क्षेत्र में एवं अन्य सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सेवा कार्य कर रही है। हमारे निस्वार्थ सेवा कार्यों को देखते हुए हैदराबाद , तेलंगाना में हमें राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

# एनजेसीएस के द्वारा आज से हड़ताल का आह्वान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : कपटपूर्ण बोनस स्कीम को रद्द करो 40,500 से ज्यादा बोनस का भुगतान करने, बिना शर्त 39 माह का एरिया का भुगतान करने ग्रेच्युटी पर सीलिंग हटाने, जनवरी 2022 से एक अतिरिक्त इंक्रीमेंट सभी मजदूरों को देने, ए डब्लू ए की राशि को ठेका मजदूरों के बेसिक पे में शामिल करने, स्थाई प्राकृतिक के काम करने वाले ठेका मजदूरों को स्थाई करने बीजीएच में मेडिकल जांच के नाम पर ठेका मजदूरों की छटनी पर रोक लगाने, एकतरफाबाद की नीति को बंद कर दो पक्छी वार्ता नीति को अपने आर आई एन एल के मजदूरों को नया वेतन देने मजदूर आंदोलन में भाग लेने के कारण प्रतिशोध पूर्ण कार्रवाई निलंबन, चारसीट और स्थानांतरण के आदेश को वापस लेने यदि मांगों के लिए इंटक, एटक ,सीटू, एचएमएस और बीएमसी के यूनियनों द्वारा सेल प्रबंधन की मनमानी और तानाशाह रवैया के खिलाफ 28 अक्टूबर को




सेल्व्यापी हड़ताल का आहवन किया गया है इस हड़ताल को सफल बनाने के लिए ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा द्वारा बोकारो स्टील प्लांट के मजदूर ठेका मजदूरों के बीच को कोको अवन प्लांट से लेकर सी आर एम तक लगातार शॉप मीटिंग चलाया गया जिसमें हजारों हजार मजदूरों ने भाग लिया प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ मजदूरों में काफी आक्रोश है 26 अक्टूबर को ई डी वर्क्स कार्यालय के समक्ष हजारों मजदूरों ने हजारों प्रदर्शन किया। 25 अक्टूबर को मुख्य श्रम आयुक्त केंद्रीय द्वारा हड़ताल नोटिस पर वार्ता के लिए दिल्ली में बैठक बुलाई गई इसमें प्रबंधन ने उच्च पदाधिकारी के साथ-साथ इंटक एटक सीटू, एचएमएस और बीएमसी के पदाधिकारी ने भाग लिया घंटे देर तक चली वार्ता में पूर्व के भांति सेल प्रबंधन के नकारात्मक रवैया देखने को मिला, 39 माह के एरिया का भुगतान करने के संबंध में प्रबंधन ने इस स्तर तक चली गई इसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते लिखित रूप में मुख्य श्रम आयुक्त को प्रबंधन ने कहा कि 39 माह का एरिया प्राप्त करने के लिए मजदूर हकदार ही नहीं। ऐसा कहकर प्रबंधन अपने द्वारा किए गए मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग का ही उलट रही है इसे मजदूर कभी भी बर्दाश्त नहीं कर सकते वार्ता विफल हो गई। इसलिए 28 अक्टूबर को सेल्व्यापी हड़ताल को जारी रखने का निर्णय पांचो यूनियन ने लिया है मजदूर काफी आक्रोश है ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा बोकारो के सभी संगठन से अपील करती है कि 28 अक्टूबर की हड़ताल को। सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग दें हड़ताल पर यह हड़ताल मजदूरों के जीवन मरण की लड़ाई है। निवेदक वीरेंद्र नाथ चौबे महामंत्री. बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन, इंटक, रामाश्रय प्रसाद सिंह महामंत्री बोकारो इस्पात कामगार यूनियन एटक, बी डी प्रसाद संयुक्त महामंत्री इस्पात मजदूर मोर्चा सीटू, राजेंद्र सिंह महामंत्री क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ, एचएमएस विनोद कुमार महामंत्री बोकारो स्टील राष्ट्रीय मजदूर संघ बीएमएस आदि लोग शामिल थे।

## विश्व हिंदू परिषद महानगर के तत्वाधान में दुर्गा पूजनोत्सव का कार्यक्रम संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : जगन्नाथ मंदिर के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद बोकारो महानगर के तत्वाधान में दुर्गा पूजा पूजा पूजनोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। दुर्गा वाहिनी की प्रदेश संयोजिका अनुराधा एवं सभी अतिथियों ने बेटी के नाम एक दिया जलाकर सकारात्मक संदेश देने का काम किया। मुख्य अतिथि चंद्रकांत राजपथ ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व हिंदू परिषद विश्व की सबसे बड़ी हिंदुओं की संस्था है । विश्व में हिंदुत्व का लोक जागरण अभियान चल रहा है विदेश में भी हिंदू धर्म का प्रचार प्रसार तेजी से हो रहा है ।उन्होंने कहा कि बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई है विश्व में बजरंग दल एक अनुशासित हिंदू समाज के रक्षा के लिए कार्यरत है। बजरंग दल के कार्यकर्ता हमारी लोक आस्था धार्मिक परंपराओं और हिंदुत्व की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने तक को तैयार है। उन्होंने कहा कि देश की मौजूदा स्थिति में हिंदुत्व जागरण का अभियान तेज करने की जरूरत है अगर हिंदू सबल हुआ तो देश सबल होगा । हिंदू कमजोर हुआ तो देश कमजोर होगा इसलिए संपूर्ण भारतवर्ष के कोने-कोने से हिंदुत्व को मजबूत करने सनातन को मजबूत करने की आवाज एक साथ उठ रही है । हमें इसको मजबूती प्रदान करनी है और इसी की कड़ी में बोकारो महानगर ने आप सबको सम्मानित करने का कार्यक्रम बनाया है जो की एक सराहनीय कार्यक्रम है।

## जन शक्ति दल के सुरज महतो आज करेंगे समाजवादी पार्टी से नामांकन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कतरास (धनबाद)** : बाघमारा से जन शक्ति दल के सुप्रीमो सुरज महतो व टुंडी से पूर्व झामुमो नेता अजमूल अंसारी ने काको में प्रेस वार्ता कर जनता को संदेश दिया कि वे समाजवादी पार्टी के बैनर तले चुनाव में कूदे है, जिनको जनता का प्यार व सहयोग पूर्व की भांति मिलेगा। उक्त बातें काको में जन शक्ति दल के प्रधान कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुये सुरज महतो में कहा कि हमदोनो का विचारधारा व समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखलेश प्रसाद यादव से मिलता है,इसलिये मैं सुरज महतो बाघमारा से व मो अजमूल अंसारी टुंडी से समाजवादी पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़कर क्षेत्र की जनता को वर्तमान जनप्रतिनिधियों के अत्यचार शोषण से मुक्ति दिलाने का कार्य करेंगे। सुरज महतो ने कहा कि



समाजवादी पार्टी के बैनर तले सोमबार को गाजे बाजे के साथ के साथ नामांकन के लिये धनबाद नामांकन स्थल पहुचेंगे, जहां पार्टी के प्रदेश के नेता भी नामांकन के दौरान मौजूद रहेंगे। श्री महतो ने कहा कि समररता व विचारधारा समाजवादी पार्टी से मिलता है ,जिसके कारण बाघमारा विधानसभा में समाजवादी पार्टी की साइकिल छाप से चुनाव लड़ेंगे। विधायक बनने पर बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ना व महिलाओं के सम्मान दिलाने का कार्य करेंगे। बाघमारा की एक एक घर की माता बहनों व मतदाता का साथ मुझे मिलेगा यह मुझे पूर्ण विश्वास है। जबकी मो अजमूल अंसारी ने कहा टुंडी विधानसभा से सोमबार को मैं भी सायकिल छाप समाजवादी प्रतीक टिकट से नामांकन करके चुनाव मैदान में रहूंगा। प्रेस वार्ता में मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव व व्यास जी गौंड व अन्य लोग उपस्थित थे।

## चक्रीय विकास संस्थान ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : सिमडेगा में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 13 नवंबर को मतदान होना है. चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन व नगर परिषद के निर्देश पर चक्रीय विकास संस्थान सिमडेगा के निदेशक सत्यव्रत ठाकुर के अगुवाई में कलाकारों ने नागपुरी गीत और नृत्य के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया.कार्यक्रम के दौरान आदिवासी बालिका छात्रावास एवं डेली मार्केट में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। सर्वप्रथम आदिवासी बालिका छात्रावास में छात्राओं के बीच मतदान के महत्व को बतालाया गया साथ ही सभों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया. चक्रीय विकास संस्थान के सत्यव्रत ठाकुर ने युवतियों से अपने साथ साथ अपने गांव के लोगों को भी जागरूक करने की बात कही. गीत और नृत्य के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए जिले वासियों से 13 नवंबर जरूर मतदान करने की अपील की। उन्होंने जिले वासियों से कहा कि एक एक मत मिलकर लोकतंत्र को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि अपनी पसंद के सरकार चुनने का मौका 05 वर्षों के बाद मिला है, इस मौका का फायदा उठाए और अपने मत के बल पर सिमडेगा और झारखंड का भविष्य बदले। मतदान मतदान के लिए वोटर आईडी कार्ड के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, पोस्ट ऑफिस की फोटो सहित पासबुक, श्रम मंत्रालय के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र शासन, राज्य शासन, लोक उपक्रम और पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गऐ जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूडीआईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर आप मतदान कर सकते है।

## सेक्टर 8 बी स्थित ईवीएम वज्रगृह को किया गया सील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : स्टील सिटी के सेक्टर 08 बी. स्थित डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल स्थित ईवीएम वज्रगृह को आयोग के दिशा झ निदेर्शानुसार मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सील किया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी डीईओ सह डीसी बोकारो श्रीमती विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, निवार्ची पदाधिकारी 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, निवार्ची पदाधिकारी 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र सह एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, निवार्ची पदाधिकारी 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र सह एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, निवार्ची पदाधिकारी 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र सह डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता,



जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा समेत ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी मो. सफीक आलम/ पियुष आदि उपस्थित थे। मौक पर ईवीएम वज्रगृह को सील करते हुए चाबी संबंधित क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा सुपूर्द किया गया। विभिन्न राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों में झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी,भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एनआईवी एवं हाई रिस्क न्यूबोर्न पर प्री कांफ्रेंस कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : इंडियन अकादमी ऑफ पेडियाट्रिस, झारखंड द्वारा 23 वां झारखंड पेडियाट्रिस 24, का आयोजन हंस पैलेस, बोकारो मे समापन किया गया। इस आयोजन में एनआईवी एवं हाई रिस्क न्यूबोर्न पर प्री कांफ्रेंस प्रयोगशाला का आयोजन किया गया, जिसमे सांस से संबंधित समस्याओं तथा गंभीर बीमारी से ग्रषित नवजात के बारे मे विस्तार से चर्चा की गयी एवम् उनके निवारण मे एनआईवी की भूमिका और संचालन हेतु झारखंड तथा अन्य राज्यों के विभिन्न छेत्रों से आये शिशु रोग विशेषज्ञों को प्रशिक्षण दिया गया।



26/10/2024 और 27/10/2924 को नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञों ने अपने विचारों को साझा किया। साथ ही इसमें पी० जी ० क्विज एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन का भी आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न स्थानों से आये हुए प्रसिक्षु चिकित्सको ने भाग लिया और जितने वालो को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आयोजन के संचालक डॉ मुश्ताक ने कहा कि इस सम्मेलन मे देश के बड़े बड़े चिकित्सा विज्ञान के विशेषज्ञों के द्वारा साझा किये गये विचारों से गंभीर बीमारियों के इलाज मे सहायता मिलेगी। अध्यक्ष डॉ इंद्रनील चौधरी ने कहा की बच्चों मे होने वालि जटिल बिमारियों पर देश-विदेश मे हो रही चिकित्सा पधति पर नई शोधों एवं अनुशंधान पर विस्तार से चर्चा हुई। इन सभी चीजों से चिकित्सको के कार्यक्षमता एवं विशेषज्ञता मे बढ़ोतरी होगी जो कि विभिन्न रोगों के बेहतर इलाज में मददगा साबित होगी। आयोजन समिति के सचिव डॉ एल ० के ० ठाकुर ने सभी स्तर के अतिथि विशेषज्ञों के शोध पत्र एवं व्यख्यान के बारे में विस्तार से बताया। मौके पे मुख्य अतिथि डॉ उपेंद्र किंजवाडेकर, केंद्रीय आईएपी अध्यक्ष 2023, मुख्य अतिथि वीपी आईएपी पूर्वी क्षेत्र, ईबी झारखंड, झारखंड आईएपी अध्यक्ष, झारखंड आईएपी सचिव, आयोजन सचिव और सचिव आईएपी बोकारो जिला शाखा डॉ एल के ठाकुर, आयोजन अध्यक्ष और अध्यक्ष आईएपी बोकारो जिला शाखा डॉ इंद्रनील चौधरी, आयोजन कोषाध्यक्ष डॉ संजय सिंह मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

### इनर व्हील क्लब ने अपर्णा पब्लिक स्कूल में किया रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन




**धनबाद** : इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन डिस्ट्रिक्ट 325, चार्टर 8181ने गोविंदपुर रोड गोसाईडीह स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल में दिवाली के मद्देनजर दीया डेकोरेशन व रंगोली बनाओ कंपटीशन का रोचक आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रतिभागिओ ने एक से बढ़कर एक खूबसूरत, आकर्षक और दर्शनीय दीया डेकोरेशन,डिजाइन कार्ड डेकोरेशन, रंग बिरंगी कैंडल बनाकर प्रभावित किया एवं अपनी अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया। अपर्णा पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर एवं इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन की पदाधिकारी रेनू कौशल ने कहा रंगोली प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में रंगोली कला को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और इस प्रतियोगिता में भाग लेकर बच्चों ने अपनी रचनात्मक कौशल का परिचय दिया है। रंगोली एक बहुत ही प्राचीन कला है इसके पीछे की भावना और संस्कृति में बहुत समानता है। अपर्णा स्कूल में विगत कई दिनों से प्राचार्य अनुपम नायक एवं वर्ग शिक्षिकाओं के देखरेख में बच्चे प्रतियोगिता के लिए अभ्यासरत थे। विजेता प्रतिभागियों को उपहार एवं प्रमाण पत्र दिए गए। साथ ही स्कूल के प्राचार्य अनुपम नायक को विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल,सांस्कृतिक गतिविधियों और आर्टवर्क के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन की उपाध्यक्ष लीना झा,सचिव रितु श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रेनू कौशल और मनीषा प्रसाद इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में में सक्रिय थी।

### झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का विजया सम्मेलन संपन्न



**धनबाद** : रविवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति द्वारा विजया सम्मेलन रेलवे इंस्टिट्यूट माझेरपारा दुर्गा मंदिर में मनाया गया। सम्मेलन का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं संचालन जिला सचिव राणा चट्टराज ने किया। सर्वप्रथम सभी ने एक दूसरे को विजया शुभकामना एवं बधाई दिया। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि बंगाली सामुदायिक का प्रमुख उत्सव दुर्गा पूजा है और दशमी को विजयादशमी मानते हैं,उसी के संदर्भ में आज का कार्यक्रम रखा गया,देश नहीं पूरे दुनिया में बांग्ला संस्कृति एवं परंपरा का एक अलग पहचान रखते हे,आज की युवा पीढ़ी जो अधिकतर इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ते हैं,उन बच्चों के माता-पिता से अपील करते हैं कि अपने बच्चों को बांग्ला शिक्षा एवं संस्कृति को हर हाल में अवगत कराएं ताकि आने वाला पीढ़ी अपने संस्कृति एवं परंपरा को भूले नहीं, समिति का आगामी कार्यक्रम दिसंबर महीना को रवींद्रनाथ टैगोर नजरुल इस्लाम एवं सुकांतो भट्टाचार्य के विषयों को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा, एवं समिति द्वारा प्रत्येक बार की तरह इस बार भी बांग्ला जात्रा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से कल्याण भट्टाचार्य, कल्याण घोषाल,सुशोभन चक्रवर्ती,बादल सरकार,टनि बनर्जी, कल्याण राय,जयदीप बनर्जी, बुरो विश्वास, बादल पात्र, सुमंतो मुखर्जी, बापी विश्वास,तोरूण गोस्वामी, टुबाई बनर्जी, गौरव मंडल,अमिताभ बैनर्जी,अभिक घोष,सुशील घोष,अभिषेक राय, सुभाशीष गुहा, गजा चटर्जी आदि लोग शामिल थे।

### धनबाद जिला की टीम 7-1 से विजयी




**धनबाद** : सिजुआ स्टेडियम में आयोजित अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को धनबाद जिला की टीम 7--1 से गरवा को पराजित किया। धनबाद के पंकज हेंब्रम दो गोल, रवि लाल हेंब्रम, निमाई मोदी, नितेश प्रध्या, सन्नी हीरो, ईजाज ने एक-एक गोल किया किया। मैच में मुख्य अतिथि बड्र्स गार्डन स्कूल राजगंज के निदेशक सह प्रिंसिपल प्रमोद चौरसिया को संघ के कोषाध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन एवं सिजुआ एजुकेशनल एडं स्पोट्र्स क्लब के सचिव सुरेंद्र सिंह ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए। तत्पश्चात सभी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कीए। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी मृदुल बोस, डॉ विकास रमन, शुभंकर सरकार, सतीश सिंह मैच कमिश्नर उदय मिश्रा उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका अर्जुन उरांव, प्रकाश चंद्र सवैया, जोरागं एस टोपनो मनोज कुमार महतो ने निभाया। सभी ने टीम के जीत पर खिलाड़ियों के साथ-साथ मुख्य कोच सुभाष लोध, असिस्टेंट कोच लखन सिंह, टीम मैनेजर ताहिर अंसारी को बधाई दिए। कल धनबाद बनाम रामगढ़ के बीच मैच होगा।

### नगर आयुक्त ने की रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक



**धनबाद** : विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने रविवार को न्यू टाउन हॉल में रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक की। नगर आयुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान में कम रुचि दिखाते हैं। जिस कारण मतदान प्रतिशत कम दर्ज होता है। उन्होंने एसोसिएशन से सोसाइटी के हर मतदाता को आगामी 20 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने, उनके एक-एक वोट का महत्व समझाने, मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई सुविधाओं के बारे में बताने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक के समापन पर सभी को विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अपने आसपास के लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

# बेफिक्र रहिये! न कोई कटेगा और न कोई बटेगा



राकेश अचल

**दुनिया जानती है कि संघ जिस की बेल है उससे अमृतफल तो नहीं निकल सकते। संघ के भावी मुखिया दत्तात्रेय होसबाले ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे वाले बयान का समर्थन किया, उन्होंने कहा कि हमें इसे आचरण में लाना चाहिए. यह हिंदू एकता और लोक कल्याण के लिए जरूरी है.।**

आखिर होसबोले भी वो ही बोले जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले कई महीनों से लगातार बोलते आ रहे हैं। दोनों की बोली और शब्दों का स्वरूप एक ही है। दोनों देश के बहुसंख्यकों को भयभीत कर रहे हैं कि यदि बँटोगे तो कटोगे। दोनों के निशाने पर देश के वे अल्पसंख्यक हैं जिन्हें आरएसएस आजादी के 77 साल बाद भी भारत का नागरिक नहीं मानता। आरएसएस और महंत योगी आदित्यनाथ के बोल एक संप्रभु, विविधवर्णी देश कि जड़ों में मठा डाल रहे हैं। मै उन लोगों में से नहीं हूं जो आरएसएस को आतंकवादी संगठन मानते हैं। मै आरएसएस को राष्ट्रद्रोह संगठन भी नहीं कहता, लेकिन मेरे मानने और कहने से कुछ नहीं होता क्योंकि आरएसएस जो है वो खुद प्रमाणित कर रहा है, और तब कर रहा है जब इस विशिष्ट देश ने आरएसएस को 99 साल तक अपनी कोख में पाला पोसा है। ये संघ का शताब्दी वर्ष है। देश ने कभी नहीं कहा कि आरएसएस को भारत में नहीं होना चाहिए। लेकिन आरएसएस है जो न सिर्फ खुद बल्कि अपनी दत्तक संतानों से भी यही कहला रही है कि इस देश को कांग्रेस विहीन होना चाहिए।

दुनिया जानती है कि संघ जिस की बेल है उससे अमृतफल तो नहीं निकल सकते। संघ के भावी मुखिया दत्तात्रेय होसबाले ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटेंगे तो कटेंगे वाले बयान का समर्थन किया, उन्होंने कहा कि हमें इसे आचरण में लाना चाहिए. यह हिंदू एकता और लोक कल्याण के लिए जरूरी है.। दत्तात्रेय होसबाले अभी आरएसएस के सरकार्यवाह हैं उन्हें सरसंघ चालक बनने से पहले वो सब करना और कहना पडेगा जो न सिर्फ अनिवार्य है बल्कि अपरिहार्य भी है।

दुर्भाग्य की बात ये है कि संघ और संघ का दत्तक पुत्र भाजपा एक विचार है, ऐसा विचार जो न सामयिक है और न आवश्यक। संघ और भाजपा का व्यवहार दुनिया में रूढ़ियों से घिरे तालिबानियों से बहुत कुछ मेल खाता है। संघ देश कि विविधता में यकीन करता ही नहीं है, संघ हिन्दुओं कि श्रेष्ठता में न सिर्फ यकीन करता है बल्कि उसे बहुसंख्यक हिन्दुओं के मन-मस्तिष्क में अंगद के पैर की तरह जमा देना चाहता है। दुर्भाग ये कि संघ को लगभग एक सदी में भी इस योजना में कामयाबी नहीं मिली। मुझे लगता है कि इस अभियान को साकार करने के लिए संघ को सात जन्म तो लेना ही पड़ेंगे।

होसबाले 2021 से सरकार्यवाह के रूप में कार्यरत हैं, वे 2024 से 2027 तक अपने इस पद पर रहने वाले हैं दत्तात्रेय होसबाले और योगी आदित्यनाथ में और कोई समानता हो या न हो लेकिन एक समानता ये है कि ये दोनों यदुवंशी हैं। दोनों अविवाहित हैं और दोनों बाल्य-काल से एक खास तरह की दीक्षा से गुजरे हैं जो कोसों तक भारत की राजनीति से मेल नहीं खाती। होसबोले 56 साल से संघ



के साथ हैं और आजीवन रहने वाले हैं। उनका एकमेव लक्ष्य वही है जो 1925 में श्रीमंत केशव बलीराम हेडगवार साहब ने तय किया था। उनका लक्ष्य तो सौ साल में भी पूरा नहीं हुआ लेकिन इस देश को आजाद करने का जो लक्ष्य महात्मा गाँधी ने 81 साल पहले तय किया था वो न सिर्फ फलीभूत हो चुका है बल्कि पल्लिवत -पुष्पित भी हो रहा है।

जैसा कि मैंने पहले ही कहा कि मै संघ का और समस्त संघमित्रों का बहुत सम्मान करता हूं। सम्मान इसलिए कि वे बहुत त्यागी होते है। सादगी पसंद होते हैं। उन्होंने सादगी हेडगेवार से नहीं बल्कि शायद महात्मा गाँधी से सीखी है। देश और दुनिया ने गांधी की सादगी को तो अंगीकार कर लिया किन्तु हेडगेवार साहब के हिन्दू राष्ट्र को स्वीकार नहीं किया। यदि किया होता तो ये देश 1947 में ही हिन्दू राष्ट्र बन जाता। हिन्दू राष्ट्र बनकर नेपाल ने देख लिया है। इस्लामिक राष्ट्र बनकर पाकिस्तान ने भी देख लिया है। इन्हें क्या हासिल हुआ ये बताना जरूरी नहीं है। चिंता की बात ये है कि संघ तमाम हकीकत जानते हुए भी हार मानने के लिए तैयार नहीं है।

हमारे बुंदेलखंड में होंस को उत्साह या गर्व कहते हैं और होंस से बोलने वालों को गर्वीला मना जाता है किन्तु दत्तात्रय जी जो बोल रहे हैं उसमें गर्वोक्ति बिलकुल नहीं है केवल दम्भ है दम्भ। इस दम्भ से देश कि गंगा-जमुनी संस्कृति तबाह हो रही है। संघ और सभी संघमित्र गंगा-जमुनी संस्कृति में यकीन करते ही नहीं हैं। उन्हें लगता है कि संस्कृति मुगलों कि देन है और इसका वसुधैव कुटुंबकम से कोई मेल नहीं है, कोई बराबरी नहीं है। जबकि हकीकत कुछ और है। इस हकीकत को न संघ समझना चाहता है और न हमारी भाजपा। समझे तो आखिर कैसे समझे? उसे तो देश को हिन्दू राष्ट्र बनाना है।

देश हिन्दू राष्ट्र बने तो मुझे भी क्या आपत्ति हो सकती है लेकिन हमारा तजुर्बा बता रहा है कि अब बहुत देर हो चुकी है। देश जो राष्ट्र बन चुका है उसे अब बिगाड़ा नहीं जा सकता। नया देश बनाने के लिए बहुत लम्बी लड़ाई लड़ना पड़ती है। महात्मा गाँधी के नेतृत्व में देश कि जनता ने ये लड़ाई लड़ी है, लड़ी ही नहीं उसे जीता भी है। इस जीत में संघ का कितना योगदान है ये दुनिया जानती है और संघ भी। अब लगता है कि संघ 1947 से पहले कि गयी अपनी भूल सुधार करने कि कोशिश करना चाहता है। देश को एक बार फिर से नया नाम देना चाहता है। और इसी के लिए बँटोगे तो कटोगे का नारा दिया गया है। महात्मा गाँधी ने देश को करो या मरो का नारा दिया था और होसबोले देश को बँटोगे तो कटोगे का नारा दे रहे हैं।

आपको याद रखना होगा कि महात्मा गाँधी भी राम भक्त थे और संघमित्र दत्तरी होसबोले भी राम भक्त है। पूरा संघ रामभक्त है। पूरी भाजपा रामभक्त है लेकिन पूरा देश रामभक्त नहीं है। राम का सम्मान सब करते हैं। उन्हें देवता भी मानते हैं। मुसलमान भी उन्हें इमामे-हिन्द कहते हैं। यहां राम को मानने वाले भी हैं और न मानने वाले भी, लेकिन सब हैं भारतीय। और ऐसे भारतीय जिनका जन्म दत्तात्रय होसबोले से पहले हुआ था। उन्हें भारतीयता का प्रमाणपत्र न संघ से चाहिए और न होसबोले से। उनका आधारकार्ड ही उनके भारतीय होने का प्रमाण है। और संयोग से ये प्रमाणपत्र संघ कार्यालय से नहीं भारत सरकार के कार्यालय से जारी होता है।

मुझे हैरानी तो ये है कि डॉ मोहन भागवत हों या माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी भी इस हकीकत को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं, उलटे बार-बार इस हकीकत को ठुकराना चाहते हैं। इन सभी महनुभवों ने देश कि जनता के एक बड़े वर्ग के मन में भय पैदाकरने कि कोशिश की, लेकिन जब ये कोशिश भी असरकारी साबित नहीं हुई तो सबका साथ, सबका विकास से शुरू होकर अब बँटोगे तो कटोगे तक आ पहुंचे हैं। संघ और भाजपा जबरन हिन्दुओं के ठेकेदार बन गए है। जब संघ और भाजपा नहीं थी तब भी इस देश में हिन्दू थे, हिंदुत्व था।

हमारे संघमित्र शायद नहीं जानते कि भारत पर आर्यों ने, फारसियों ने, अलेक्जेंडर ने सेल्यूकस ने, यवनों ने, हूणों ने, अरबों ने मुगलों ने और अंग्रेजों ने हमला किया, शासन किया लेकिन हिन्दू तब भी थे और आज भी हैं। मै संघमित्रों को यकीन दिलाना चाहता हूं कि भारत में हिन्दू कल भी रहेंगे और बहुसंख्यक बनकर ही रहेंगे, वे न बंटेंगे और न कोई उन्हें काट पायेगा। ये कोशिश सियासत जरूर करती है, लेकिन सियासत भी हर बार कामयाब नहीं होती। कभी-कभी संघ कि विचारधार को कामयाबी मिलती है। जनता भी संघमित्रों को मौका देती है, लेकिन जब हकीकत समझती है तो अपना फैसला बदल भी लेती है। ये लोकतंत्र की विशेषता है। संघ मित्र आज सत्ता में हैं, कल शायद नहीं होंगे और परसों मुमकिन है कि उन्हें फिर सत्ता में आने का मौका मिले। लेकिन ये तभी मुमकिन है जब कि संघमित्र भारत को जबरदस्ती हिन्दू राष्ट्र ; बनाने कि जिद और कोशिश छोड़ दे।

मुझे संघ कि कोशिशों पर भी यकीन है और जनता पर भी। जनता अंततः जनार्दन है। जनता भी नेताओं कि तरह घाट-घाट का पानी पीती है। जनता ने बीते 77 साल में कांग्रेसियों को भी देखा, समाजवादियों को भी देखा, वामपंथियों को भी देखा, संघियों को भी देख लिया है। जनता जिस दिन चाहेगी कि भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना है उस दिन जनता बना लेगी। जनता को तब न संघ की जरूरत होगी न भाजपा की और न कांग्रेस की। संघ यदि सांस्कृतिक संघठन है तो यही काम ईमानदारी से करे। राजनीति करना छोड़ दे। भाजपा का प्रचार करना छोड़ दे। उसके लिए पसीना बहाना त्याग दे। संघ क्या करे या न करे ये तय करना संघ का अपना काम है।

हमारा काम तो मुर्गे की तरह बांग देने का है। हम भले ही रोज हलाल होते रहें किन्तु बांग देना बंद करने वाले नहीं है। बांग मुर्गा अकेला नहीं देता। मुल्ला भी देता है, पंडित भी देता है, शंकराचार्य जी देते हैं। पोप और पादरी भी करते है। सेवादार भी देते है। जागरण का दूसरा नाम ही बांग देना है। बांग सुनकर जिन्हें जागना होता है वो जाग जाते हैं और जो जंबोझकर अनसुनी करते हैं उनका भगवान ही मालिक होता है। मुर्गे की बांग सभी के लिए होती ह। उसका हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई से कोई लेना देना नहीं है। जो जगे उसका भी भला और जो न जगे उसका भी भला। मुर्गा सूफी होता है। धर्म निरपेक्ष होता है। उसे जो चाहे काटकर खा सकता है लेकिन मुर्गा कल भी बांग दे रहा था और आज भी अलार्म के जमाने में उसने बांग देना बंद नहीं किया है, हमारी तरह।

## संपादकीय

### मजबूरी की योजनाएं

भारत सरकार स्पेस सेक्टर में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक हजार करोड़. रुपए खर्च करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की मीटिंग में यह तय हुआ। आर्थिक मामलों की समिति ने रेल मंत्रालय के 6,798 करोड़. रुपए के दो प्रस्तावों को भी मंजूरी दी। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति व निजी क्षेत्र की भागीदारी द्वारा भारत के नेतृत्व को मजबूती मिलने की उम्मीद की जा रही है। उत्तर बिहार में रेल विकास के लिए साढ़े चार हजार करोड़. रुपए और आंध्र प्रदेश की



राजधानी अमरावती को रेलवे से जोड़ने के लिए करीब सवा दो हजार की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इस तीसरे कार्यकाल के दौरान मोदी सरकार अपने पिछले चुनावी वादों को पूरा करने के प्रति प्रतिबद्ध नजर आना चाहती है। बिहार में 256 कलोमीटर की रेल लाइन का दोहारीकरण किया जाएगा, जिससे नेपाल व पूर्वोत्तर का मार्ग जुड़ने से यात्री ट्रेनों के साथ माल-गाड़ियों की आवाजाही में सुविधा हो जाएगी। एनडीए सरकार बनने बाद से मोदी बिहार और आंध्र को विशेष तवज्जो दे रहे हैं। जेडी (यू) व टीडीपी को संतुष्ट रखने को केंद्र की मजबूरी के तौर पर देखा जा रहा है। दोनों दलों ने उस वक्त मंत्रालयों की बजाए राज्यों के विकास के लिए विशेष पैकेजों की खास शर्त रखी थीं। इसलिए इन प्रस्तावों को दिवाली के तोहफे के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि पिछली कैबिनेट बैठक में रेल कर्मचारियों को बोनस व कृषि योजनाओं को मंजूरी दी थी। सरकारी कर्मचारियों के भत्ते व मंहगाई राहत की दरों को बढ़ा कर सरकार ने सबको साधने वाले पुराने नुस्खे को आजमाया है। बैठक में दिवाली व छठ के लिए स्पेशल ट्रेनों सहित तकरीबन सात हजार ट्रेनें चलाने का भी ऐलान किया। इससे त्योहारों में बड़ी संख्या में घर जाने वाले यात्रियों के लिए सुविधा होगी। देश के आर्थिक हालात व सीमित आय के दरम्यान किन्हीं अन्य क्षेत्रों में कटौती कर सरकार अपने इन सहयोगी दलों के बड़े. हो रहे पेट भरने के प्रयास कर रही है, जबकि केंद्र के लिए हर राज्य की जिम्मेदारी समान है, जिसकी अवहेलना करना उसे शोभा नहीं देता।

## चिंतन-मनन

### प्रयश्चित ही कर्म फल से मुक्ति का आधार है

यह ठीक है कि जिस व्यक्ति के साथ अनाचार बरता गया अब उस घटना को बिना हुई नहीं बनाया जा सकता। सम्भव है कि वह व्यक्ति अन्यत्र चला गया हो। ऐसी दशा में उसी आहत व्यक्ति की उसी रूप में क्षति पूर्ति करना सम्भव नहीं। किन्तु दूसरा मार्ग खुला है। हर व्यक्ति समाज का अंग है। व्यक्ति को पहुँचाई गई क्षति वस्तुतः प्रकारान्तर से समाज की ही क्षति है। उस व्यक्ति को हमने दुष्कर्मों से जितनी क्षति पहुँचाई है उसकी पूर्ति तभी होगी जब हम उतने ही वजन के सत्कर्म करके समाज को लाभ पहुँचाये। समाज को इस प्रकार हानि और लाभ का बैलेन्स जब बराबर हो जायेगा तभी यह कहा जायेगा कि पाप का प्रायश्चित हो गया और आत्मग्लानि एवं आत्मप्रताड़ना से छुटकारा पाने की स्थिति बन गई।

सस्ते मूल्य के कर्मकाण्ड करके पापों के फल से छुटकारा पा सकना सर्वथा असम्भव है। स्वाध्याय, सत्संग, कथा, कीर्तन, तीर्थ, व्रत आदि से चित्त में शुद्धता की वृद्धि होना और भविष्य में पाप वृत्तियों पर अंकुश लगाने की बात समझ में आती है। धर्म कृत्यों से पाप नाश के जो माहात्म्य शास्त्राह में बताये गये हैं उनका तात्पर्य इतना ही है कि मनोभूमि का शोधन होने से भविष्य में बन सकने वाले पापों की सम्भावना का नाश हो जाये। ईश्वरीय कठोर न्याय व्यवस्था में ऐसा ही विधान है कि पाप परिणामों की आग में जल मरने से जिन्हें बचना हो वे समाज की उत्कृष्टता बढ़ाने की सेवा-साधना में संलग्न हों और लदे हुए भार से छुटकारा प्राप्त कर शान्ति एवं पवित्रता की स्थिति उपलब्ध कर लें।

# वैश्विकी: एशिया में कहीं शांति कहीं युद्ध



डॉ. दिलीप चौबे

इस सप्ताह एशिया में कहीं शांति और कहीं युद्ध का नजारा दिखा। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान जहां एशिया की दो महाशक्तियों भारत और चीन ने सीमा पर तनाव कम करने और संबंधों को पटरी पर लाने का प्रयास किया वहीं पश्चिम एशिया में इस्राइल और ईरान के बीच शक्ति परीक्षण जारी रहा। राष्ट्रपति पुतिन की मेजबानी में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जहां रूस को अलगझ्रथलग करने की पश्चिमी देशों की कोशिश नाकाम सिद्ध हुई वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह को बल मिला कि वार्ता और कूटनीति से समस्याओं का समाधान संभव है।

यह दावा कोई नहीं करता कि भारत और चीन के विवाद का स्थाई समाधान हो गया है लेकिन दोनों देश जिस रास्ते पर चल रहे हैं उससे यह आशा बंधती है कि भविष्य में सैन्य संघर्ष की स्थिति नहीं बनेगी। दूसरी ओर पश्चिम एशिया का घटनाक्रम इसके ठीक विपरीत है। दुनिया में इस समय संघर्ष के दो क्षेत्र हैं-यूक्रेन और पश्चिम एशिया। इनमें एक बात समान है। अमेरिका और पश्चिमी देश संघर्ष के इन दोनों क्षेत्र से जुड़े. हुए हैं। यह कहना बेमानी नहीं होगा कि पश्चिमी देशों की गैरझजिम्मेदाराना नीतियों के कारण इन संघषाड्ढ के समाधान की बजाय इनका विस्तार हुआ। यूक्रेन संघर्ष का समाधान शुरूआती दौर में ही संभव था लेकिन ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और अन्य नेताओं ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को युद्ध जारी रखने के लिए उकसाया। इन देशों की ओर से यूक्रेन को हथियारों की बड़े पैमाने पर आपूर्ति की गई। अमेरिका का रणनीतिक लक्ष्य था कि रूस को सैनिक द्रष्टि से कमजोर किया जाए। साथ ही आर्थिक प्रतिबंधों के जरिए उसकी अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ी जाए। करीब ढाई साल बाद भी अमेरिका इन लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाया। आर्थिक और सैनिक दृष्टि से रूस आज पहले से अधिक शक्तिशाली है। दूसरी ओर एक देश के रूप में यूक्रेन का अस्तित्व ही दांव पर है। इस समय यदि कोई शांति पहल होती है तो यह यूक्रेन के लिए घाटे का सौदा होगा। कुछ सीमा तक यह बात पश्चिम एशिया पर भी लागू होती है। पिछले वर्ष इस्राइल पर हमास के हमले के बाद यदि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने समस्या के मूल कारणों की पहचान और उनके समाधान की कोशिश की होती तो संघर्ष इतना विकराल रूप नहीं लेता। लेकिन इस्राइल के युद्ध पीपासु प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू फिलीस्तीन को सबक सिखाने पर आमादा थे। अमेरिका और पश्चिमी देशों ने शांति की बजाय खून-खराबे को प्रोत्साहन दिया। आज के सोशल मीडिया के युग में युद्ध और मानव त्रासदी के समाचार और दृश्य आम आदमी तक पहुंचाते हैं। गाजा में मासूम बच्चों की मौत और खंडहरों के बीच जीवन के लिए जूझ रहे लोगों की तस्वीर दिल दहलाने वाली हैं। अमेरिका और पश्चिमी देशों की मीडिया में इस मानव त्रासदी को आमतौर पर नजरअंदाज किया गया। लेकिन सोशल मीडिया के जरिए जो समाचार और तस्वीरें सामने आई उससे पश्चिमी देशों की छवि पर कलंक लग गया। इन देशों के युवा वर्ग ने पीड़ित मानवता के पक्ष में आवाज बुलंद की। नेताओं ने उनकी आवाज बंद करने की पूरी कोशिश की। अमेरिका के विश्वविद्यालयों में आज इमरजेंसी और सेंसरशिप जैसे हालात हैं।

इस्राइल और ईरान के बीच हमला और जवाबी हमले की स्थिति अभी सीमित दायरे में है। शनिवार को इस्राइल का हवाई हमला किस सीमा तक कारगर रहा इससे तय होगा कि ईरान का अगला कदम क्या होगा। फिलहाल ईरान ने दो सैनिकों के मरने की पुष्टि की है। प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार ईरान के कई सैनिक अड्डों को नुकसान पहुंचा है। अगले कुछ दिनों में यदि नुकसान अधिक साबित होता है तो ईरान एक बार फिर जवाबी कार्रवाई के बारे में सोच सकता है। ईरान के नये राष्ट्रपति मसूद पेजेशिकयन अपेक्षाकृत उदारवादी हैं, लेकिन सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड. की कमान धार्मिक नेता खेमेनई के हाथ में है। पश्चिम एशिया के सुन्नी देशों ने इस बार इस्राइल को प्रत्यक्ष रूप से सहयोग नहीं दिया। लेकिन इन देशों में अमेरिका के सैनिक अड्डे. हैं तथा इनका इस्तेमाल इस्राइल को मदद देने में हो सकता है। ब्रिक्स समूह के प्रमुख देश भारत, रूस चीन खाड़ी युद्ध की आग में अग्निशमन का काम कर सकते हैं।

# मिट्टी के दीये जलाएं, प्रदूषण को दूर भगाएं और परंपरा जीवंत बनाएं

आज की भागती दौड़ती जिन्दगी में लोग अपनी परंपरा को भूलते जा रहे हैं। इसका परिणाम है कि आज देश में पर्यावरण संकट के साथ-साथ कई तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिसके चलते सभी लोग और जीव-जंतु के जीवन पर संकट है।

इस परंपरा में एक दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये जलाना भी है। जिसको आज लोग भूलते जा रहे हैं और उसकी जगह पर इलेक्ट्रानिक लाइटों का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन जो सुंदरता मिट्टी के दीये जलने पर दिखती है वह इलेक्ट्रानिक लाइटों के जलने से नहीं। इस बात को स्वयं लोग भी स्वीकार कर रहे हैं और इस परंपरा को लोगों के भूलने पर चिंता भी व्यक्त कर रहे हैं। मिट्टी के दीये जलाना परंपरा के साथ हमारी संस्कृति है। अपनी संस्कृति को कोई कैसे भूल सकता है। इसका सभी लोगों को ध्यान रखना चाहिए। मिट्टी के दीये जलाने के कई लाभ है। जिसका उल्लेख कई जगहों पर देखने और सुनने को मिलता है। इसलिए सभी लोग मिट्टी के दीयें जलाएँ।



दीपावली का त्यौहार मिट्टी के दीये से जुड़ा हुआ है। यह हमारी संस्कृति में रचा-बसा हुआ है। दीया जलाने की परंपरा आदि काल से रही है। भगवान राम की अयोध्या वापसी की खुशी में अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाया था, तब से ही कार्तिक महीने में दीपों का यह त्यौहार मनाये जाने की परंपरा रही है। पिछले दो दशक के दौरान कृत्रिम लाइटों का क्रेज बढ़ा है। आधुनिकता की आंधी में हम अपनी पौराणिक परंपरा को छोड़ कर दीपावली पर बिजली की लाइटिंग के साथ तेज ध्वनि वाले पटाखे चलाने लगे हैं। इससे एक तरफ मिट्टी के कारोबार से जुड़े कुम्हारों के घरों में अँधेरा रहने लगा, तो ध्वनि और वायु प्रदूषण फैलानेवाले पटाखों को अपना कर अपनी सांसों को ही खतरे में डाल दिया। अपनी परंपराओं से दूर होने की वजह से ही कुम्हार समाज अपने पुश्तैनी धंधे से दूर होता जा रहा है। दूसरे रोजगार पर निर्भर होने लगे हैं। एक समय था जब दीपावली पर्व को लेकर लोग मिट्टी के दीये खरीदने के लिए पहले ही कुम्हार को आर्डर कर देते थे। तब गाँव या अन्य किसी गाँव के कुम्हार के घर के सभी सदस्य काम में व्यस्त होते थे। दीपावली पर्व पर कई लोगों के आर्डर को पूरा करने में दिन-रात एक कर मेहनत करते थे। हालांकि उस समय उतनी आमदनी नहीं होती थी, लेकिन कुम्हारों की भी एक रुचि रहती थी कि इस परंपरा को जीवंत रखना है। लेकिन आज लोग मिट्टी के दीये जलाना धीरे-धीरे कम कर दिए हैं, इससे अब कुम्हार भी इसमें रुचि नहीं ले रहे। जिसका नतीजा है कि आज दीपावली पर्व में लोग घर में दो-चार मिट्टी के दीये जला कर सिर्फ. एक परंपरा को किसी तरह निर्वहन कर रहे हैं। ज्यादातर लोग इलेक्ट्रानिक लाइटों, झालर और अन्य लाइटों को जला कर ही दीपावली पर्व में अपने घर को रोशनी से जगमग करने की कोशिश कर रहे हैं। हम सभी अब दीपावली के नाम पर पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं। अब हमें पुनः अपनी परंपरा को समझना होगा। हमें मिट्टी के दिये जलाने की परंपरा की पुनः शुरूआत करनी होगी। इससे कीड़े मकोड़े मरते हैं। झालर और लाइट से कीड़े नहीं मरते। हमारी संस्कृति सरसों के तेल के दिये जलाना है, अच्छे पकवान बनाना, मिठाइयाँ खाना और पड़ोसी को भी खिलाना, लोगों को उपहार देना आदि है। लेकिन लोग अब उतने समझदार नहीं हैं इसलिए पटाखे छूटेंगे।

लोग मिट्टी के दीये जलाएं। इससे प्रदूषण भी नहीं होगा और परंपरा भी जीवंत रहेगी। दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये जलाना पूर्वजों के द्वारा बनाई गई परंपरा है। इसे हम सभी लोगों को बरकरार रखना चाहिए। दिवाली में मिट्टी के दीये जलाना हमारी संस्कृति और प्रकृति से जुड़ने का बहुत ही सुगम साधन है। यह भारतीय संस्कृति में बहुत ही शुभ और पवित्र माना जाता है। मिट्टी के दीये प्रेम, समरसता और ज्ञान के प्रतीक हैं। सामाजिक व आर्थिक आधार पर भी दीयों की खूबसूरती जगजाहिर है। इस बार दीपावली के दिन मिट्टी के दीये जलाने का संकल्प लेकर संस्कृति का बचाव करना है। सभी लोग मिट्टी के दिये ही जलाएँ। आज की युवा पीढ़ी इलेक्ट्रानिक लाइटों के प्रति अधिक रुचि रख रही है। घरों को सजाने से लेकर दीये जलाने में इलेक्ट्रानिक लाइटों का ही उपयोग कर रही है। जबकि यह सोचना चाहिए कि हमारी संस्कृति और परंपरा का निर्वहन करना युवाओं के कंधे पर ही है। गाँव या किसी शहर में जो कुम्हार है वह आज भी मिट्टी के दीये बनाते हैं। इसमें उन्हें सिर्फ. आमदनी का लालच नहीं होता बल्कि उनमें अपनी संस्कृति और परंपरा को बरकरार रखने का उत्साह होता है। लेकिन लोग इसे भूलते जा रहे हैं।

परंपरा व पर्यावरण के संरक्षण के लिए मिट्टी के दीये जलाना है। इनसे कोई प्रदूषण नहीं होता। कृत्रिम रोशनी आंखों और त्वचा के लिए हानिकारक होती है। मिट्टी के दीये की रोशनी आंखों को आराम पहुँचाती है। मिट्टी के दीये हमारी संस्कृति के एक अहम अंग हैं। दिवाली पर इसे जला कर हम अपनी परंपराओं को याद रखते हैं। मिट्टी के दीये बनाने वाले कारीगरों को प्रोत्साहित करने का भी यह अच्छा मौका है। आइये, इस दीपावली, हम सभी मिलकर मिट्टी के दीये जलाएं और एक स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण बनाने में अपना योगदान दें। लोगों को इस पर विचार करना चाहिए। वर्तमान में अपनी परंपरा को बरकरार रखने और पर्यावरण बचाने के लिए इस दीपावली मिट्टी की दीये जलाने के प्रति लोगों खास कर बच्चों व युवाओं को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाएँ।

**-प्रियंका सौरभ (लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं। )**

# झारखंड

## एक नजर

### वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू, घर-घर पहुंच रहा मतदाता पर्ची

**मेदिनीनगर (पलामू):** जिले में आगामी 13 नवंबर को मतदान होना है,इस दिन के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्तरों पर अलग-अलग तैयारी की जा रही है। जिले के पांचो विधानसभा में नामांकन समाप्त होने के पश्चात प्रशिक्षण,आवश्यक सेवाओं में लगे लोगों का पोस्टल बैलेट से मतदान, होम वोटिंग, स्वीप गतिविधि, एफएलसी आदि सहित सभी गतिविधियों में तेजी आयी है। इसी कड़ी में 13 नवंबर को सभी लोग आसानी से मतदान कर सकें इस हेतु वोटर इनफॉरमेशन स्लिप वितरण का भी कार्य प्रारंभ हो गया है

### राशन दुकान से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**मेदिनीनगर (पलामू):** पुलिस अधीक्षक महोदया को सूचना सूचना मिली की सर्वोदय स्कूल सतबरवा के आगे एक राशन दुकान है जिसमे अवैध रूप से अंग्रजी शराब की बिक्री हो रही है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदया के द्वारा एक टीम का गठन किया गया एवं आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया । उक्त टीम के सर्वोदय स्कूल के आगे पहुँचा तो देखा कि एक किराना दुकान के पास कुछ लोग भीड़ लगाकर बैठे हुए है एवं हल्ला गुल्ला कर रहे है। पुलिस वाहन देखते ही सभी लोग भागना शुरू कर दिए। सशस्त्र बल के सहयोग से एक व्यक्ति को पकड़ लिया । पकड़े गये व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम प्रदीप प्रसाद बताया। इनके दुकान में विधिवत छापामारी किया गया तो इनके दुकान से अंग्रेजी एवं टनाका कंपनी का देशी शराब बरामद किया गया। इस संदर्भ में सतबरवा थाना कांड सं0-131/24 दि0-26/10/24 बी0एन0एस0 एक्ट की धारा 275/292 एवं 47 (ए) एक्साइज एक्ट दर्ज किया गया ।

# शहर के छः मुहान चौक से समाहरणालय परिसर तक दिव्यांगजनों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** जिले में 13 नवंबर को मतदान होना है,इस दिन शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से स्वीप अंतर्गत कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।इसी क्रम में रविवार को शहर के छः मुहाँन चौक से समाहरणालय परिसर तक दिव्यंजनो के तरफ से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी।रैली को पीडब्लूडी कोषांग के नोडल पदाधिकारी सेवाराम साहू व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, दिव्यांगजन आइकॉन अविनाश कुमार तिवारी व लोकसभा चुनाव 2024 के दिव्यांगजन आइकॉन सह ब्रांड एंबेसडर पवन कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान रैली में 60 से अधिक दिव्यांगजन पैदल, ट्राई साईकल, मोपेड, बैसाखी व अन्य माध्यम से समाहरणालय परिसर पहुंचे। इस दौरान सभी ने मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर,बैनर और नारे लगाते नजर आये साथ ही सभी से 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की। पीडब्लूडी कोषांग के जिला आइकॉन अविनाश कुमार तिवारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में 60% से अधिक मतदान दिव्यांगजनों द्वारा किया गया था,इस विधानसभा चुनाव में हमारा प्रयास है कि 75% से अधिक दिव्यांग मतदाता अपना मतदान करें। रैली के पश्चात समाहरणालय परिसर में मटकाफोड़, गुलेल से निशानेबाजी एवं ग्लास का मीनार निर्माण आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर सभी ने 13 नवंबर को मतदान करने की शपथ ली।




## पाटन के किसैनी अगनवा खैरका जंगल से 63 वर्षीय अवधेश सिंह का शव बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** पाटन थाना क्षेत्र के कोलहुआ किशैनी गांव निवासी स्वर्गीय रामेश्वर सिंह के पुत्र अवधेश सिंह उम्र 63 वर्ष का शव पाटन थाना क्षेत्र के अगनवा खैरका जंगल से पाटन थाना की पुलिस ने बरामद किया है। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि अवधेश सिंह शनिवार की सुबह अपने घर से खाना पीना खाकर मवेशी चराने निकले थे। जिसके बाद से वह अपने घर नही लौटे। घर नही लौटने पर परिजनों के द्वारा सभी जगहों पर उनकी खोज बीन की गई।इसके बाद भी उनका कुछ भी पता नहीं चल पाया। रविवार की सुबह परिजन उनकी तलाश में निकले तो पता चला कि अवधेश सिंह का शव अगनवा खैरका जंगल में पड़ा हुआ है। इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी पाटन थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने ही पाटन थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में मृतक का पोस्टमार्टम करवा रहे हैं। बताते चलें की संग्राम सिंह पाटन क्षेत्र के किसी भी ग्रामीण जनता के सुख दुख में दिन-रात खड़ा रहते हैं।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।वही मौके पर उपस्थित संग्राम सिंह ने कहा कि पाटन थाना क्षेत्र में अभी तक कई लोगों की हत्या हो चुकी है परंतु पाटन थाना की पुलिस की लापरवाही से अभी तक किसी का उद्भेदन नही हो पाया है।

## ईचागढ़ विधानसभा के 340 बूथ पर आजसू पार्टी का बूथ सम्मेलन संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश पर रविवार को ईचागढ़ विधानसभा में आजसू पार्टी का बूथ सम्मेलन आयोजन हुआ। एक ही दिन में एकसाथ ईचागढ़ विधानसभा के 340 बूथ पर सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान सभी बूथ पर वहां के पदाधिकारी, प्रभारी, कार्यकर्ता, महिला पदाधिकारी, चुल्हा प्रमुख शामिल हुए और ईचागढ़ सीट पर जीत हासिल करने का संकल्प लिया। बूथ सम्मेलन के तहत एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के उम्मीदवार हरेलाल महतो स्वयं चिलगु के बूथ संख्या 297 व 298 के सम्मेलन में शामिल हुए। मौके पर हरेलाल महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि जनता के बीच जाएं और हमारे आंदोलन व जनसेवा के कार्यों के नाम पर वोट मांगें। उन्होंने कहा कि जनता हेमंत सरकार की नाकामी और हमारे काम करने का तरीका देख रही हैं। हमने विपक्ष में रहकर काम किया है और हेमंत सरकार सत्ता में रहकर भी काम नहीं किया है। हरेलाल महतो ने कहा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पांच - पांच निशुल्क एम्बुलेंस, निशुल्क पेयजल टैंकर, खेलकूद, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में निजी स्तर से जो काम किए, उसके नाम पर जनता से वोट मांगेंगे। वहीं, आजसू के विधानसभा प्रभारी सुनील सिंह ने ईचागढ़ प्रखंड में मोर्चा संभाला है। सुनील सिंह के नेतृत्व में ईचागढ़ प्रखंड के हरतालडीह, पूड़ीहेसा, हाड़ात, आदारडीह, बारदाडीह, चोगा, सोड़ो, पिलीद, विष्ठाटांड़ आदि गांव में बूथ सम्मेलन संपन्न हुआ।



## संक्षिप्त खबरें

### डिमना लेक के पास मृत पशुओं को फेकने का ग्रामीणों ने किया विरोध



**पटमदा :** मिजार्डीह निवासी संजय कर्मकार व दिनेश लोहार का कहना है कि डिमना या आसपास के इलाकों में खटाल का संचालन करने वाले दुग्ध उत्पादकों के द्वारा अक्सर दुधारू पशुओं के मरने के बाद रात के अंधेरे में फेंक दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं और प्रशासन से मांग किए जाने के बावजूद इसपर रोक नहीं लगाई गई है। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत वन विभाग के रेंजर, मानगो नगर निगम के पदाधिकारी, उपायुक्त व एसएसपी से करते हुए दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी। साथ ही डिमना चौक के समीप दो सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की जाएगी ताकि रात के अंधेरे में घटना को अंजाम देने वालों की पहचान हो सके।रविवार को ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ भी रोष देखा गया क्योंकि यह दलमा इको सेंसेटिव जोन में आता है और इसपर रोक लगाने के लिए वन विभाग के अधिकारी या कोई भी कर्मचारी ध्यान नहीं देते हैं। इसमें स्थानीय लोगों के अलावा उन लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है जो शुद्ध वातावरण की तलाश में मॉर्निंग वॉक में उस क्षेत्र में प्रतिदिन आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इसपर रोक नहीं लगी तो मिजार्डीह, गेरुआ व आसपास के गांवों के लोगों द्वारा उग्र आंदोलन भी किया जा सकता है।

### मडुआ बीज पर किसानों को प्रशिक्षण



**मेदिनीनगर (पलामू):** विकास सहयोग केंद्र संस्था के कार्यालय कंडा, नावा बाजार के किसानों को मडुआ के बीज रखने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। संस्था द्वारा इस वर्ष नावा बाजार मे 250 किसानों के द्वारा 40 एकड़ मे मडुआ एवं अन्य मोटे अनाजों की खेती करवाया गया था। इसमे से हर ग्राम पंचायत से चयन कर 25 किसानों को बीज प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने के लिए वासन संस्था, हैदराबाद के दीक्षा आलोक एवं भैरव सैनी आए थे। इनके द्वारा बीज के गुणवता के बारे मे बताया गया। बीज मे मिलावट न हो इसे काटकर अलग रखने , बीज के लिए पुष्ट पौधे का चयन करने, अच्छे पहली का चयन कर तोड़ने आदि की जानकारी दिया गया। इसके भंडारण करने के तरीके बताए गए। सभी किसानों को इटकों ग्राम के विमला देवी के मडुआ लगे खेत मे ले जाकर ऑन द स्पॉट प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उदेश्य स्थानिये स्तर पर मिलेट खासकर मडुआ का गुनवाता पूर्ण बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। सभी किसानों को काम से कम 10 किलोग्राम अच्छा बीज रखने को कहा गया। प्रशिक्षण मे सरयू भुईयां, नीरा देवी , कुंती देवी , मकुन राम , विरेन्द्र कुमार , लालपति देवी , मीना देवी , प्रमिला देवी , काजल देवी , दिनेश्वर सिंह , प्रतिमा देवी , सोनरवा देवी , गणेश परहिया , राम सहाय सिंह , विजय सिंह आदि ने भाग लिया।

# उत्तर प्रदेश

## सीएम ने स्कॉलरशिप योजना का किया शुभारंभ

### योगी ने चेक दिया तो बच्ची ने पैर छुए, बोले-पहले संस्कृत के छात्रों के साथ भेदभाव होता था






**वाराणसी ।** संपूर्णानंद संस्कृत यूनिवर्सिटी में रविवार को सीएम योगी पहुंचे। उनका मंगलाचरण से स्वागत किया गया। इस दौरान कुलपति डॉ. बिहारी लाल शर्मा ने सीएम योगी को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। सीएम योगी ने संस्कृत के छात्रों के लिए स्कॉलरशिप योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने स्कॉलरशिप का चेक दिया तो छात्रा ने पैर छूए। सीएम ने भी उसे आशीर्वाद दिया। योगी ने कहा- पहले संस्कृत के छात्रों के साथ भेदभाव होता था, लेकिन अब हर छात्र को छात्रवृत्ति मिल रही है। सीएम योगी ने कहा- गरीब और वंचित छात्रों को छात्रवृत्ति मिलनी चाहिए, लेकिन संस्कृत छात्रों को इसकी व्यवस्था क्यों नहीं की गई। मुझे इस बात का आश्चर्य रहा। अभी तक संस्कृत के केवल 300 बच्चों की स्कॉलरशिप की व्यवस्था थी, जो अधिकतर छात्रों को पता ही नहीं थी। 25 करोड़ की आबादी में इतने कम छात्रों को स्कॉलरशिप की योजना थी। उन्होंने कहा- कभी प्रयास ही नहीं हो पाया कि संस्कृत परिषद को मान्यता दिला पाएं। मैंने बार-बार समझने की कोशिश की कि संस्कृत से बच्चे दूर क्यों भाग रहे हैं? पता चला कि मान्यता ही नहीं मिल पा रही है। हमने स्कूल-कॉलेजों की मान्यता बहाल कराई। हमारी सरकार आई तो 2017 में संस्कृत परिषद को मान्यता दिलाई। योगी ने कहा- अब संस्कृत में छात्रों की संख्या बढ़ रही है। पहले स्कॉलरशिप नहीं मिलती थी, फिर उसमें आयु सीमा जोड़ दी गई। हमने तय किया कि हर छात्र को स्कॉलरशिप मिल चाहिए। हमने तय कर लिया है कि दिवाली से पहले यानी कल तक (28 अक्टूबर) 69195 छात्रों के अकाउंट में बैंक खुलते ही स्कॉलरशिप पहुंच जाएगी। योगी ने कहा- यूपी के अंदर लगभग डेढ़ लाख बच्चे ऐसे हैं जो संस्कृत से जुड़े हैं। इनके संरक्षण का दायित्व शासन और समाज का होना चाहिए। सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए आपके द्वार आई है। हम आगे भी व्यवस्था करने जा रहे हैं कि संस्कृत विद्यालयों में विज्ञापन उन्हीं संस्थानों को देंगे जो अपने यहां फ्री हॉस्टल और खाने-पीने की व्यवस्था करेंगे। योगी ने कहा- संस्कृत ने ही भारत को विश्वगुरु के रूप में स्थापित किया। इसके कारण ही विपरीत स्थितियों में भी हमारी सनातन संस्कृति तमाम मुश्किलों का सामना करते हुए भी आज जीवित है। दुनिया का मार्गदर्शन करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में आज संस्कृत, संस्कृति और भारतीय सभ्यता उठ खड़ी हुई है। योगी ने कहा- संपूर्णानंद संस्कृत विवि सबसे पुराना विश्वविद्यालय है। यहां के बच्चों को स्कॉलरशिप नहीं मिलती थी। हमने तय किया कि सबसे पहले स्कॉलरशिप की शुरुआत यहीं से करते हैं। संस्कृत केवल देव वाणी ही नहीं, केवल इस लोक और परलोक से संवाद, देवगणों से संवाद का माध्यम नहीं है... बल्कि ये भौतिक जगत की तमाम समस्याओं को वैज्ञानिक रीति से सुलझाने का माध्यम बने। इस पर शोध करने की जरूरत है। हमने इलव में वैदिक विज्ञान केंद्र बनाया है, जो भारत की प्राचीन संस्कृति पर शोध को बढ़ावा देने के लिए है। इसे संस्कृत पर शोध का केंद्र बनाना पड़ेगा। कुलपति प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा ने बताया- ऋषि तुल्य आचार्यों की साधना स्थली एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के अमृत तत्वों को वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठित करने तथा संस्कृत के अभ्युदय, संवर्धन एवं संरक्षण के लिये सरकार निरन्तर संकल्पित है। संस्कृत छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत संशोधन के बाद छात्रवृत्ति की दरों में वृद्धि करते हुए प्रथमा कक्षा- 6 से 7 को रुपए 050/- प्रति माह, प्रथमा (कक्षा-8) को रुपए 75/- प्रति माह, पूर्व मध्यमा को रुपए 100/- प्रति माह उत्तर मध्यमा को रुपए 150/- प्रति माह, शास्त्री को रुपए 200/- प्रति माह तथा आचार्य को रुपए 250/- प्रतिमाह की संशोधित दरें निर्धारित की गयी हैं।

## संक्षिप्त डायरी

### झाडी में फेंका गया था नन्हां मासूम, हमीरपुर चाईल्ड हैल्पलाईन की कोशिश से हुआ तन्दुरुस्त



संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के राठ के खेड़ा में 30 अगस्त 2024 को नन्हें मासूम बच्चे को झाड़ियों में पडे. होने की जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर1098 को मिली थी, जबकि इस संगीन मामले की जानकारी मिलते ही चाईल्ड लाईन ने बच्चे को हमीरपुर जिला अस्पताल में एडमिट कराकर डाक्टरों के प्राथमिक उपचार के बाद आराम न मिलने पर उसे कानपुर हैलट के लिये रैफर कर दिया था। इस नन्हें बच्चे की देख भाल के लिए हमीरपुर जिला प्रोबेशन अधिकारी के आर्डर के बाद, दो माह तक चाइल्ड हेल्पलाइन टीम की तरफ से दो कर्मचारी पूरी मुस्तहदी के साथ कानपुर हैलट में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे, जबकि हैलट में दो महीने के इलाज के बाद नन्हा बच्चा अब तन्दरुस्त होकर हमीरपुर चाइल्ड हेल्पलाइन वापस आ चुका है, जिसके बाद इस नन्हें बच्चे को बाल कल्याण समिति के आर्डर के बाद चाइल्ड लाईन प्रयागराज शिशुगृह भेज दिया गया है।

### नम्रता और कठोरता श्रेष्ठ जीवन का आधार: आचार्य विनोद महाराज



संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर के जौरा विशुनपुरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रीधाम अयोध्या से पधारे आचार्य विनोद जी महाराज ने भक्तों को ज्ञान, भक्ति के महत्व की प्रेरणादायी बातें साझा कीं। कथा में उन्होंने नम्रता और कठोरता के संतुलन को श्रेष्ठ जीवन का आधार बताया और भगवन्नाम की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सच्चा ज्ञान ही वह दृष्टि है जो भगवान तक पहुंचा सकती है। कथा के दौरान वामनावतार और श्रीकृष्ण जन्म की सुंदर झांकियों का भी आयोजन किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत अनुभव रहा। झांकियों के भावपूर्ण प्रदर्शन ने उपस्थित भक्तों को भावविभोर कर दिया और पूरे माहौल में भक्तिमय ऊर्जा का संचार किया।इस दौरान मुख्य यजमान इशरावती देवी, रमाशंकर उपाध्याय,बर्फी देवी, कृष्णानंद उपाध्याय, विद्यावती देवी, आचार्य चंद्रशेखर पांडेय शास्त्री,भगवतीचरण पांडेय, एडवोकेट आशीष चरण पांडेय, पूर्व प्रधान नगई यादव,बेचू प्रसाद, रबिंद्र राय,संजय राय,अजय राय,अनूप पांडेय, अशोक उपाध्याय,झकारी उपाध्याय,डा.कन्हैया तिवारी, सुरेश मद्धेशिया, आशुतोष उपाध्याय, पशुपतिनाथ उपाध्याय, गंधर्व उपाध्याय, सिद्धेश्वर उपाध्याय आदि सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मेडिकल कैम्प में 450 लोगों की हुई जांच, वितरित की गई दवा

संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सेवा विभाग द्वारा चलाये जा रहे सेवा सप्ताह के तहत नपाप कुशीनगर के मदनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैम्प में 450 मरीजों की स्वास्थ्य जांचकर सलाह और दवा वितरित की गई। रविवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ सह विभाग संघ चालक डा चंद्रशेखर सिंह, संघ कार्यवाह देवेंद्र, जिला प्रचारक प्रवीण द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन कर किया गया। डॉ. शुभलाल, सेवा भारती नरेंद्र मोहन, डॉ. स्नेहा कुमारी, डॉ. डीके गुप्ता, डॉ. गौरव, डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. संजय सिंह, डॉ देवेंद्र ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांचकर उन्हे सलाह दी। इस अवसर पर रविन्द्र, बलिराम, सुमित, शन्टू शर्मा, रामप्रीत, मनीष, ब्रज नरायन गोंड़ व स्वयं सेवक मौजूद रहे। शिविर में स्वस्तिक मेडिकेयर, डिस्काउंट मेडिकल, शुभम हॉस्पिटल, सुमित्रा हॉस्पिटल ने सहयोग किया।

## 1505 दर्शकों ने राजकीय बौद्ध संग्रहालय कुशीनगर का किया भ्रमण

संवाददाता



**कुशीनगर।** विभिन्न विद्यालयों ( महात्मा गांधी केंद्रीय विद्यालय सिवान बिहार, मोहम्मद जिलादर शेख अकादमी बंजरिया देवरिया, प्रभुनाथ सिंह इंग्लिश स्कूल राजापुर गोपालगंज बिहार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कहुआ पश्चिमी चंपारण बिहार, पंडित दीनदयाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय भिटिया संत कबीर नगर, यूनिक पब्लिक स्कूल पश्चिम चंपारण बिहार, सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल बोरशिया गाजीपुर, भगिनी निवेदिता सरस्वती बालिका विद्या मंदिर देवरिया, रेनबो क्लासेस हरणाताड़ पश्चिमी चंपारण बिहार, इंडियन पब्लिक हाई स्कूल बेतिया पश्चिमी चंपारण बिहार, बी०डी० वर्ल्ड स्कूल एनएच- 28 नियर बैरिया देवी मोतीहारी बिहार )के छात्र- छात्राओं एवं उनके गुरुजनों सहित लगभग 1505 दर्शकों को राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर का भ्रमण कराया गया। एवं वीथिकाओं में प्रदर्शित कलाकृतियों के माध्यम से कला एवं संस्कृति के विविध पक्षों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल बोरशिया गाजीपुर के छात्र हर्षित कुशवाहा के द्वारा भगवान बुद्ध की कैनवास पेंटिंग संग्रहालय को भेंट की गई।

# शहाबुद्दीन के इलाके से चुनाव लड़ेंगे बेटे ओसामा शहाब

## रघुनाथपुर से टिकट देने की तैयारी में राजद, मुस्लिम वोटर्स को साथ लाने की कोशिश



**पटना।** शहाबुद्दीन परिवार की आरजेडी में वापसी हो गई है। शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा को राजद रघुनाथपुर से चुनाव लड़ाना चाहती है। इसी विधानसभा क्षेत्र में प्रतापपुर पड़ता है, जहां शहाबुद्दीन का घर है। जानकारी है कि 2025 विधानसभा चुनाव में राजद ओसामा को वहां से टिकट देने का पूरा मन बना चुकी है। इसकी घोषणा अभी नहीं हुई है, चुनाव के समय ऐलान होगा। ओसामा को राजद में शामिल कर लालू और तेजस्वी ने मुस्लिम वोटर्स को साथ लाने के लिए बड़ा दांव चला है। साथ ही मुस्लिमों को साथ लेकर चलने की बात करने वाले प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज को राजनीतिक तौर पर धक्का दिया है। दरअसल, जिस रघुनाथपुर विधानसभा सीट से ओसामा को लड़ाने की रणनीति तैयार की जा रही है, वहां से अभी राजद से हरिशंकर यादव विधायक हैं। 2020 विधानसभा चुनाव में हरिशंकर यादव को 67, 757 वोट, लोजपा के मनोज कुमार सिंह 49, 792 वोट, जदयू के राजेश्वर चौहान को 26,162 और बसपा के विनय कुमार पांडेय को 5,295 वोट मिले थे। सीवान लोकसभा में सीवान, जीरादेई, दरौली, रघुनाथपुर, दरौंदा और बड़हरिया विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सीवान जिले की बात करें तो महाराजगंज और गोरेया कोठी विधानसभा आते हैं। सीवान का पूरा इलाका महागठबंधन का गढ़ है। शहाबुद्दीन ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत जीरादेई विधानसभा में जीत के साथ की थी। 1990 और 1995 में वो जीरादेई से विधायक चुने गए थे। वो निर्दलीय जीते थे। शाहबुद्दीन चार बार सीवान लोकसभा का चुनाव जीते। हिना शहाब 2009 के बाद लोकसभा चुनाव हारती रहीं। 2024 में कविता सिंह को जदयू ने टिकट नहीं दिया तो बड़ी संख्या में राजपूतों ने हिना को वोट कर दिया और हिना की स्थिति मजबूत हो गई, जिससे राजद को तीसरे नंबर पर ले जाने में हिना कामयाब हो गईं। कोरोना काल के दौरान 2021 में शहाबुद्दीन की मौत हो गई थी और लालू परिवार की तरफ से कोई अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हुआ था। इसकी कसक शहाबुद्दीन के परिवार को रही और लालू परिवार से संबंध खराब हो गए। शहाबुद्दीन के समर्थक चाहते थे कि हिना शहाब को राजद राज्यसभा भेज दे। इससे जुड़ा पोस्टर भी दिखा, लेकिन लालू परिवार ने हिना शहाब को राज्यसभा भेजना मुनासिब नहीं समझा। राजद ने मीसा भारती को दो बार राज्यसभा भेजा। नतीजा यह हुआ कि हिना शहाब ने राजद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। हिना को राजद ने तीन बार 2009, 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था, पर वो लगातार हारती रहीं। राजद से संबंध खराब होने के बाद हिना ने 2024 में सीवान से लोकसभा का चुनाव निर्दलीय लड़ने का फैसला लिया। पार्टी ने यहां देर से उम्मीदवार के नाम की घोषणा की, सीवान सीट पर उम्मीदवार का नाम होल्ड पर रखा गया। चर्चा रही कि लालू परिवार हिना शहाब को मनाने में लगा है, लेकिन हिना नहीं मानी और अपने फैसले पर अडिग रहकर चुनाव लड़ा।

### सारण पर सीवान की राजनीति का असर

**लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद यह चर्चा तेज रही कि सीवान से हिना शहाब के निर्दलीय लड़ने का असर अन्य कई सीटों पर भी पड़ा। लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्या की हार को भी इससे जोड़ा गया। सारण लोकसभा सीट पर बीजेपी के राजीव प्रताप रूढ़ी को 4,71,752 वोट, राजद की रोहिणी आचार्या को 4,58,091 वोट, निर्दलीय लक्ष्मण प्रसाद यादव को 22,043 वोट और निर्दलीय शाह नौशाद को 16,103 वोट मिले थे।**

## प्रेम-प्रसंग में किशोर की पीट-पीटकर हत्या, दूसरा गंभीर



**नवादा ।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के कादिरगंज बाजार में शनिवार को एक 15 वर्षीय किशोर की प्रेम-प्रसंग में लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कादिरगंज बाजार के निवासी नीरज कुमार के रूप में हुई है। इस घटना में उसके साथ मौजूद कादिरगंज चौधरी टोला के राजो चौधरी का बेटा सन्नी कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। नीरज की मां ने बताया कि शाम 5:30 बजे वह घर से निकले था और रात 10:30 बजे सूचना मिली कि वह पाचंबा गांव में दो लोगों के साथ पकड़े गए हैं। जहां नीरज के साथ मारपीट की गई। जिसके बाद उसे घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के दौरान एक लड़की द्वारा लगातार नीरज की हालत के बारे में पूछताछ की जा रही थी, जिससे परिवार को प्रेम प्रसंग का शक हुआ। नीरज के मामा ने पुलिस को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। डीएसपी अनोज कुमार ने बताया कि मृतक के परिवार के बयान के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जिस लाठी से पिटाई की गई थी, उसे भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## कस्टडी में युवक की मौत, थानाध्यक्ष समेत 3 सस्पेंड

### बक्सर में पिता ने शराबी बेटे को किया था पुलिस के हवाले, परिजन बोले-आए तो दिखी लाश



**बक्सर ।** सिमरी थाना में शराब के नशे में गिरफ्तार युवक की पुलिस कस्टडी में शनिवार को मौत हो गई। इस मामले में एसपी ने सिमरी थानाध्यक्ष प्रफुल कुमार, ओडी प्रभारी सीता राम चौधरी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। चौकीदार हरिकिशुन कुमार को सस्पेंड करने के लिए डीएम को पत्र भेजा गया है। बताया गया कि तत्काल जांच में पुलिस पदाधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। बक्सर एसपी ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। एसपी शुभम आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक के पिता ने डायल-112 को सूचना दी थी। शराब के नशे में बेटे को पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं, परिजनों ने रविवार को थाना पहुंचकर हंगामा किया है। परिजनों का कहना है कि हमें बेटे से मिलने बुलाया गया था, यहां आए तो बेटे की लाश मिली। करीब 3 बजे के आसपास शराब पीने की पुष्टि कराई गई। उसके बाद पिता ने बेटे के खिलाफ पुलिस को आवेदन दिया। युवक को चौकीदार की देख रेख में हाजत में बंद किया गया। लेकिन, शाम 5 बजे के आसपास युवक गेट के हाजत में अपनी बेल्ट को अपनी गर्दन में फंसा कर झूलने लगा। पुलिस पदाधिकारियों ने देखा तो हाजत खोल उसे बाहर निकाला। युवक को सांस लेने में तकलीफ होने पर सिमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां वह अचेत हो गया था। यहां से ऑक्सीजन लगा कर सदर अस्पताल रेफर किया गया। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एसपी ने कहा कि आगे की करवाई जारी है। युवक का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जो भी नियम के अनुसार कार्रवाई है, वह की जाएगी। इस संबंध में जांच डुमरांव एसडीपीओ आफाक अख्तर को सौंपी गई है। जिसमें थाना के स्झड और ओडी प्रभारी की गलती सामने आई है। वहीं, पुलिस कस्टडी में बेटे की मौत के बाद ग्रामीणों ने रविवार की दोपहर सिमरी थाना पहुंचकर हंगामा किया है। हालांकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सभी को समझाकर शांत करा लिया है। युवक के बड़े पापा तारकेश्वर प्रसाद का आरोप है कि पुलिस उसे थाना से जब हॉस्पिटल ले गई तो जानकारी नहीं दी। बक्सर में बेटे से मिलने के लिए बुलाया गया और जब पहुंचे तो सामने बेटे का शव रख दिया गया। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने बेटे का पोस्टमार्टम हमसे पूछे बिना करा दिया। कहा गया कि पुलिस कस्टडी में बेटे की मौत हुई है तो इसकी जिम्मेदार पुलिस है।

## लूटपाट कर गोली मारने के मामले में 2 गिरफ्तार

### भोजपुर के बालू घाट पर हुई थी फायरिंग, देसी पिस्तौल-राइफल जब्त





**भोजपुर।** पुलिस को दो अलग-अलग मामलों में उपलब्धि मिली है। पहला मामला संदेश थाना क्षेत्र के खंडोल-काजीक घाट (18बी) स्थित बालू भंडारण केन्द्र के चालान ऑफिस पर धावा बोल लूटपाट करने व दो कर्मियों को गोली मारे जाने का है। इस घटना में पुलिस ने एक और वांछित को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया शंभू यादव सहार थाना के एकवारी गांव का निवासी है। इसकी जानकारी शनिवार को सदर एएसपी परिचय कुमार ने पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एएसपी ने बताया कि इसके पूर्व के आपराधिक इतिहास के बारे में पता लगाया जा रहा है। इससे पूर्व इस कांड में श्रीकांत कुमार उर्फ आरजेडी और अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया था। दोनों का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा था। दोनों के खिलाफ संदेश व अजीमाबाद थाना में चार केस मिले थे। एक देसी पिस्तौल, एक राइफल, आठ कारतूस, एक बाइक, दो मोबाइल एक मैग्जीन और पांच खोखा के अलावा लूटी गई राशि में से करीब 50 हजार नकद बरामद किए गए थे। जब्त बाइक अमित की थी, जिसका उपयोग जिले के अन्य आपराधिक कांडों में भी हुआ था। 13 अगस्त की रात घटना घटित हुई थी। गोलीबारी के दौरान करीब नौ लाख 40 हजार रुपए की लूट हुई थी। स्टाक की संवेदक रीता देवी पति कृष्णा सिंह के बयान पर प्राथमिकी की गई थी,जिसमें छह की पहचान की गई थी।

टीम में संदेश थानाध्यक्ष संतोष कुमार समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे। कांड में संलिप्त अन्य अपराधियों की तलाश जारी है। संदेश थाना क्षेत्र के बडीहां गांव में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया राजेन्द्र यादव बडीहां गांव का निवासी है। सदर एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बडीहां गांव में कुछ लोग अवैध हथियार लहरा रहे है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान एक देसी पिस्तौल व एक कारतूस के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। इसे लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## बिहार के 18 जिलों में साइक्लोन 'दाना' का असर



**पटना।** साइक्लोन 'दाना' का असर बिहार के 18 जिलों में अभी भी देखने को मिल रहा है। इनमें 5 जिले भागलपुर, बांका, मुंगेर, खगड़िया और जमुई में आज भारी बारिश की संभावना है। बाकी के 13 जिलों में बादल छाए रहेंगे। पटना, आरा, बक्सर, जहानाबाद, नालंदा, जहानाबाद में रविवार सुबह बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, भले ही साइक्लोन 'दाना' कमजोर पड़ गया हो, लेकिन इसका असर 31 अक्टूबर तक देखने को मिलेगा। इसके बाद मौसम साफ होने का अनुमान है। दिवाली के बाद राज्य के अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, ओडिशा के उत्तरी भागों में लो प्रेशर का क्षेत्र बना हुआ है, जो अगले 12 घंटे के दौरान कमजोर पड़ जाएगा। पटना में शनिवार देर रात अच्छी बारिश हुई। राजधानी के अलावे लखीसराय, नालंदा, जहानाबाद, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, शेखपुरा और बेगूसराय में शनिवार को बारिश हुई। इन जिलों में आज भी बारिश की संभावना है। बीते 24 घंटे के दौरान सीतामढ़ी सबसे गर्म जिला रहा। यहां शनिवार को अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, शनिवार को मोतिहारी, किशनगंज और वाल्मीकि गर का न्यूनतम तापमान

## संक्षिप्त डायरी

### एक छत के नीचे होंगे तीन विभाग: 10 करोड़ की बनेगी कंबाइंड बिल्डिंग



**नालंदा।** पशुपालकों और किसानों के लिए खुशखबरी है। नालंदा जिले में पशुपालन, गव्य विकास और मत्स्य विभाग के लिए एक आधुनिक संयुक्त भवन का निर्माण किया जाएगा। अस्पताल चौक स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय कैंपस में बनने वाली बहुमंजिला इमारत की अनुमानित लागत लगभग 10 करोड़ रुपए है। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जून माह में ही भवन निर्माण के लिए भूमि चिह्नित कर रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। ₹यह परियोजना किसानों और पशुपालकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। एक ही स्थान पर सभी सेवाएं उपलब्ध होने से उन्हें काफी सुविधा होगी। प्रस्तावित ग्राउंड प्लस वन मंजिला भवन में प्रत्येक विभाग के लिए अलग-अलग कार्यालय होंगे। भवन में जिलास्तरीय अधिकारियों के लिए विशेष चैंबर और कर्मचारियों के लिए उचित कार्यस्थल की व्यवस्था की जाएगी। आगंतुकों के लिए आरामदायक प्रतीक्षालय, प्रत्येक मंजिल पर शौचालय और शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। भवन में एक आधुनिक प्रशिक्षण सभागार का भी निर्माण किया जाएगा, जहां किसानों और पशुपालकों को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। फिलहाल तीनों विभागों के कार्यालय अलग-अलग स्थानों पर संचालित हो रहे हैं। गव्य विकास विभाग का कार्यालय धनेश्वरघाट मंदिर के पास और मत्स्य विभाग का कार्यालय पुरानी जेल के पास किराए के भवन में चल रहा है। नई बिल्डिंग बनने के बाद सभी कार्यालय एक ही छत के नीचे आ जाएंगे। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस परियोजना से न केवल प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ेगी, बल्कि आम जनता को भी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी।

### बोधगया में दिनदहाड़े फायरिंग, युवकों की मारपीट का मामला: कुछ दिन पहले गांव में भिड़े थे लड़के



**बोधगया ।** भागलपुर में रविवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े फायरिंग की है। इस फायरिंग से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मौके पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। बताया गया कि पुरानी रंजिश को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया गया। गांव के युवक राहुल कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव में मारपीट हुई थी, उसी झगड़े का बदला लेने के लिए यह हमला हुआ है। घटना में शामिल युवक मारपीट के इरादे से गांव पहुंचे थे, लेकिन हालात बिगड़ने पर फायरिंग कर दी। बोधगया के एसडीपीओ सौरभ जायसवाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल से पुलिस ने दो खोखे बरामद किए हैं। इसके अलावा एक संदिग्ध को पकड़ लिया गया है, जिससे कड़ी पूछताछ की जा रही है। पुलिस फिलहाल यह जानने की कोशिश कर रही है कि इस हमले के पीछे किसका हाथ है और किन कारणों से फायरिंग की गई। घटना के बाद से इलाके में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोग दहशत में हैं और पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है। एसडीपीओ जायसवाल ने बताया कि जल्द ही मामले की सच्चाई सामने आएगी और दोषियों को कानून के शिकंजे में लाया जाएगा। फिलहाल पुलिस इस घटना को पुरानी रंजिश से जोड़कर देख रही है और अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है।

### प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज का भागलपुर में विरोध

**भागलपुर ।** रविवार को रेलवे द्वारा बनाए जा रहे ओवरब्रिज का लोगों ने विरोध किया है। रेलवे ओवरब्रिज बन जाने के कारण दर्जनों परिवार बेघर हो जाएंगे। व्यवसाय पर असर पड़ जाएगा, जिसको लेकर लोगों ने रविवार को एक बैठक करते हुए रेलवे ओवरब्रिज निर्माण का विरोध किया है।

मामला सुल्तानगंज प्रखंड क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। सुल्तानगंज क्षेत्र के मुरारका कॉलेज रोड स्थित रेलवे गुमटी नंबर 9बी के पास रेलवे विभाग द्वारा ओवरब्रिज को प्रस्तावित क्या है। जिसके बनने से आसपास के दर्जनों परिवारों पर संकट आ जाएगा। यहां तक कि आसपास के इलाकों के रहने वाले फुटपाथ पर दुकान चलाने वालों लोगों की व्यवसाय भी चला जाएगा। रेलवे ओवरब्रिज का लोगों ने विरोध किया। इस मामले में ग्रामीणों के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई थी। बैठक का नेतृत्व डॉ नईमुद्दीन द्वारा किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि रेल विभाग ने मुरारका कॉलेज के पास रेलवे गुमटी नंबर 9बि स्पेशल में रेलवे ओवरब्रिज बनने से आसपास के रहने वाले सभी समुदाय के लोग बेघर हो जाएंगे। सभी लोगों का रोजगार भी खत्म हो जाने से जन जीवन पर असर होगा। इसलिए हम ग्रामीण एकजुट होकर बैठक करते हुए रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण का विरोध कर रहे हैं। मौके पर सामाजिक संगठन से जुड़े प्रेम कृष्ण मुन्ना, एवं ग्रामीण शालिग्राम राम प्रेम कुमार, बृजमोहन राम, विनोद मंडल पप्पू यादव, ब्रह्मचारी दास, मनोज दास सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## बड़े ने छोटे भाई की पीट-पीटकर की हत्या



**कटिहार ।** मनिहारी थाना क्षेत्र के कांटाकोश पंचायत में दो सगे भाइयों के बीच मवेशी चारा को लेकर हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें बड़े भाई के पिटाई से छोटे की मौत हो गई। मृतक की पहचान अबू ताहिर के रूप में हुई है। घटना बाबूपुर गांव की है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि शनिवार की शाम बड़े भाई मोहम्मद बदरुद्दीन के दरवाजे पर रखे मवेशी चारे को अबू ताहिर के बछड़े ने खा लिया। इसी मामूली बात पर दोनों भाइयों के बीच विवाद छिड़ गया, जो जल्द ही मारपीट में बदल गया। विवाद के दौरान लाठी-डंडे चलने लगे, जिससे अबू ताहिर के सिर पर गंभीर चोट आई और बदरुद्दीन भी बुरी तरह से जख्मी हो गया। पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर दोनों को अनुमंडल अस्पताल मनिहारी पहुंचाया, जहां अत्यधिक खून बहने के कारण अबू ताहिर को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, बदरुद्दीन और अन्य घायल लोगों का इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही मनिहारी थानाध्यक्ष पंकज आनंद, एसआई गौतम कुमार और मोहम्मद सद्दाम अस्पताल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए कटिहार भेजा गया। पुलिस ने बड़े भाई बदरुद्दीन को हत्या के आरोप में हिरासत में ले लिया है।

## महिला की पीठ पर बैठे 3 बदमाश, फिर की डकैती

### मुंह में ठूंस दिया था दुपट्टा, 7 लाख रुपए की डकैती, दो साल पहले भी हुई थी यहीं पर वारदात



**दरभंगा ।** बदमाशों ने 7 लाख रुपए की डकैती की है। यहां 3 बदमाश महिला के पीठ पर बैठ गए। मुंह में दुपट्टा ठूंस कर वारदात को अंजाम दिया है। 2 साल पहले भी इस घर में डकैती की घटना हुई थी। मामला जाले थाना क्षेत्र के कछुआ पंचायत स्थित कालिका स्थान के समीप का है। घर के एक कमरे में अकेली सो रही महिला को बंधक बनाकर डकैती की गई। जानकारी के अनुसार सभी परिजन अलग-अलग कमरे में थे। डकैत घर के खिड़की का ग्रिल खोल कर अंदर पहुंच गए। एक कमरे में पिंकी कुमारी अकेली सो रही थी। डकैत ने पहले उसके मुंह में उसका ही दुपट्टा ठूंस दिया, फिर उसके पीठ पर तीन लोग बैठ गए। जबकि, एक अलग-अलग चीजों की तलाशी ले रहा था। 15 से 20 मिनट तक पिंकी को पांच डकैतों ने दबोच कर रखा। घर में रखे जेवर और पैसों की जानकारी मांगी। गोदरेज का चाबी नहीं मिलने पर एक डकैत को पिंकी के पास छोड़कर बाकी चार बाहर पेचकस लाने चले गए। इतने में पकड़ ढीली हुई और पिंकी ने उसे झटका देकर दरवाजा खोला और आंगन में दौड़कर भाग गई। इसके बाद सभी डकैत मामला बिगड़ता देख वहां से भाग खड़े हुए। गृह स्वामी ने बताया कि डकैती में लगभग 7 लाख रुपए की संपत्ति लूट ली गई है। पीड़ित पिंकी कुमारी ने बताया कि रात एक बजे अचानक उनके कमरे के खिड़की का ग्रील तोड़कर 5 डकैत अंदर घुस आए। जबकि, दो बाहर ही पहरेदारी कर रहा था। तीन उनके पीठ पर बैठ गया और एक पांव पर बैठा हुआ था। बचा हुआ एक कमरे में तलाशी कर चीजों की चोरी कर रहा था। इसी क्रम में एक डकैत के चेहरे से गमछा हट गया। कमरे के अंदर के पांच डकैतों में से एक के पास पिस्तौल थी। इसने कनपटी पर उसे सटा कर रखा था। दूसरे डकैत ने आंख के पास चाकू सटा रखा था। पिंकी ने बताया कि मैं हिल नहीं सकती थी। अंत में डकैतों ने गोदरेज का चाबी मांगा। मैंने बताया कि मेरे पास नहीं है। तब सभी पेचकस खोजने लगे। चार डकैत पेचकश खोजने बाहर चले गए। बचे हुआ एक डकैत की पकड़ हल्की ढीली हुई। तो उसे झटका देकर में दरवाजा खोल कर आंगन में भाग गई। फिर उसके बाद अपनी सास, ससुर और ननद को जगाई। पीड़ित रानी मिश्रा ने बताया कि इससे पहले भी 2022 में उनके यहां डकैती हुई थी। उस वक्त वह और उनके ससुर केवल घर में थे। उस दौरान 3 लाख के गहने की चोरी हुई थी। इस बार की डकैती में लगभग 7 लाख रुपए के जेवर डकैत ले गए है। घटना की रात घर में रानी मिश्रा उनके पति राम सुंदर मिश्रा, उनकी बेटी इंदिरा कुमारी, ढाई साल का बेटा चित्रांश और उनकी बहू पिंकी कुमारी मौजूद थी। थाना अध्यक्ष संदीप पाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है। मामले की छानबीन की जा रही है। पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी

### 14 लाख जेवर समेत 5 लाख कैश की चोरी

**पूर्णिया । मधुबनी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर इलाके के वार्ड 3 में चोरों ने घाट का ताला तोड़कर 19 लाख रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने घर के तीन कमरों में घुसकर आलमीरा में रखा 14 लाख के सोने और चांदी के जेवरात के अलावा 5 लाख कैश की चोरी कर ली। घटना चंद्र किशोर सिंह के बेटे राजीव रंजन के घर में हुई है। चोरी हुए कैश को पीड़ित अपने पैतृक गांव में बन रहे घर की ढलाई के लिए इकट्ठा कर रखे थे। इसकी जानकारी मधुबनी थाना पुलिस को दी गई। मामले को लेकर थाना में लिखित आवेदन दी गई है। इस मामले में पीड़ित ने बताया कि शनिवार को बनमनखी में किसी जानने वाले के यहां बर्थडे पार्टी थी। वो परिवार समेत करीब 6:35 में घर के दरवाजे पर ताला लगाकर पार्टी में शामिल होने गए थे। रात 12 बजे के करीब जब घर पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। सभी कमरे खुले हुए थे। दूसरे दरवाजे का लॉक भी टूटा मिला। लॉक टूटने की स्थिति देखकर चोरों ने पहले दरवाजे पर लगा ताला तोड़ने के बाद दूसरे दरवाजे को जोर से धक्का दिया। जिस वजह से कुंडी समेत उसका लॉक उखाड़ गया। चोर इसी रास्ते से कमरे में घुसे। जिसके बाद सभी कमरे के आलमीरा का लॉक तोड़ा।**



# कृष्ण के 80 पुत्रों का रहस्य

आर्यभट्ट के अनुसार महाभारत युद्ध 3137 ईपू में हुआ। इस युद्ध के 35 वर्ष पश्चात भगवान कृष्ण ने देह छोड़ दी थी तभी से कलियुग का आरंभ माना जाता है। पुराणों के अनुसार 8वें अवतार के रूप में विष्णु ने यह अवतार 8वें मनु वैवस्वत के मन्वंतर के 28वें द्वापर में श्रीकृष्ण के रूप में देवकी के गर्भ से 8वें पुत्र के रूप में मथुरा के कारागार में जन्म लिया था। उनका जन्म भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की रात्रि के 7 मुहूर्त निकलने के बाद 8वें मुहूर्त में हुआ। तब रोहिणी नक्षत्र तथा अष्टमी तिथि थी जिसके संयोग से जयंती नामक योग में लगभग 3112 ईसा पूर्व (अर्थात आज से 5125 वर्ष पूर्व) को जन्म हुआ।

ज्योतिषियों के अनुसार रात 12 बजे उस वक्त शून्य काल था। भगवान श्रीकष्ण ने आठ महिलाओं से विधिवत विवाह किया था। इन आठ महिलाओं से उनको 80 पुत्र मिले थे। इन आठ महिलाओं को अष्टा भार्या कहा जाता था। इनके नाम हैं : अष्ट भार्या : कृष्ण की 8 ही पत्नियां थीं यथा- रुक्मणि, जाम्बवन्ती, सत्यभामा, कालिन्दी, मित्रबिन्दा, सत्या, भद्रा और लक्ष्मणा।

- श्रीकृष्ण-रुक्मिणी के पुत्र - प्रद्युम्न, चारुदेष्ण, सुदेष्ण, चारुदेह, सुचारू, चरुगुप्त, भद्रचारू, चारुचंद्र, विचारू और चारू।
- जाम्बवती-कृष्ण के पुत्र - साम्ब, सुमित्र, पुरुजित, शतजित, सहस्त्रजित, विजय, चित्रकेतु, वसुमान, द्रविड़ और क्रतु।
- सत्यभामा-कृष्ण के पुत्र - भानु, सुभानु, स्वरभानु, प्रभानु, भानुमान, चंद्रभानु, वृहद्‍भानु, अतिभानु, श्रीभानु और प्रतिभानु।
- कालिंदी-कृष्ण के पुत्र- श्रुत, कवि, वृष, वीर, सुबाहु, भद्र, शांति, दर्श, पूर्णमास और सोमक।
- मित्रविन्दा-श्रीकृष्ण के पुत्र- वृक, हर्ष, अनिल, गृध्र, वर्धन, अन्नाद, महांस, पावन, वह्नि और क्षुधि।
- लक्ष्मणा-श्रीकृष्ण के पुत्र- प्रघोष, गात्रवान, सिंह, बल, प्रबल, ऊर्ध्वग, महाशक्ति, सह, ओज और अपराजित।
- सत्या-श्रीकृष्ण के पुत्र- वीर, चन्द्र, अश्वसेन, चित्रगुप्त, वेगवान, वृष, आम, शंकु, वसु और कुंति।
- भद्रा-श्रीकृष्ण के पुत्र-संग्रामजित, वृहत्सेन, शूर, प्रहरण, अरिजित, जय, सुभद्र, वाम, आयु और सत्यक।

## कृष्ण कुल का नाश

गांधारी के शाप के चलते भगवान श्री कृष्ण के कुल का नाश हो गया था। उल्लेखनीय है कि गांधारी ने यदुकुल या यदुवंश के नाश का शाप नहीं दिया था। मथुरा अंधक संघ की राजधानी थी और द्वारिका वृष्णियों की। ये दोनों ही यदुवंश की शाखाएं थीं। यदुवंश में अंधक, वृष्णि, माधव, यादव आदि वंश चला। श्रीकृष्ण ने मथुरा से जाकर द्वारिका में अपना स्थान बनाया था। श्रीकृष्ण ने द्वारिका का फिर से निर्माण कराया था, क्योंकि उनकी चीन यात्रा के दौरान शिशुपाल ने द्वारिका को नष्ट कर दिया था। श्रीकृष्ण वृष्णि वंश से थे। वृष्णि ही 'वार्ष्णेय' कहलाए, जो बाद में वैष्णव हो गए।

महाभारत युद्ध के बाद जब 36वां वर्ष प्रारंभ हुआ तो राजा युधिष्ठिर को तरह-तरह के अपशकुन दिखाई देने लगे। विश्वामित्र, असित, दुर्वासा, कश्यप, वशिष्ठ और नारद आदि बड़े-बड़े ऋषि द्वारका के पास पिंडारक क्षेत्र में निवास कर रहे थे। एक दिन सारण आदि किशोर जाम्बवती नंदन साम्ब को स्त्री वेश में सजाकर उनके पास ले गए और बोले- ऋषियों, यह कजरारे नैनों वाली बभ्रु की पत्नी है और गर्भवती है। यह कुछ पूछना चाहती है लेकिन सकुचाती है। इसका प्रसव समय निकट है, आप सर्वज्ञ हैं। बताइए, यह कन्या जनेगी या पुत्र। ऋषियों से मजाक करने पर उन्हें क्रोध आ गया और वे बोले, 'श्रीकृष्ण का पुत्र साम्ब वृष्णि और अर्धकवंशी पुरुषों का नाश करने के लिए लोहे का एक विशाल मूसल उत्पन्न करेगा। केवल बलराम और श्रीकृष्ण पर उसका वश नहीं चलेगा। बलरामजी स्वयं ही अपने शरीर का परित्याग करके समुद्र में प्रवेश कर जाएंगे और श्रीकृष्ण जब भूमि पर शयन कर रहे होंगे, उस समय जरा नामक व्याध उन्हें अपने बाणों से बींध देगा।' मुनियों की यह बात सुनकर वे सभी किशोर बहुत डर गए। उन्होंने तुरंत साम्ब का पेट (जो गर्भवती दिखने के लिए बनाया गया था) खोलकर देखा तो उसमें एक मूसल मिला। वे सब बहुत घबरा गए और मूसल लेकर अपने आवास पर चले गए। उन्होंने भरी सभा में वह मूसल ले जाकर रख दिया। उन्होंने राजा उग्रसेन सहित सभी को यह घटना बता दी। उन्होंने उस मूसल का चूरा-चूरा कर डाला तथा उस चूरे व लोहे के छोटे टुकड़े को समुद्र में फिंकवा दिया जिससे कि ऋषियों की भविष्यवाणी सही न हो। लेकिन उस टुकड़े को एक मछली निगल गई और चूरा लहरों के साथ समुद्र के किनारे आ गया और कुछ दिन बाद एरक (एक प्रकार की घास) के रूप में उग आया। मछुआरों ने उस मछली को पकड़ लिया। उसके पेट में जो लोहे का टुकडा था उसे जरा नामक ब्याध ने अपने बाण की नोंक पर लगा लिया। मुनियों के शाप की बात श्रीकृष्ण को भी बताई गई थी। उन्होंने कहा- ऋषियों की यह बात अवश्य सच होगी। एकाएक उन्हें गांधारी के शाप की बात याद आ गई। वृष्णिवंशियों को दो शाप- एक गांधारी का और दूसरा ऋषियों का। श्रीकृष्ण सब कुछ जानते थे लेकिन शाप पलटने में उनकी रुचि नहीं थी।

36वां वर्ष चल रहा था। उन्होंने यदुवंशियों को तीर्थयात्रा पर चलने की आज्ञा दी। वे सभी प्रभास में उत्सव के लिए इकट्ठे हुए और किसी बात पर आपस में झगड़ने लगे। झगड़ा इतना बढ़ा कि वे वहां उग आई घास को उखाड़कर उसी से एक-दूसरे को मारने लगे। उसी 'एरका' घास से यदुवंशियों का नाश हो गया। हाथ में आते ही वह घास एक विशाल मूसल का रूप धारण कर लेती। श्रीकृष्ण के देखते-देखते साम्ब, चारुदेष्ण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध की मृत्यु हो गई।



## मौसुल युद्ध

इस आपसी झगड़े को मौसुल युद्ध कहा जाता है। इस युद्ध के कई रहस्य हैं। झगड़े की शुरुआत कृतवर्मा के अपमान से हुई। सात्यकि ने मदिरा के आवेश में उनका उपहास उड़ाते हुए कहा कि अपने को क्षत्रिय मानने वाला ऐसा कौन वीर होगा, जो रात में मुर्दे की तरह सोए मनुष्यों की हत्या करेगा। तूने जो अपराध किया है, यदुवंशी उसे कभी माफ नहीं कर सकते। उसके ऐसा कहने पर प्रद्युम्न ने भी कृतवर्मा का अपमान करते हुएउनकी बात का समर्थन किया। कृतवर्मा ने महाभारत का युद्ध लड़ा था और वे युद्ध में जीवित बचे 18 योद्धाओं में से एक थे। कृतवर्मा यदुवंश के अंतर्गत भोजराज हृदिक का पुत्र और वृष्णि वंश के 7 सेनानायकों में से एक था। महाभारत युद्ध में इसने एक अक्षौहिणी सेना के साथ दुर्योधन की सहायता की थी। कृतवर्मा कौरव पक्ष का अतिरथी योद्धा था। कृतवर्मा को बड़ा क्रोध आया और उन्होंने एक हाथ उठाकर सात्यकि का तिरस्कार करते हुए कहा, 'भूरिश्रवा की बांह कट गई थी और वे मरणांत उपवास का निर्णय कर युद्ध भूमि में बैठ गए थे, उस अवस्था में भी तुमने वीर कहलाकर भी उनकी नृशंसतापूर्वक हत्या क्यों कर दी थी। यह तो नपुंसकों जैसा कृत्य था। इस बात पर सात्यकि को क्रोध आ गया। उन्होंने तलवार से कृतवर्मा का सिर धड़ से अलग कर दिया। बात बढ़ती चली गई और सब काल-कवलित हो गए। मूसल के प्रहार से उन सबने एक-दूसरे की जान ले ली।



# ऐसे सपने बताते हैं घर में आने वाली हैं खुशियां

सपने सभी को दिखाई देते हैं। उनमें से कुछ सपने अच्छे भविष्य की ओर संकेत करते हैं, जबकि कुछ भविष्य में आने वाली परेशानियों से आगाह करते हैं। स्वप्न ज्योतिष के अनुसार, सपनों का संबंध कहीं न कही आपके मन और आपकी चाहतों से होता है। प्राचीन काल से चली आ रही मान्ताओं के अनुसार सपने आने वाले शुभ और अशुभ फलों के बारे में बताते हैं। कुछ सपने ऐसे हैं जिसके बारे में कहा जाता है कि इनके दिखने का मतलब है घर में आने वाली है बड़ी खुशी। आइए जानते हैं कुछ ऐसे ही सपनों के बारे में जो ये संकेत देते हैं।

### अनार का फल देखना

अनार का फल देखने का मतलब है धन लाभ भी और संतान प्राप्ति का संकेत देता हैं।

### आम का पेड़ देखना

अगर सपने में आप आम से लदे हुए पेड़ को देखते हैं तो यह संकेत है कि आपके घर में खुश खबरी आने वाली है।

### सपने में सांप को देखना

स्वप्न शास्त्र के अनुसार अगर आपको सपने में सांप दिखने लगे तो इसका मतलब है कि आपके घर में नए मेहमान का आगमन हो सकता है यानी आपके घर में संतान का जन्म हो सकता है। यह सपना धन लाभ का भी सचक माना जाता है।

### छोटे बच्चो को खेलते हुए देखना

छोटे बच्चे को खेलते हुए देखने का मतलब है आपके दांपत्य जीवन में मधुरता आएगी और संतान प्राप्ति का योग बनेगा।

### सेब खाते हुए देखना

महलिाओं का सेब खाते हुए देखने का मतलब है कि खुशखबरी आने वाली है। वह मां बन सकती हैं। गोद में और फलों की टोकरी देखने का मतलब भी संतान प्राप्ति माना गया है।

### इमली खाते हुए देखना

सपने में ईमली खाते हुए देखने का मतलब है आपके घर में बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है।

### दर्पण देखना

सपने में दर्पण देखने का मतलब है कि आपको जल्दी ही संतान सुख मिलेगा।

### हरा-भरा खेत देखना

सपने में हरा भरा खेत दिखना मतलब जीवन में हरयिाली यानी धन और सुख का समय आने वाला है। यह सपना संतान प्राप्ति का भी सूचक माना जाता है।

### लाल फूल का दिखना

सपने में लाल फूल का दखिना अच्छा शगुन माना जाता है। इसका मतलब है कि आपको संतान सुख मिलेगा।

### नाखून का बढ़ा हुआ देखना

अपने नाखून का बढ़ा हुआ देखना अच्छा शगुन माना जाता है। यह स्वप्न बताता है कि आपको कहीं से धन लाभ मिलेगा। यह स्वप्न नि:संतान दंपत्ति को संतान सुख का संकेत देता है।



# इस श्राप के कारण शिवजी ने काटा था गणेशजी का सिर


**पौराणिक कथाओं में कहा जाता है कि एक बार शिवजी ने अपने पुत्र गणेश का सिर त्रिशूल से काट दिया था। मगर, क्या आप जानते हैं कि ऐसा करने की स्थिति क्यों बनी थी। वह क्या श्राप था, जिसकी वजह से भोलेनाथ को भी पीड़ा उठानी पड़ी।**

## गणेशजी के जन्म की कहानी

एक बार शिवजी के गण नंदी ने देवी पार्वती की आज्ञा पालन में त्रुटि कर दी थी। इससे नाराज देवी ने अपने शरीर के उबटन से एक बालक का निर्माण कर उसमें प्राण डाल दिए और कहा कि तुम मेरे पुत्र हो। तुम मेरी ही आज्ञा का पालन करना किसी और की नहीं। देवी पार्वती ने यह भी कहा कि मैं स्नान के लिए जा रही हूं। ध्यान रखना कोई भी अंदर न आने पाए। थोड़ी देर बाद वहां भगवान शंकर आए और देवी पार्वती के भवन में जाने लगे। यह देखकर उस बालक ने विनयपूर्वक उन्हें रोकने का प्रयास किया। बालक का हठ देखकर भगवान शंकर क्रोधित हो गए और उन्होंने अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। देवी पार्वती ने जब यह देखा तो वे बहुत क्रोधित हो गई। उनकी क्रोध की अग्नि से सृष्टि में हाहाकार मच गया। तब सभी देवताओं ने मिलकर उनकी स्तुति की और बालक को पुनर्जीवित करने के लिए कहा। तब भगवान शंकर के कहने पर विष्णुजी एक हाथी का सिर काटकर लाए और वह सिर उन्होंने उस बालक के धड़ पर रखकर उसे जीवित कर दिया। तब भगवान शंकर व अन्य देवताओं ने उस गजमुख बालक को अनेक आशीर्वाद दिए। देवताओं ने गणेश, गणपति, विनायक, विघ्नहरता, प्रथम पूज्य आदि कई नामों से उस बालक की स्तुति की।

## यह था शिवजी को श्राप

एक समय में माली और सुमाली दो राक्षस थे जो शिव को समर्पित थे। सूर्य देव उन राक्षसों को उनके पापों के लिए मारने वाले थे। राक्षसों ने शिव से प्रार्थना की और शिव ने उनकी रक्षा के लिए हस्तक्षेप किया। उन्होंने सूर्य को अपने त्रिशूल से मार दिया और इससे सारी दुनिया अंधेरे में डूब गयी। त्रिशूल की चोट से सूर्य की चेतना नष्ट हो गई और वह तुरंत रथ से नीचे गिर पड़े। जब कश्यपजी ने देखा कि उनका पुत्र मरणासन्न अवस्था में हैं, तो वे उसे छाती से लगाकर फूट-फूटकर विलाप करने लगे। सारे देवताओं में हाहाकार मच गया। सभी भयभीत होकर रोने लगे। तब ब्रह्मा के पौत्र तपस्वी कश्यप जी ने शिवजी को शाप दिया, वे बोले जैसा आज तुम्हारे प्रहार के कारण मेरे पुत्र का हाल हो रहा है। ठीक वैसे ही तुम्हारे पुत्र पर भी होगा। तुम स्वयं अपने ही पुत्र का मस्तक काट दोगे। इसी श्राप के कारण ऐसे संयोग बने कि महादेव को गणेश जी का सर काटना पड़ा।



# विदेशों में भी मानते हैं मोर पंखों को शुभ

मोर, मयूर, पिकॉक कितने खूबसूरत नाम है इस सुंदर से पक्षी के। जितना खूबसूरत यह दिखता है उतने ही खूबसूरत फायदे इसके पंखों के भी हैं। हमारे देवी-दवताओं को भी यह अत्यंत प्रिय हैं। मां सरस्वती, श्रीकृष्ण, मां लक्ष्मी, इन्द्र देव, कार्तिकेय, श्री गणेश सभी को मोर पंख किसी न किसी रूप में प्रिय हैं। पौराणिक काल में महर्षियों द्वारा इसी मोरपंख की कलम बनाकर बड़े-बड़े ग्रंथ लिखे गए हैं। मोर के विषय में माना जाता है कि यह पक्षी किसी भी स्थान को बुरी शक्तियों और प्रतिकूल चीजों के प्रभाव से बचाकर रखता है। यही वजह है कि अधिकांश लोग अपने घरों में मोर के खूबसूरत पंखों को लगाते हैं।

- मोर पंख की जितनी महत्ता भारत के लोगों के लिए है शायद ही किसी अन्य देश के लोगों के लिए हो। हमारे यहां माना जाता है कि मोर नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में सबसे प्रभावशाली है।
- हालांकि 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में पश्चिमी देशों के लोग मोरपंख को दुर्भाग्य का सूचक मानते थे। लेकिन मोर पंख की शुभ्ता का अनुभव होने के बाद उसे शुभ चिन्ह के रूप में स्वीकार कर लिया गया।
- ग्रीक पौराणिक कथाओं के अनुसार मोर को 'हेरा' के साथ संबंधित किया जाता है। मान्यता के अनुसार आर्गस, जिसकी सौ आंखें थीं, उसके द्वारा हेरा ने मोर की रचना की।
- यही वजह है कि ग्रीक लोग मोर के पंखों को स्वर्ग और सितारों की निगाहों के साथ जोड़ते हैं।
- हिंदू धर्म में मोर को धन की देवी लक्ष्मी और विद्या की देवी सरस्वती के साथ जोड़कर देखा जाता है।
- लक्ष्मी सौभाग्य, खुशहाली और धन धान्य व संपन्नता के लिए पूजी जाती हैं। मोर के पंखों का प्रयोग लक्ष्मी की इन्हीं विशेषताओं को हासिल करने के लिए किया जाता है। मोर पंख को बांसुरी के साथ घर में रखने से रिश्तों में प्रेम रस घुल जाता है।
- एशिया के बहुत से देशों में मोर के पंखों को अध्यात्म के साथ संबंधित किया जाता है। क्वान-यिन जो कि अध्यात्म का प्रतीक है का मोर से खास रिश्ता माना गया है। क्वान यिन : क्वान-यिन प्रेम, प्रतिष्ठा, धीरज और स्नेह का सूचक है। इसलिए संबंधित देशों के लोगों के अनुसार मोर पंख से नजदीकी अर्थात क्वान-यिन से समीपता मानी गई है।
- बौद्ध धर्म के अनुसार मोर अपनी अपने सारे पंखों को खोल देता है, इसलिए उसके पंख विचारों और मान्यताओं में खुलेपन का ही प्रतीक माने जाते हैं।
- ईसाई धर्म में मोर के पंख, अमरता, पुनर्जीवन और अध्यात्मिक शिक्षा से संबंध रखते हैं।
- इस्लाम धर्म में मोर के खूबसूरत पंख जन्नत के दरवाजे के बाहर अद्‍भुत शाही बगीचे का प्रतीक माने जाते हैं।

यह भी विशेष गौर करने लायक तथ्य है कि घरों में मोरपंख रखने से कीड़े-मकोड़े घर में दाखिल नहीं होते।

# न्यूजीलैंड से दूसरा टेस्ट हारने के बाद गंभीर का सख्त रुख, रोहित-कोहली की टीम से छीना 'विशेषाधिकार'

**पुणे (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम की हार ने पूरे क्रिकेट जगत को झकझोर कर रख दिया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में मिली हार का मतलब है कि भारतीय टीम को 12 साल में पहली बार घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा, इससे पहले 2012 में इंग्लैंड ने उसे हराया था। पहले दो टेस्ट के नतीजों के बाद टीम प्रबंधन ने कथित तौर पर एक सख्त कदम उठाते हुए सभी के लिए 'वैकल्पिक प्रशिक्षण' सत्र रद्द कर दिया है जिसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे वरिष्ठ सितारे और जसप्रीत बुमराह जैसे तेज गेंदबाज शामिल हैं।


परंपरागत रूप से खिलाड़ियों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र को वैकल्पिक रखा जाता है। यह चलन रहा है कि शीर्ष बल्लेबाज और तेज गेंदबाज अक्सर उस सत्र को छोड़ देते थे और खुद को केवल हल्के प्रशिक्षण तक ही सीमित रखते थे। हालांकि, अब ऐसा नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार टीम प्रबंधन ने हर एक खिलाड़ी से अभ्यास सत्र छोड़ने का विकल्प छीन लिया है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है, %टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों से 30 और 31 अक्टूबर को दो दिन अभ्यास के लिए उपस्थित रहने को कहा है। यह अनिवार्य है और कोई भी इसे छोड़ नहीं सकता।'

भारत भले ही न्यूजीलैंड से टेस्ट सीरीज हार गया हो, क्योंकि मेहमान टीम पहले ही 0-2 की बढ़त ले चुकी है, लेकिन मुंबई में होने वाला तीसरा टेस्ट अभी भी टीम के लिए जीतना जरूरी है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारतीय टीम एक और चूक बर्दाश्त नहीं कर सकती। इसलिए भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और टीम प्रबंधन के अन्य सदस्य चाहते हैं कि हर खिलाड़ी सभी प्रशिक्षण सत्रों में भाग ले।



# आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में उतर सकते हैं ऋषभ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी में उतरने की संभावनाएं हैं। माना जा रहा है कि दिल्ली कैपिटल्स अब ऋषभ को कप्तान के तौर पर रिटेन नहीं करना चाहती है। सभी 10 टीमों को आने वाले दिनों में अपनी रिटेंशन लिस्ट जमा करनी है। ऐसे में सभी फ्रेंचाइजी अपनी सूची को अंतिम रुप देना चाहती हैं।



प्राप्त जानाकरी के अनुसार ऋषभ को प्रबंधन एक बार फिर कप्तान बनाने को लेकर स्पष्ट नहीं है। प्रबंधन इस मामले पर संशय में है।

ऋषभ साल 2016 से दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए हैं, लेकिन अब उनकी स्थिति स्पष्ट नहीं है। रिटेंशन लिस्ट जमा करने की समय सीमा के करीब आने के साथ, यह अटकलें तेज हो गई हैं कि उन्हें रिटेन नहीं किया जाएगा। वह हालांकि आईपीएल में सबसे चर्चित नामों में से एक हैं और उनकी टीम में भूमिका हमेशा अहम रही है। दिल्ली कैपिटल्स के प्रबंधन के लिए उनकाभविष्य तय करना एक बड़ा निर्णय होगा। इसका कारण है कि ये विकेटकीपर बल्लेबाज एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं। पंत के आईपीएल में प्रदर्शन को देखते हुए, कई फ्रेंचाइजी उनकी नीलामी में रुचि दिखा सकती हैं, खासकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), जो एक नए कप्तान की तलाश में हैं।

इसके अलावा, पंत के पूर्व कोच रिकी पोंटिंग के साथ उनके अच्छे संबंध भी चर्चा का विषय हैं हालांकि, पोंटिंग अब दिल्ली कैपिटल्स की जगह पर पंजाब किंग्स के कोच बन गए हैं, जिससे यह संभावना बढ़ गई है कि पंजाब भी इस क्रिकेटर को खरीदने के लिए बड़ी बोली लगा सकती है। ऐसे में ऋषभ को लेकर आने वाले दिनों में स्पष्टता मिलने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स के प्रशंसक बेसब्री से इस निर्णय का इंतजार कर रहे हैं, जो टीम के भविष्य को प्रभावित कर सकता है।

# एक सीरीज हारने से रणनीति नहीं बदल सकते : रोहित



**पुणे (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार को निराशाजनक बताया है पर कहा कि इससे कुछ निष्कर्ष नहीं निकाले जा सकते हैं न ही अपनी रणनीति बदली जा सकती है। उन्होंने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए शांति से इस बारे में बात करनी होगी, किसी प्रकार का अलग तरीका अपनाना फायदेमंद नहीं रहेगा। न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट में भारत को हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है।

रोहित ने कहा, 'कुछ खिलाड़ियों से शांत माहौल में बातचीत करने की जरूरत है। उन्हें यह बताना जरूरी है कि वे कहां है और टीम उनसे क्या उम्मीद रखती है।' अब उनका लक्ष्य खिलाड़ियों को वास्तविकता से अवगत कराना है पर इस दौरान वह कोई विवाद नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि आपको उन्हें एक-एक करके टीम रूम में बिठाने, उनकी पारियों को देखने और उन्हें यह बताने की ज़रूरत है कि उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं।'

रोहित ने कहा, 'केवल इसलिए कि हम एक सीरीज हार गए हैं तो हमें अलग तरह से बात करने या अलग तरीके अपनाने की जरूरत है। हमें केवल उन हालातों से बाहर आने की जरुरतत है।' रोहित ने कहा कि उन्हें अपने खिलाड़ियों पर भरोसा है, जिन्होंने भारत को कई मैच जिताए हैं। भारतीय कप्तान ने कहा, 'मुझे किसी की क्षमता पर कोई संदेह नहीं है। इस हार से सीख लेते हुए बल्लेबाजों को अपनी तय रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा। साथ ही अपने पर भरोसा रखना होगा पर मैं किसी प्रकार का गैरजरुरी दबाव नहीं बनाना चाहूंगा।'

# पंजाब किंग्स के साथ क्या हुई थी गड़बड़, ग्लेन मैक्सवेल ने खुद किया खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा। उन्होंने पंजाब के लिए खेलते हुए कई रिकॉर्ड बनाए। अब अपनी पुस्तक द शोमैन में मैक्सवेल ने अपनी आईपीएल यात्रा का वर्णन किया है। साथ ही पूर्व साथी और गुरु वीरेंद्र सहवाग के साथ जटिल संबंधों पर प्रकाश डाला है। मैक्सवेल 2014 में किंग्स इलेवन पंजाब में शामिल हुए थे। टीम ने केवल तीन ही मैच गंवाए और फाइनल में पहुंच गई। मैक्सवेल ने इस दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 552 रन बनाए और किसी भी अन्य खिलाड़ी की तुलना में अधिक छक्के लगाए। हालांकि फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स से पंजाब जीत नहीं पाई।

पंजाब के साथ अपने परफेक्ट सीजन पर बात करते हुए मैक्सवेल ने कहा कि हम उस वक्त अंतिम ओवर में हार गए। आईपीएल में आपका कितना भी परफेक्ट सीजन न हो अगर ट्रॉफी न हो तो कुछ नहीं। तब मेरे से वादा किया गया था कि टीम मुझे विश्वास में लेकर बनाई जाएगी। लेकिन फिर इसमें असंगतता आ गई। पंजाब का आगामी सीजन में फॉर्म गिर गया। बता दें कि 2014 के बाद पंजाब का प्रदर्शन गिर गया और वह अंक तालिका में आखिरी स्थानों पर रही। मैक्सवेल ने उस चुनौतीपूर्ण समय को याद करते हुए कहा कि एक युवा खिलाड़ी के रूप में, यह अधिक कठिन था। मुझे खुद पर संदेह हुआ, नकारात्मकता महसूस हुई, जब मैंने उक्त सोशल मीडिया पोस्ट देखी।



2017 में मैक्सवेल दोबारा पंजाब में लौटे। सहवाग तब मेंटर बन चुके थे। मैक्सवेल का बतौर कप्तान स्वागत हुआ। मैक्सवेल ने कहा कि टीम बनते ही स्पष्ट हो गया था कि इसपर सहवाग का प्रभाव है। उन्होंने कोच जे अरुणकुमार के साथ निर्णय लेने की जिम्मेदारी ली, जिससे खिलाड़ियों और कोचों के बीच भ्रम पैदा हो गया। सेटअप में दरारें स्पष्ट थीं। इस पर मैक्सवेल ने एक उदाहरण याद करते हुए लिखा- एक मुकाबले में इशांत शर्मा को आखिरी समय पर प्लेइंग 11 में जगह दे दी गई जोकि निर्णय लेने में अव्यवस्था को उजागर करता है। टीम पर सहवाग की पकड़ बढ़ती गई और निराशाजनक सीज़न के बाद मैक्सवेल और सहवाग के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया।


मैक्सवेल ने स्वेच्छा से मीडिया को संबोधित किया, लेकिन सहवाग ने इसे स्वयं करने का निर्णय लिया। बाद में, मैक्सवेल को यह जानकर आश्चर्य हुआ कि सहवाग ने सार्वजनिक रूप से उनकी आलोचना की थी और उन्हें ÷बड़ी निराशा÷ कहा था। मैक्सवेल ने साझा किया कि यह अप्रिय था, खासकर जब मुझे लगा कि हम अच्छी शर्तों पर अलग हुए हैं। उस घटना के बाद दोनों ने फिर कभी बात नहीं की और मैक्सवेल ने फ्रेंचाइजी मालिकों को सूचित किया कि अगर सहवाग जारी रहेगा तो वह चले जाएंगे। फ्रेंचाइजी के साथ सहवाग का कार्यकाल अगले सीजन में समाप्त हो गया।

# विराट ने गुस्से में आईस बॉक्स पर मारा बल्ला



पुणे । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई सिरीज में पहले दोनो ही टेस्ट मैचों में असफल रहे और रन नहीं बना पाये। विराट कीवी टीम के स्पिनरों विशेषकर मिचेल सैंटनर के सामने टिक नही पाये। वह पहली पारी में फुल टॉस पर क्लीन बोल्ड हो गए। विराट सैंटनर की गेंद खेल नहीं पाये और आउट होने के बाद हताश होकर उन्होंने अपना बल्ला आईस बॉक्स पर दे मारा। विराट के खराब प्रदर्शन के कारण भारतीय टीम सीरीज के दोनो ही मैचों में रन नहीं बना पायी और उसे हार का सामना करना पड़ा। इस दौरे पर ना सिर्फ मेहमान टीम ने 35 साल बाद भारत में आकर पहली टेस्ट जीत हासिल की बल्कि पहली बार भारत को उसी के घर पर टेस्ट सीरीज में हराने में सफलता की। सैंटनर ने दूसरे टेस्ट में कुल 13 विकेट लेकर भारतीय बल्लेबाजी को धवस्त कर दिया। उन्होंने दोनों पारी में विराट को आउट किया। विराट इस सीरीज में एक बार ही अर्धशतक लगा पाये और बाकि मैचों में वह रन नहीं बना पाये। विराट पिछली चार पारी में 0, 70, 1, 17 रन ही बना पाये।

# पेरिस मास्टर्स नहीं खेल रहे जोकोविच



पेरिस । सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच इस बार पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट नहीं खेल रहे हैं। जोकोविच के नहीं खेलने के कारणों की जानकारी नहीं है। वहीं आयोजकों ने भी कहा है कि जोकोविच ने अपना नाम वापस ले लिया है पर उसके पीछे के कारण नहीं बताये हैं। जोकोविच ने पिछले सप्ताह 'सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट में भाग लिया था। सबसे लंबे समय तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहे इस सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा, 'मुझे उन प्रशंसकों के लिए दुख है जो मुझे वहां खेलते हुए देखना चाहते थे। वहां सात खिताब जीतने के दौरान पेरिस में मेरी कई अच्छी यादें हैं और उम्मीद है कि अगले साल में वहां वापसी करुंगा। जोकोविच ने पेरिस इनडोर टूर्नामेंट में रिकॉर्ड सात खिताब जीते हैं। उनके इसमें नहीं खेलने से साल के अंत में होने वाले एटीपी फाइनल्स के लिए उनके क्वालीफाई करने की संभावनाओं भी कम हुई हैं। एटीपी फाइनल्स में शीर्ष आठ खिलाड़ी शामिल होंगे। जोकोविच अभी एटीपी फाइनल्स की दौड़ में छठे स्थान पर बने हुए हैं। वहीं जैनिक सिनर, कार्लोस अलकराज, अलेक्जेंडर ज्वेरेव और डेनियल मेदवेदेव ने 10 से 17 नवंबर तक होने वाली एटीपी फाइनल्स के लिए पहले ही क्वालीफाई कर लिया था।

# लुईस का शतक, वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम वनडे में श्रीलंका को हराया

**पाल्लेकल (श्रीलंका) (एजेंसी)।** एविन लुईस के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने शनिवार को वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। श्रीलंका ने 2-1 से श्रृंखला जीती।

वर्ष 2021 से अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे लुईस ने छक्के के साथ 61 गेंद में अपना पांचवां शतक पूरा किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस सलामी बल्लेबाज ने 51 रन के स्कोर पर टखना मुड़ने के बावजूद खेलना जारी रखा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 156 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद बारिश के कारण पांच घंटे खेल रुका रहा और मैच को 23 ओवर का कर दिया गया।

वेस्टइंडीज को 195 रन का लक्ष्य मिला और टीम ने 22 ओवर में दो विकेट पर 196 रन बनाकर जीत दर्ज की। श्रीलंका को जीवनदान पाने वाले दोनों सलामी बल्लेबाजों पथुम निसांका (56) और अविष्का फर्नांडो (34) ने पहले विकेट के लिए 17 आवेर में 81 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई।




इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। दोबारा खेल शुरू होने पर कुसाल मेंडिस (नाबाद 56) ने शुरुआती चार गेंद पर चौके लगाए।

निसांका ने रन आउट होने से पहले 58 गेंद में अपना 15वां अर्धशतक पूरा किया। मेंडिस ने सिर्फ 19 गेंद में अर्धशतक जड़ा। उन्हें भी दो जीवनदान मिले। उन्होंने 22 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और एक छक्का मारा। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने 36 रन के स्कोर पर ब्रेंडन किंग (16) का विकेट गंवा दिया। लुईस और कप्तान शाई होप (22) ने दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़कर पारी को संवारा। होप के आउट होने के बाद लुईस और शेरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 50, 26 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) ने मोर्चा संभाला और एक ओवर शेष रहते टीम को जीत दिलाई दी। रदरफोर्ड ने सिर्फ 26 गेंद में अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया।

# ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी को तीन सेकेंड के भीतर दिखाया गया लाल कार्ड



साओ पाउलो । ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकेंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया। क्रूजेइरो के राफा सिल्वा ने एथलेटिको पेरेनाएंसे के केइके रोचा को मैच शुरू होते ही कोहनी मारी जिससे टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। रैफरी रोड्रिगो जोस परेरा डि लिमा ने क्रूजेइरो के 32 साल के खिलाड़ी सिल्वा को लाल कार्ड दिखाया जो फुटबॉल के इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है। क्रूजेइरो को इस मैच में 0–3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# हरभजन बोले, धोनी उपलब्ध रहे तो जरुर रिटेन करेगी सीएसके

मुम्बई । 2025 आईपीएल सत्र को लेकर सभी टीम अभी से अपनी योजनाएं बनाने लगी हैं। इसमें शामिल सभी फँचाइजियों के एक तय समय के अंदर उन खिलाड़ियों की सूची सौंपनी है जिन्हें वह रिटेन करेंगी। इसके अलावा किन खिलाड़ियों को मेगा नीलामी के लिए रिलीज किया जाएगा ये भी तय करना होगा। वहीं एक ओर जहां दिग्गज खिलाड़ी महेन्द्र सिंह धोनी के खेलने को लेकर संशय जाहिर किया जा रहा है। वहीं पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम इस बार भी धोनी को अपने पास बनाये रखेगी। हरभजन ने धोनी के आईपीएल भविष्य पर अनिश्चितता व्यक्त की पर कहा कि अगर वह उपलब्ध रहते हैं तो वह सीएसके की पहली पसंद होंगे। हरभजन ने मेगा नीलामी 2025 से पहले धोनी के अलावा सीएसके टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, रचिन रवींद्र और तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को भी रिटेन किये जाने की उम्मीद जतायी है। गौरतलब है कि नये नियमों के तहत आईपीएल फँचाइजी अपनी टीम के कुल 6 खिलाड़ियों को बरकरार रख सकती हैं। छह रिटेंशन/आरटीएम में अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ी (भारतीय और विदेशी) और अधिकतम 2 अनकैप्ड खिलाड़ी हो सकते हैं। वहीं हरभजन ने कहा कि मुझे धोनी के खेलने का भरोसा नहीं है पर अगर वह उपलब्ध हैं, तो वह निश्चित रूप से टीम की पहली पसंद होंगे, भले ही उन्हें इस सत्र में अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाए पर इसके बाद, अगली पसंद रवींद्र जड़ेजा और फिर रचिन रवींद्र होंगे। जहां तक कप्तान रुतुराज गायकवाड़ भी बरकरार रखे जाएंगे।

# फिटनेस को बेहतर बनाने ताइक्कांडो और कराटे का अभ्यास कर रही दीक्षा

गुरुग्राम । महिला गोल्फर दीक्षा डागर आजकल अपनी फिटनेस को बेहतरत बनाने में लगी हैं। इसी के तहत ही वह आजकल ताइक्कांडो और कराटे का अभ्यास कर रही है। दीक्षा कुछ समय पहले एक सड़के हादसे में घायल हो गयीं थी। उसके बाद से ही वह फिटनेस की समस्या से जूझ रही हैं। इससे उनके प्रदर्शन पर भी प्रभाव पड़ा है। दीक्षा ने कहा, ''मैं अपनी फिटनेस के साथ ताकत हासिल करने पर काम कर रही हूं। मैं इसके लिए कराटे सीख रही हूं और नियमित तौर पर जिम जा रही हूं।'' अपने पेशेवर करियर में तीन खिताब जीतने वाली दीक्षा ने कहा, '' मैंने एक सुबह पार्क में जॉगिंग करते समय कुछ बच्चों को कराटे करते हुए देखा और फिर मैंने भी इसे सीखना शुरू कर दिया। इस युवा खिलाडी ने कहा कि पेरिस में हुई सड़क दुर्घटना का उनके खेल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। दुर्घटना में हालांकि उन्हें ज्यादा चोट नहीं लगी थी।'' हीरो वुमेंस इंडियन ओपन में खेल रही दीक्षा ने कहा, '' इस कोर्स पर अच्छा करने का मंत्र है कि आप अपने हर शॉर्ट का आनंद उठाओ। मैं अपने खेल में सुधार करने पर काम कर रही हूं और अपनी लय से खुश हूं। मैं इस बार अपने से कोई उम्मीद रखे बिना बस अपने खेल का आनंद उठाना चाहती हूं।'' पिछले सत्र में तीसरे स्थान पर रही दीक्षा ने कहा, '' मैं पिछले साल के प्रदर्शन से सकारात्मक सीख ले रही हूं। यहां मैदान पर गेंद की गति काफी ज्यादा है, मैं ताइवान में खेल कर आयी हूं, यहां गति बहुत कम थी। ऐसे में यहां तालमेल बिठाने के लिए थोड़ा परिश्रम करना होगा। यह मानसिक पहलू के बारे में ज्यादा है।'' गौरतलब है कि हीरो वुमेंस इंडियन ओपन में दुनिया भर से 114 महिला गोल्फ खिलाड़ी भाग ले रही है।



# शमी की अनुपस्थिति बड़ा झटका, लेकिन भारत के रिजर्व तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगे: मैकडोनाल्ड



**सिडनी (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की बहुत कमी खलेगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी। शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार मैकडोनाल्ड ने कहा, ''मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खलेगी।'' भारत ने दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। तेज गेंदबाजी विभाग की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे।''

मैकडोनाल्ड ने कहा, ''लेकिन हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, इसलिए उनके खिलाड़ियों को बिल्कुल भी कम करके नहीं आंका जा सकता है।'' ऑस्ट्रेलिया घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज सैम कोन्स्टास को अपनी टीम में चुन सकता है। वह उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करने के लिए दौड़ में शामिल हैं। मैकडोनाल्ड ने कहा, ''हम अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन करेंगे और अगरइसमें कोई युवा खिलाड़ी शामिल होता है, तो हम उस दिशा में आगे बढ़ेंगे। यदि चयनकर्ताओं को लगता है कि वह सबसे अच्छा विकल्प है तो हम उसे मौका देंगे।

# सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा सरकार के प्रमुख से मिलना डील होना नहीं

## –वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं, अगर पत्रों पर निर्भर रहेंगे तो काम नहीं होगा



**पुणे (एजेंसी)।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि सरकार के प्रमुख जब हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस से मिलते हैं तो इन मुलाकातों में राजनीतिक परिपक्वता होती है। मुंबई के एक कार्यक्रम सीजेआई ने कहा कि हम राज्य या केंद्र सरकार के मुखिया से मिलते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि कोई डील हो गई।

चीफ जस्टिस ने ये भी कहा कि हमें राज्य के सीएम के साथ बातचीत करनी होती है, क्योंकि वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं। यदि मुलाकात न करके केवल लेटर्स पर निर्भर रहें तो काम नहीं होगा। ये मीटिंग पॉलिटिकल मैच्योरिटी का एक साइन है। मेरे करियर में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी सीएम ने कभी भी मुलाकात के दौरान किसी लंबित केस के बारे में कुछ कहा हो। सीजेआई ने कहा कि कोर्ट और सरकार के बीच का एडमिनिस्ट्रेटिव रिलेशन, ज्यूडिशियरी के काम से अलग है। सीएम या चीफ जस्टिस त्योहारों या शोक में एक-दूसरे से मिलते हैं। यह हमारे काम पर कोई असर नहीं डालता।

### जजों को सोचने का समय नहीं

अदालतों में छुट्टियों को लेकर उठने वाले सवालों पर सीजेआई ने कहा- लोगों को यह समझना चाहिए कि जजों पर काम का बहुत बोझ है। उन्हें सोचने-विचारने का भी समय चाहिए होता है, क्योंकि उनके फैसले समाज का भविष्य तय करते हैं। मैं खुद रात 3:30 बजे उठता हूं और सुबह 6:00 बजे से अपना काम शुरू कर देता हूं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट एक साल में 181 केस निपटाता है। जबकि भारतीय सुप्रीम कोर्ट में इतने केस तो एक ही दिन में निपटाए जाते हैं। हमारा सुप्रीम कोर्ट हर साल 50,000 केस निपटाता है।

### कोलेजियम की जिम्मेदारी राज्य-केंद्र और ज्यूडिशियरी में बंटी

सीजेआई ने कहा कि कॉलेजियम सिस्टम एक यूनियन सिस्टम है, जहां जिम्मेदारियां अलग-अलग लेवल पर केंद्र सरकार, राज्य सरकार और ज्यूडिशियरी में बंटी है। इसमें आम सहमति बनती है, लेकिन कभी-कभी ऐसा भी होता है जब सहमति नहीं बन पाती। ऐसे में ज्यूडिशियरी के अलग अलग लेवल पर और सरकारों के अलग-अलग लेवल पर मैच्योरिटी के साथ निपटाया जाता है। मैं चाहता हूं कि हम एक आम सहमति बनाने में सक्षम हों। हर संस्थान में सुधार किया जा सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इसमें बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है। सीजेआई ने कहा कि जिस संस्था को हमने ही बनाया है, उसकी आलोचना करना बहुत आसान है। हर संस्था में बेहतरी का स्कोप होता है, लेकिन हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है। ये संस्थाएं 75 साल से चल रही हैं। हमें डेमोक्रेटिक गवर्नेंस के हमारे सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए, ज्यूडिशियरी भी इसी का एक भाग है।

### पूरी दुनिया की न्यायपालिका में बदलाव आया

सीजेआई ने कहा कि सोशल मीडिया के कारण फैसला सुनाने में पूरी दुनिया की न्यायपालिकाओं में बदलाव आया है। हालांकि, जजों को अपनी बातों को लेकर बहुत सावधान रहने की जरूरत होती है। जजों को सही भाषा का इस्तेमाल करना होता है। सोशल मीडिया हमारी सोसाइटी के लिए अच्छा है, क्योंकि यह यूजर्स को सोसाइटी के एक बड़े वर्ग तक पहुंचने में सक्षम बनाता है।

## त्रिपुरा में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे 12 बांग्लादेशी गिरफ्तार, एक बच्चा भी शामिल

अगरतला। बांग्लादेश में अराजकता और हिंसा के कारण अवैध घुसपैठ जारी है। अधिकारियों के मुताबिक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने त्रिपुरा में अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहे 12 बांग्लादेशी नागरिकों और एक बच्चे को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि अगरतला रेलवे स्टेशन के पास एक मोबाइल चेक पोस्ट बनाया गया था, जहां नौ बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिकों ने पूछताछ में बताया कि वह भारत में स्थायी रूप से बसने के लिए कोलकाता जाने की योजना बना रहे थे। एक अन्य अभियान में, दक्षिण त्रिपुरा में बेलोनिया के बीएसएफ जवानों ने मुहुरी नदी किनारे चार महिलाओं और दो बच्चों को हिरासत में लिया है। इनमें से तीन महिलाएं और एक बच्चा बांग्लादेशी हैं, जबकि एक महिला और एक बच्चा भारतीय हैं। यह भी बताया गया कि हिरासत में लिए गए लोग एक-दूसरे को जानते थे। पिछले साढ़े तीन महीनों में, सरकारी रेलवे पुलिस, बीएसएफ और त्रिपुरा पुलिस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद अगरतला रेलवे स्टेशन और त्रिपुरा के कई स्थानों से करीब 435 बांग्लादेशी नागरिकों और 55 से ज्यादाय रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया गया है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि अवैध घुसपैठ और सीमा पार अपराधों को रोकने के लिए भारत-बांग्लादेश सीमा और राज्य में अभियान तेज कर दिया है। बीएसएफ ने 24 अक्टूबर को बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश कराने के आरोप में दो भारतीय दलालों को भी गिरफ्तार किया था। बांग्लादेश में अशांति के बाद से, त्रिपुरा के साथ 856 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रोहिंग्या भी बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में अपने शिविरों से भागकर अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर गए हैं, जहां 2017 से म्यांमार से आए 10 लाख से ज्यादा विस्थापित रोहिंग्या रह रहे हैं। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्याओं ने बताया है कि वे नौकरी और आश्रय की तलाश में अवैध रूप से भारत में घुसे हैं।

## मध्य प्रदेश में नाबालिग से छेड़खानी के आरोप में युवक गिरफ्तार

मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में 14 वर्षीय छात्रा से छेड़खानी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।अमलाई पुलिस थाने के प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा ने आरोप लगाया कि लगातार छेड़खानी से परेशान होकर उसने स्कूल जाना बंद कर दिया। शर्मा के अनुसार, छात्रा ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 22 वर्षीय आरोपी ने कथित तौर पर लड़की को परेशान किया और उसका हाथ पकड़ने की भी कोशिश की। शर्मा के मुताबिक, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा-74 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर आपराधिक बल प्रयोग या हमला करना), 78 (पीछा करना) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत शनिवार को मामला दर्ज किया।

## जी सिनेमा पर हंसी और मस्ती का धमाका लेकर आ रही है खिचड़ी 2

**मुंबई** : हंसी और मस्ती से भरपूर एक शाम के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि इस त्यौहार के मौके पर जी सिनेमा पर खिचड़ी 2 का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होने जा रहा है। रविवार, 3 नवंबर को रात 8 बजे, पारेख परिवार वापस लौट रहा है। ये फिल्म आपको खूब हंसाएगी और अंत तक आपके चेहरे पर मुस्कान छोड़ जाएगी। खिचड़ी 2 की खास बात यह है कि इसमें हंसी के साथ-साथ एक अनोखा मिशन भी है झ्र देश की सुरक्षा का। दर्शक एक बार फिर प्रफुल्ल और हंसा की मजेदार नोकझोंक, जयश्री की मस्त चालबाजियां, हिमांशु की गुदगुदाने वाली हरकतें, और बाबूजी के तंज भरे मजाक का लुत्फ उठाएंगे झ्र यानी वो सब, जिन्होंने खिचड़ी को सालों से दर्शकों का पसंदीदा शो बनाए रखा है। जमनादास मजेठिया, खिचड़ी 2 परिवारों के प्यार, एकता और हंसी का जश्न है। ये फिल्म परिवारों के लिए है और परिवारों के बारे में है। हम सब जानते हैं कि खिचड़ी को कितना प्यार मिला है, और ये फिल्म उसी कहानी का नया और मजेदार हिस्सा लेकर आई है। हमने सिर्फ हंसाने का प्रयास नहीं किया है, बल्कि कुछ नया और चौंकाने वाला भी डाला है। इस बार परिवार एक अनोखे मिशन पर है, जिसमें देश की रक्षा भी शामिल है।

## फिजी गणराज्य ने गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर को सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से किया सम्मानित



**बेंगलुरु** : दक्षिण प्रशांत के देश फिजी ने वैश्विक आध्यात्मिक गुरु और मानवतावादी गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर को मानवीय आत्मा के उत्थान और विभिन्न समुदायों को शांति और सद्भाव के द्वारा एकजुट करने के उनके योगदान के लिए अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया है। फिजी गणराज्य के माननीय राष्ट्रपति महामहिम रातू विलियामे एम. कटोनिवेर ने गुरुदेव को 'ऑनरेरी ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' की उपाधि से सम्मानित किया। फिजी, ऐसा छठा देश है जिसने आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से गुरुदेव के मानवीय कार्यों को मान्यता दी है, जो पिछले 43 वर्षों से मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, महिला और युवा सशक्तिकरण, तनाव राहत, और ध्यान कार्यक्रमों में सक्रिय हैं। गुरुदेव की यात्रा के दौरान, उन्होंने फिजी के उप प्रधान मंत्री, विलियम गावोका और संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट समन्वयक श्री डर्क वैगनर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बातचीत की।

## शाह करेंगे बंगाल में सदस्यता अभियान की शुरुआत

### –भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने जानकारी देते हुए बांद्रा हादसे पर भी कह दी बड़ी बात...



कोलकाता। बीजेपी नेता राहुल सिन्हा ने रविवार को कई मुद्दों पर अपनी राय व्यक्त की, जिसमें मुंबई के बांद्रा टर्मिनल पर हुई भगदड़ की घटना और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पश्चिम बंगाल दौरे भी शामिल है। सिन्हा ने कहा कि देशभर में बीजेपी का सदस्यता अभियान जारी है। हालांकि, पश्चिम बंगाल में आरजी कर की घटना सहित कुछ अन्य कारणों से यहां सदस्यता अभियान की प्रक्रिया थोड़ी देर से शुरू हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जल्द ही बंगाल दौरे पर आएंगे, जहां वह सदस्यता अभियान की शुरुआत करेंगे। इसके बाद, बंगाल में तेजी से इस अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा नए सदस्य बनाए जा सकें। मुंबई में हाल ही में हुई भगदड़ के बारे में उन्होंने कहा कि यह एक दुखद घटना है। प्लेटफॉर्म पर भारी भीड़ थी, जिसके कारण यह समस्या पैदा हुई। हालांकि, मुझे विश्वास है कि जिन परिवारों को नुकसान हुआ है या जो घायल हुए हैं, उनके लिए सरकार और रेलवे की ओर से व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं घायलों के परिजनों के साथ खड़ा हूं। सिन्हा ने आगे कहा कि बीजेपी के खौफ के चलते टीएमसी में डर है। जब उन्हें पता चला कि पवन सिंह आसनसोल आने वाले हैं, तो उनमें खलबली मच गई, जिसके कारण उन्होंने भोजपुरी गीतों का कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। इस तरह, राहुल सिन्हा ने बीजेपी की सदस्यता अभियान की योजनाओं के साथ-साथ राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर अपनी स्पष्ट राय रखी, जो पार्टी के लिए अहम है।

## किसानों को फ्री बिजली देने की बात कहकर मीटर लगा रही सरकार: राकेश टिकैत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने रविवार को यहां एक महापंचायत में कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक वर्ष तक किसानों को फ्री बिजली देने की बात कही थी लेकिन अधिकारियों ने किसानों के खेतों पर मीटर लगाना शुरू कर दिया है।

उन्होंने पूछा कि अगर मीटर लग जाएंगे तो फ्री बिजली कैसे आएगी टिकैत ने यहां मुंडेरा में आयोजित किसान महापंचायत के बाद संवाददाताओं से कहा, 'अगर मीटर लगाना है तो 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले इस मुद्दे को अपने घोषणा पत्र में शामिल करना होगा नहीं तो किसान के खेत में मीटर नहीं लगेगा।' उन्होंने धान की कीमतों को लेकर आरोप लगाया कि पूर्वांचल में जौनपुर, मिर्जापुर और बलिया में 1200 रुपये प्रति क्विंटल के भाव में धान किसानों से लिया जा रहा है। टिकैत ने कहा कि यही हाल मक्का का है। भाकियू नेता ने कहा कि अकेले बिहार में एक लाख करोड़ रुपये का नुकसान फसलों को कम कीमत पर बेचने से किसानों को होता है और यह हाल सभी राज्यों का है। टिकैत ने आरोप लगाया, 'सरकार चाहती है कि लोग बंधुआ मजदूर बनकर रहें। यह एक बड़ी साजिश रची जा रही है। यह सरकार देश को श्रमिकों का देश बनाना चाहती है क्योंकि उद्योगों में श्रमिकों की भारी कमी है।'

उन्होंने कहा, 'अग्निवीर आने वाले दिनों में गार्ड का काम करेंगे क्योंकि अकेले अदाणी समूह को 25,000 गार्डों की जरूरत है। यह भर्ती (अग्निवीरों की) अडानी के लिए हो रही है। यह देश कृषि प्रधान देश से श्रमिक प्रधान देश बनेगा।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में हुए 25 से ज्यादा ट्रेन हादसे, कई की गई जान

### –बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर भगदड़ पर शिवसेना सांसद ने जताई चिंता, उठाए सवाल



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर रविवार तड़के हुई एक भगदड़ ने यात्री सुरक्षा और रेलवे प्रबंधन की खामियों को उजागर कर दिया है। हादसे के समय प्लेटफार्म पर यात्रियों की बहुत ज्यादा भीड़ थी, जिसके कारण कई लोग घायल हो गए हैं। इस घटना पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के राज्यसभा सांसद एवं प्रवक्ता संजय राउत ने गंभीर चिंता व्यक्त की है।

राउत ने कहा कि जब से पीएम मोदी की सरकार सत्ता में आई है, तब से देश में 25 से ज्यादा बड़े रेल हादसे हुए हैं। इनमें सैकड़ों लोग अपनी जान जा चुकी है। यह सवाल उठता है कि क्या यह स्थिति अब भी सहन की जाएगी? उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई जैसे शहर में जहां सबसे ज्यादा यात्री यात्रा करते हैं, वहां की रेलवे स्थिति पर गंभीर सवाल हैं। राउत ने आगे कहा कि सरकार बुलेट ट्रेन, मेट्रो और हाईस्पीड ट्रेन के बारे में बात करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। बांद्रा हादसे में घायल हुए यात्रियों का जिम्मेदार कौन है? उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई से सबसे ज्यादा राजस्व मिलने के बावजूद शहर के विकास और नागरिकों की सुरक्षा की अनदेखी की जा रही है।

घटना के बारे में जानकारी देते हुए, रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बांद्रा टर्मिनस के प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों की अधिक भीड़ के कारण यह हादसा हुआ। इस भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिसकर्मी असमर्थ नजर आए। इसके परिणामस्वरूप, साप्ताहिक चलने वाली बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन को रीशेड्यूल करना पड़ा।

इस घटना ने मुंबई की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की सुरक्षा और प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। संजय राउत की प्रतिक्रियाओं ने न केवल रेलवे प्रशासन बल्कि स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारियों की ओर भी ध्यान आकर्षित करती है। यह हादसा एक बार फिर से यह पुष्टि करता है कि समय रहते सुधार और व्यवस्थापन की जरूरत है, ताकि भविष्य में यात्रियों की सुरक्षा तय की जा सके।

# जब बिहार में शराबबंदी लागू है तो राजद ने कंपनियों से क्यों लिया करोड़ों का चंदा?

## –जदयू के नीरज कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर बोला जोरदार हमला



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है बिहार में जब शराबबंदी लागू है तो फिर उन्होंने शराब बनाने वाली कंपनियों से चंदा क्यों लिया? नीरज ने यह बात एक संवाददाता सम्मेलन में कही। जदयू प्रवक्ताओं ने कहा कि बिहार को बदनाम करने के लिए तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव के ठीक पहले शराब बनाने वाली कंपनियों से इलेक्ट्रॉल बांड के रूप में 46.64 करोड़ रुपए लिए थे। शराबबंदी के विषय में उनका अनर्गल प्रलाप महज संयोग नहीं बल्कि एक राजनीतिक प्रयोग है।

नीरज ने कहा कि जहरीली शराब से होने वाली मौत पर राजनीतिक टिप्पणी करने से पहले तेजस्वी को एनसीआरबी का डाटा देख लेना चाहिए। राबड़ी देवी के शासनकाल (1999-2005) में जहरीली शराब से होने वाली मौत के आंकड़े मुताबिक पूरे देश में बिहार छठे स्थान पर था। वहीं, नीतीश कुमार के शासनकाल में जब शराबबंदी लागू नहीं थी तब बिहार आठवें स्थान पर था। शराबबंदी लागू होने के बाद बिहार 13वें स्थान पर आ गया। राबड़ी देवी के शासन काल में जहरीली शराब से 456 लोगों की मौत हुई थी। उन्होंने सवाल किया क्या इसकी जिम्मेदारी लालू प्रसाद लेंगे? यह राजद को स्पष्ट करना चाहिए।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बयान जारी कर कहा कि राजो बाबू के निधन से समाजवादी आंदोलन और बिहार को अपूर्णीय क्षति हुई है। वे कर्मठ व अपने कार्यों के प्रति ईमानदार थे। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि उनके सम्मान में राजद के राज्य कार्यालय में पार्टी का झंडा आधा झुका दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू आदि ने शोक प्रकट किया है। राजो बाबू मधेपुरा से कांग्रेस व राजद के टिकट पर विधायक रहे थे। वार्ड कमिश्नर से शुरू हुई उनकी राजनीतिक-यात्रा नगरपालिका के अध्यक्ष, विधायक होते हुए उद्योग राज्य मंत्री तक पहुंची। बता दें शुक्रवार रात राजो बाबू में अंतिम सांस ली थी।

# केंद्र का दीपावाली तोहफा, 80 साल से ज्यादा उम्र वालों को मिलेगी अतिरिक्त पेंशन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र ने सरकारी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली पेंशन में एक नई सुविधा जोड़ दी है। सरकार ने 80 साल से ज्यादा उम्र के पेंशनर्स को अनुकंपा भत्ता देने का फैसला लिया है। यह जानकारी लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा दी गई है।

मंत्रालय के मुताबिक 80 साल से ज्यादा उम्र के पेंशनर्स को अब अतिरिक्त पेंशन का लाभ मिलेगा। इसके लिए सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिससे पेंशन का वितरण आसान और तेजी से किया जा सकेगा। सीसीएस (पेंशन) नियम 2021 के नियम 44 के तहत पेंशनर्स को मूल पेंशन के साथ अतिरिक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता मिलेगा। जिसमें 80 से 85 साल के लिए मूल पेंशन का 20फीसदी, 85 से 90 के लिए मूल पेंशन का 30 फीसदी, 90 से 95 साल के लिए मूल पेंशन का 40 फीसदी, 95 से 100 साल के लिए मूल पेंशन का 50 फीसदी और 100 साल से ज्यादा उम्र के लिए मूल पेंशन का 100 फीसदी शामिल है। जैसा कि यदि किसी पेंशनर की आयु 81 साल है और उसे 5,000 रुपए की पेंशन मिल रही है, तो उसे अतिरिक्त पेंशन के रूप में 1,000 रुपए और मिलेंगे। इसी तरह 85 से 90 साल के पेंशनर को 1500 रुपए अनुकंपा भत्ता मिलेगा।

मंत्रालय के मुताबिक जब पेंशनर की आयु सीमा 80 साल तक पहुंचेगी, तो उस महीने के पहले दिन से अतिरिक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता लागू हो जाएगा। यह निर्णय पेंशनर्स के जीवन-यापन को आसान बनाने के लिए लिया गया है, ताकि उन्हें कोई आर्थिक समस्या न हो। सभी पेंशनर्स को समय पर अतिरिक्त पेंशन का लाभ मिले। इसके लिए मंत्रालय ने संबंधित विभागों और बैंकों को सूचना भेजने का निर्देश दिया है।

# कहीं खुशी तो कहीं गम देकर गया चक्रवात दाना, खुशी से झूमी दिल्ली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चक्रवात दाना का असर खत्म हो गया है। जाते जाते कहीं खुशी तो कहीं गम देकर गया है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल में तेज हवाओं के कारण जहां बिजली के पोल उखड़ गए तो कुछ घरों को भी नुकसान हुआ है। जबकि केरल के लिए मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसी बीच दिल्ली से राहत भरी खबर आ रही है। माना जा रहा है कि चक्रवात दाना के कारण दिल्ली को जहरीली हवा से काफी हद तक मुक्ति मिली है। और दिल्ली खुशी से झूम उठी है।

दिल्ली में वायु गुणवत्ता में पिछले दो दिनों में सुधार देखने को मिला है। शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 255 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' से 'खराब' श्रेणी में है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में एक्यूआई अभी भी 'बहुत खराब' है। इसके साथ ही, तेज हवाओं के चलते दिल्ली की हवा की गुणवत्ता भी बेहतर हुई है। यह बदलाव न केवल मौसम में सुधार लाने में सहायक रहा है, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में वायु प्रदूषण के प्रमुख प्रदूषक पीएम10 और ओ3 हैं। परिवहन क्षेत्र इस प्रदूषण में सबसे बड़ा योगदान दे रहा है, जिससे वायु गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। परिवहन से होने वाले उत्सर्जन का योगदान शनिवार को 14.8 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली में पीएम 2.5 का स्तर 110.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर दर्ज किया गया है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इस प्रकार, चक्रवात 'दाना' के प्रभाव से राहत मिलने के बावजूद, मौसम और वायु गुणवत्ता की स्थिति पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

### 24 घंटे में 152.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज

चक्रवात 'दाना' के प्रभाव से बारिश रुकने के बाद कई इलाकों से पानी कम होने से लोगों को राहत मिली है। शनिवार सुबह साढ़े छह बजे तक कोलकाता में 24 घंटे में 152.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।चक्रवात ने ओडिशा के केंद्रपाड़ा और भद्रक जिले में करीब 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ दस्तक दी। इससे पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, जिससे बुनियादी ढांचे और फसलों को गंभीर नुकसान हुआ।पश्चिम बंगाल में चक्रवात से संबंधित घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई है। कोलकाता में स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन कुछ जिलों में जलभराव बना हुआ है, जिससे फसलें भी प्रभावित हुई हैं। आईएमडी ने पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर और झारग्राम जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है।मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद है। अगले सप्ताह में किसी बड़ी मौसमी गतिविधि की संभावना नहीं है, जिससे स्थिति स्थिर रहने की संभावना है। हवा की



दिशा में बदलाव और गति में वृद्धि भी इस सुधार में योगदान कर सकती है, जिससे प्रदूषण स्तर में कमी आने की संभावना है। इस दौरान, लोग अपेक्षाकृत बेहतर वायु गुणवत्ता का अनुभव कर सकते हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 **A** कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**